पटना, गुरुवार
28:12:2023
web: www.rashtriyakhabar.com

देश/विदेश 11 | इजरायली विमानों का सौ से अधिक ठिकानों .. .. ..
झारखंड 9 | खिलाड़ियों को प्रोत्साहित...
अभिव्यक्ति 6 | भारत की वास्तविक आर्थिक स्थिति .. ..
58 वर्ष के हुये सलमान .. 10

अखबार जो बदल दे नजरिया
राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 352 epaper.rashtriyakhabar.com पौष, कृष्णपक्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत 2080

विदुर नीति

अभ्यावहति कल्याणं विविधं वाक् सुभाषिता।
सैव दुर्भाषिता राजन्नर्थायोपपद्यते॥
भावार्थ : मधुरतापूर्वक/ सही ढंग से कही गयी बात अनेक प्रकार से कल्याण करती है, किंतु हे राजन्! यदि वही बात कठोर शब्दों में/ गलत ढंग से कही जाये तो महान अनर्थ करती है।

रांची पारा अपडेट

मैक्सिमम	मिनीमम
25.00 °c	12.00 °c

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .11 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 06 .28 बजे

सेंसेक्स ने बनाया नया रिकॉर्ड, 72 हजार के पार

मुंबई: अमेरिका में महंगाई पर लगाम लगने से फेड रिजर्व के अगले साल से ब्याज दरों में कटौती की बढ़ी उम्मीद से विश्व बाजार में आई तेजी की बदौलत स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, ऑटो, धातु और बैंकिंग समेत पंद्रह समूहों में हुई लिवाली से आज सेंसेक्स ने फिर नया रिकॉर्ड बनाया और पहली बार 71 हजार अंक के पार पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 701.63 अंक अर्थात 0.98 प्रतिशत की छलांग लगाकर 72 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर कि पार 72,038.43 अंक हो गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 213.40 अंक यानी एक प्रतिशत की तेजी के साथ 21,654.75 अंक पर रहा।

मुस्लिम लीग पर पांच साल के लिए प्रतिबंध

श्रीनगर: केंद्र सरकार ने जेल में बंद अलगाववादी नेता मसर्रत आलम की अध्यक्षता वाले कश्मीरी अलगाववादी समूह मुस्लिम लीग पर बुधवार को पांच साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रतिबंध लगाने की घोषणा ओज एक्स पर एक पोस्ट में की। उन्होंने कहा,मुस्लिम लीग जम्मू-कश्मीर (मसरत आलम गुट) एमएलजेके-एमए को यूएपीए के तहत एक 'गैरकानूनी संगठन' घोषित किया गया है। यह संगठन और इसके सदस्य जम्मू-कश्मीर में राष्ट्र-विरोधी और अलगाववादी गतिविधियों में शामिल हैं। साथ ही ये आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करते हैं और लोगों को जम्मू-कश्मीर में इस्लामी शासन स्थापित करने के लिए उकसाते हैं। श्री शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार का संदेश स्पष्ट और साफ है कि हमारे राष्ट्र की एकता, संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ काम करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा तथा उसे कानून के पूर्ण प्रकोप का सामना करना पड़ेगा। मुस्लिम लीग का नेतृत्व हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मसर्रत आलम कर रहे हैं जो 2019 से दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं।

लाल सागर में संकट से 185 जहाज प्रभावितः अमेरिका

वाशिंगटन : हाउती विद्रोहियों के हमलों के कारण लाल सागर में संकट उत्पन्न होने से 185 कंटेनर जहाजों प्रभावित हुए है, जिससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो गई है। विश्लेषणात्मक नेटवर्क प्रोजेक्ट 44 ने बुधवार को यह जानकारी दी। वॉचडॉग ने मंगलवार को आधिकारिक बयान में कहा, नेटवर्क प्रोजेक्ट 44 का 26 दिसंबर तक अनुमान है कि कुल 157 जहाज अफ्रीका के आसपास फिर से अपना मार्ग बदल रहे हैं। प्रोजेक्ट 44 के एआई-संचालित ईटीए ने पहचान की है कि मार्ग बदलने वाले अधिकांश जहाजों को पारगमन समय सात से 20 दिन तक बढ़ेगा। कुछ जहाज जो मार्ग बदल रहे हैं, उन्होंने दूरी को कम करने के लिए जहाजों की रफ्तार बढ़ा दी है, जिसके लिए उन्हें अधिक ईंधन का इस्तेमाल करना होगा जिससे कीमतें बढ़ सकती हैं।

ऑकलैंड में भारतीय महावाणिज्य दूतावास खोलने को मंजूरी

नयी दिल्ली: केंद्रीय मंत्रिमंडल ने न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में भारत का महावाणिज्य दूतावास खोलने के प्रस्ताव को आज मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। ऑकलैंड में भारत का महावाणिज्य दूतावास खुलने से भारत के राजनयिक प्रभाव को बढ़ाने में मदद मिलेगी और भारत की बढ़ती वैश्विक भागीदारी को देखते हुए भारत का राजनयिक प्रतिनिधित्व मजबूत होगा। इससे भारत के रणनीतिक और वाणिज्यिक हितों को बढ़ावा देने और ऑकलैंड में भारतीय समुदाय के कल्याण को बेहतर ढंग से पूरा करने में भी मदद मिलेगी। ऑकलैंड में महावाणिज्य दूतावास 12 महीने की समय सीमा के भीतर खोले जाने और पूरी तरह से चालू होने की संभावना है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

प्रेस-वार्ता कांग्रेस के नेता केसी वेणुगोपाल तथा जय राम रमेश ने बुधवार को कहा

राहुल गांधी मणिपुर से मुंबई की यात्रा करेंगे

›› इस बार होगी भारत न्याय यात्रा
›› 14 जनवरी से प्रारंभ होगी यह यात्रा
›› पार्टी अध्यक्ष झंडी दिखाकर रवाना करेंगे

राष्ट्रीय खबर

नयी दिल्ली : कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण 14 जनवरी को मणिपुर से शुरु करेंगे। इस बार की यात्रा का नाम भारत न्याय यात्रा रखा गया है। दरअसल इस नाम के जरिए भी राहुल गांधी शायद भारत और न्याय दोनों शब्दों को राष्ट्रीय चर्चा में शामिल करना चाहते हैं। दरअसल इन दोनों विषयों पर मुख्य धारा की मीडिया ने लगातार चुप्पी साध रखी है।

कांग्रेस महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल तथा पार्टी संचार विभाग के प्रभारी जय राम रमेश ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए बताया कि श्री गांधी की पूर्व से पश्चिम की तरफ होने वाली इस यात्रा का नाम भारत न्याय यात्रा होगा और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे मणिपुर की राजधानी इम्फाल से हरी झंडी दिखाकर इस यात्रा को रवाना करेंगे। उन्होंने बताया कि श्री गांधी ने पिछले साल सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर तक करीब 4,500 किलोमीटर की यात्रा शुरू की थी और अब इम्फाल से दूसरे चरण की यात्रा शुरु करेंगे, जो करीब 6,200 किलोमीटर की दूरी तय करेगा। यात्रा के दौरान श्री गांधी 14 राज्यों के 85 जिलों से होते हुए, यात्रा का समापन 20 मार्च को मुंबई में करेंगे। कांग्रेस नेताओं ने बताया की भारत जोड़ो यात्रा की दूसरी चरण की श्री गांधी की यह न्याय यात्रा देशवासियों को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय दिलाने के लिए होगी। श्री वेणुगोपाल ने कहा कि 21 दिसंबर को पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में सर्वसम्मत से प्रस्ताव आया कि श्री गांधी को भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण पूर्व से पश्चिम तक करना चाहिए। बैठक में तय किया गया कि श्री गांधी की यात्रा का दूसरा चरण इम्फाल से शुरु होकर मुंबई तक चलेगा।

श्री वेणुगोपाल ने ›› पेज 2 भी देखें

यात्रा से जुड़े तमाम मुद्दों को लेकर विचार विमर्श चल रहा है

पहली यात्रा के दौरान श्री गांधी ने जहां आर्थिक विषमताओं, ध्रुवीकरण और तानाशाही के मुद्दे उठाए वहीं अब न्याय यात्रा में देश के लोगों के लिए सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय पर ध्यान केंद्रित करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश देने के साथ ही श्री गांधी देश के लोगों के लिए न्याय मांगेंगे। इंडिया गठबंधन के नेताओं के यात्रा में शामिल होने संबंधी सवाल पर श्री वेणुगोपाल ने स्पष्ट जवाब नही दिया लेकिन कहा कि यात्रा से जुड़े तमाम मुद्दों को लेकर विचार विमर्श चल रहा है। उनका यह भी कहना था कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने यात्रा में भाग लिया था।

बाजार हिस्सेदारी के मामले में देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी

इंडिगो ने मुंबई और अयोध्या के बीच सीधी उड़ान की घोषणा की

›› इंडिगो की उड़ान 6ई-5378 सुबह 12.30 बजे मुंबई से प्रस्थान करेगी

राष्ट्रीय खबर

अयोध्या: बाजार हिस्सेदारी के मामले में देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो ने मंगलवार को 15 जनवरी, 2024 से मुंबई और अयोध्या के बीच सीधी उड़ान की घोषणा की है। इंडिगो की उड़ान 6ई-5378 सुबह 12.30 बजे मुंबई से प्रस्थान करेगी और 2.45 बजे अयोध्या में उतरेगी, जबकि वापसी उड़ान 6ई-5379 दोपहर 3.15 बजे प्रस्थान करेगी और शाम 5.40 बजे मुंबई में उतरेगी।

एयरलाइन ने मुंबई में कहा, ये दैनिक उड़ानें यात्रियों को अयोध्या तक सीधी पहुंच प्रदान करेंगी, जिससे उनकी यात्रा आसान और छोटी हो जाएगी। इससे पहले, इंडिगो ने 30 दिसंबर से दिल्ली से अयोध्या में जल्द ही उद्घाटन होने वाले मयार्दा पुरूषोत्तम श्री राम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन परिचालन की घोषणा की थी। , 2023. इसके बाद, 06 जनवरी, 2024 से दिल्ली से अयोध्या तक और 11 जनवरी, 2024 से अहमदाबाद से अयोध्या तक वाणिज्यिक परिचालन शुरू होगा।

मुंबई में इस अवसर पर बोलते हुए, इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने कहा, ये नए मार्ग क्षेत्र में यात्रा, पर्यटन और व्यापार को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देंगे, आर्थिक विकास में योगदान देंगे और पर्यटकों को 6ई नेटवर्क के माध्यम से अयोध्या तक सीधी पहुंच प्रदान करेंगे। मुंबई की उड़ान से विदेशी पर्यटक भी मुंबई से सीधे अयोध्या तक का सफर आसानी से कर सकेंगे।

दूसरी तरफ यहां के रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण दो चरणों में किया जा रहा है। पहला चरण खत्म होने वाला है और इसमें प्लेटफॉर्म क्षेत्रों का विकास देखा जाएगा। जबकि दूसरे चरण में अधिक शौचालयों, शयनगृहों, टिकटिंग और सकुर्लेटिंग क्षेत्रों सहित अन्य सुविधाओं से सुसज्जित नए स्टेशन भवन के निर्माण की देखरेख की जाएगी। अयोध्या के जिला मजिस्ट्रेट, नीतीश कुमार ने एक बयान जारी कर कहा कि रेलवे स्टेशन की संचलन क्षमता लगभग 50,000-

›› पेज 2 भी देखें

बांग्लादेश के मंत्री के खिलाफ टीआईबी का आरोप

विदेश में दो हजार करोड़ से अधिक का कारोबार

राष्ट्रीय खबर

ढाका: बांग्लादेश सरकार के एक कैबिनेट मंत्री का विदेश में 2 हजार 312 करोड़ का कारोबार है। हालांकि, उन्होंने चुनावी हलफनामे में इसकी जानकारी नहीं दी। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल बांग्लादेश (टीआईबी) ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। टीआईबी ने मंत्री के नाम का खुलासा नहीं किया। टीआईबी के अधिकारियों ने कहा कि अगर कोई सरकारी प्राधिकरण चाहेगा तो वे सबूत सहित सब कुछ उपलब्ध कराएंगे। टीआईबी की प्रेस कॉन्फ्रेंस सुबह राजधानी के धानमंडी स्थित टीआईबी कार्यालय में चुनावी शपथ पत्र डॉक्यूमेंट्री, यह लोगों को क्या संदेश दे रही है? शीर्षक के तहत आयोजित की गई थी। इस शोध दल के प्रमुख मोहम्मद तौहीदुल इस्लाम ने उम्मीदवारों के हलफनामों का विश्लेषण किया और रिपोर्ट पेश की।

बाद में प्रेस कॉन्फ्रेंस में टीआईबी के कार्यकारी निदेशक इफ्तेखारुज्जमां ने विदेश में मंत्री की संपत्ति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा, उन्हें मिली विश्वसनीय जानकारी के अनुसार, इस बात के सबूत हैं कि सरकार के मंत्रिमंडल के कम से कम एक सदस्य के नाम पर विदेश में कई कंपनियां हैं। यह हलफनामे में नहीं दिखता। इफ्तिखारुज्जमां ने कहा, मंत्री और उनकी पत्नी के स्वामित्व वाली छह कंपनियां अभी भी विदेशों में आवास निर्माण (रियल एस्टेट) व्यवसाय सक्रिय रूप से संचालित कर रही हैं। इनकी कीमत 16.64 करोड़ पाउंड यानी 2 हजार 312 करोड़ टाका है। मंत्री ने अपने हलफनामे में विदेश में मौजूद संपत्ति का खुलासा नहीं किया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा गया कि मंत्री ने पहली बार 2010 में एक कंपनी खोली, जिसकी मौजूदा संपत्ति 1.73 अरब पाउंड है। फिर उन्होंने 2016 में एक और कंपनी खोली, जिसकी मौजूदा संपत्ति 7.31 बिलियन पाउंड है। 2019 में तीसरी कंपनी खोली, जिसकी मौजूदा संपत्ति कीमत 2.79

›› पेज 2 भी देखें

ड्रोन हमले में तीन सैनिकों के घायल होने के बाद कार्रवाई

अमेरिका ने ईरान समर्थित विद्रोहियों पर हमला किया

वाशिंगटन: इराक में ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिकों के घायल होने के बाद अमेरिकी सेना ने ईरान समर्थित मिलिशिया ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई की है। सोमवार रात इराक के अर्बिल में अमेरिकी बेस पर आत्मघाती ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिक घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घायलों में से एक की हालत गंभीर है। पेंटागन ने घायल सैनिकों की पहचान या उनकी चोटों की प्रकृति के बारे में विवरण नहीं दिया। फिर, राष्ट्रपति जो बिडेन के निर्देशन में, अमेरिकी सेना ने स्थानीय समयानुसार मंगलवार तड़के इराक में कताइब हिजबुल्लाह मिलिशिया समूह के विभिन्न ठिकानों पर मिसाइल हमला किया। माना जाता है कि समूह के कई सदस्य मारे गए हैं। यूएस सेंट्रल कमांड के प्रमुख जनरल माइकल एरिक कुरिल्ला ने एक बयान में कहा, हमलों का उद्देश्य इराक और सीरिया में गठबंधन बलों पर हमलों के लिए सीधे जिम्मेदार समूहों को दोषी ठहराना है। और निरंतर हमलों को अंजाम देने की उनकी क्षमता कम हो रही है। व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने कहा कि राष्ट्रपति बिडेन को स्थानीय समयानुसार सोमवार सुबह इराक में अमेरिकी बेस पर हमले की जानकारी दी गई। बिडेन ने पेंटागन को हमले के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया।

भाजपा की वाशिंग मशीन में असम के दो अफसर धुलेंगे

प्रतीक हजाला और आनंद मिश्रा ने इस्तीफा दिया

›› चार सौ करोड़ के एनआरसी घोटाला के आरोपी हजाला
›› देशद्रोह का मुकदमा है दर्ज, सरकार ने जारी किया आदेश
›› एसपी आनंद मिश्रा ने अपनी सेवा से इस्तीफा दे दिया

भूपेन गोस्वामी

गुवाहाटी : असम में 400 करोड़ रुपये के राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) घोटाले में शामिल होने के आरोपी आईएएस अधिकारी प्रतीक हजाला ने सरकारी नौकरी वीआरएस ले ली है। भाजपा के एक उच्च स्तरीय सूत्र ने बताया कि हजल भाजपा में शामिल होंगे। दरअसल, भाजपा मध्य प्रदेश से आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार के लिए तैयार होगी. हालांकि, प्रतीक हजाला 400 करोड़ रुपये के असम एनआरसी घोटाले से बचने के लिए भाजपा में शामिल होंगे। कांग्रेस का आरोप है कि हजाला ने अपनी जान बचाने के लिए भाजपा में शामिल होने का फैसला किया है। नेशनल रजिस्टर फॉर सिटीजन्स (एनआरसी) मामले में फंसे सीनियर आईएएस प्रतीक हजेला को सरकार ने असम वापस भेज दिया था । सरकार ने संबंध में आदेश जारी किए थे । मूलतः मध्यप्रदेश के मूल निवासी असम-मेघालय कैडर 1995 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। हजेला पर देशद्रोह का मामला भी दर्ज था । तीन साल के लिए हजेला प्रतिनियुक्ति पर एमपी आए थे। मध्य प्रदेश सरकार ने तीन साल पूरे होने पर हजेला को कार्यमुक्त करने का आदेश जारी किया था । उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के समन्वयक प्रतीक हजेला अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के समन नोटिस के बावजूद अदालत में पेश नहीं हुए थे। इसके साथ ही अदालत ने आदेश दिया है कि प्रतीक हजेला को दो व्यापक रूप से पढ़े जाने वाले मध्य प्रदेश और

›› पेज 2 भी देखें

निष्क्रिय स्क्रीन धीरे धीरे यह नींद आने की प्रक्रिया को धीमा करता है

बच्चों की नींद छीन रहा है इंटरैक्टिव स्क्रीन

›› बच्चों की यह आदत खतरनाक
›› नींद पूरी नहीं होने के बीमारी भी
›› सारे अभिभावक इस पर ध्यान दें

राष्ट्रीय खबर

रांची: इंटरैक्टिव स्क्रीन के उपयोग से बच्चों में सोने का समय कम हो जाता है। स्क्रीन समय आमतौर पर नींद को प्रभावित करने के लिए जाना जाता है। नए शोध से पता चलता है कि इंटरैक्टिव जुड़ाव, जैसे दोस्तों को संदेश भेजना या

वीडियो गेम खेलना, टीवी देखने जैसे निष्क्रिय स्क्रीन समय की तुलना में सोने में बिताए गए समय को काफी हद तक कम कर देता है - विशेष रूप से किशोरों के लिए। शोध, जो जर्नल ऑफ एडोलेसेंट हेल्थ में प्रकाशित हुआ, दर्शाता है कि 15 वर्ष की आयु के किशोर, जो सोने से एक घंटे पहले दोस्तों के साथ संवाद करने या वीडियो गेम खेलने के लिए स्क्रीन का उपयोग करते थे, उन्हें सो जाने में उनकी तुलना में 30 मिनट अधिक समय लगता है। शोधकताओं ने कहा कि सोने से पहले सिर्फ स्क्रीन पर इंटरैक्टिव समय बिताने से ही बच्चों की नींद प्रभावित नहीं होती। दिन के दौरान प्रत्येक घंटे के लिए जब बच्चे अपनी सामान्य मात्रा से अधिक वीडियो गेम खेलते हैं, तो उनकी नींद में लगभग 10 मिनट की देरी होती है।

पेन स्टेट के पोस्टडॉक्टरल स्कॉलर और लीड ›› पेज 2 भी देखें

किशोर प्रति रात औसतन 7.8 घंटे सोते थे

कुल मिलाकर, किशोर प्रति रात औसतन 7.8 घंटे सोते थे। दिन भर में हर घंटे जब वे दोस्तों के साथ संवाद करने के लिए स्क्रीन का उपयोग करते हैं, तो वे औसतन लगभग 11 मिनट बाद सो जाते हैं। वे वीडियो गेम खेलने के लिए स्क्रीन का उपयोग करने वाले हर घंटे के लगभग 9 मिनट बाद सो जाते थे। जो लोग सोने से एक घंटे पहले बात करते थे, टेक्स्ट करते थे या डिवाइस पर गेम खेलते थे, उनकी नींद सबसे ज्यादा खराब हुई: उनकी नींद लगभग 30 मिनट बाद शुरू हुई। दिलचस्प बात यह है कि रीचेनबर्गर ने कहा, टीम को निष्क्रिय स्क्रीन-आधारित गतिविधियों और उसके बाद की नींद, जैसे इंटरनेट ब्राउज करना और टेलीविजन, वीडियो और फिल्में देखना, के बीच कोई महत्वपूर्ण संबंध नहीं मिला। माता-पिता अपने किशोरों की नींद की सुरक्षा में मदद के लिए क्या कर सकते हैं? चांग ने कहा, यह एक मुश्किल स्थिति है। ये उपकरण आजकल हर किसी के लिए वास्तव में महत्वपूर्ण हैं, इसलिए उन पर सीमा लगाना कठिन है, लेकिन यदि आप वास्तव में एक किशोर के स्वास्थ्य और कल्याण की तलाश कर रहे हैं, तो आप अधिक इंटरैक्टिव गतिविधियों को सीमित करने पर विचार कर सकते हैं, खासकर सोने से एक घंटा पहले।

सुंदरवन के बाहर बाघ का आतंक अब भी खत्म नहीं हुआ है

दूसरे गांव के बाहर मिले पैरों के निशान

राष्ट्रीय खबर

कैनिंग: कुलतली के बाद इस बार नदी किनारे मिले हैं बाघ के पैरों के निशान। रात के अंधेरे में बाघ के गर्जन की वजह से इलाके के लोग रतजगा करने पर मजबूत हैं।स्थानीय लोगों ने ठाकुरन नदी के किनारे कीचड़ में बाघ के पैरों के निशान देखे। यह खबर गांव में आग की तरह फैल गई। वन विभाग ने स्थानीय लोगों के साथ शुरू की रात की रखवाली। समझा जा रहा है कि सुंदरवन के सुरक्षित इलाके से यह बाघ बाहर निकलकर आ रहे हैं। रात्रि पहरे की व्यवस्था की गयी है. वन विभाग भी रखवाली कर रहा है. लेकिन बाघ नजर नहीं आया. हालांकि, ग्रामीणों को संदेह है कि बाघ गांव के आसपास ही है। उनका दावा है कि बाघ शायद मौके का इंतजार कर रहा है। दक्षिण 24 परगना के पाथरप्रतिमा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत श्रीधरनगर पंचायत के उपेन्द्रनगर मौजा के दलपति के चबूतरे के सामने ठाकुरन नदी के पार बाघ के पैरों के निशान ›› पेज 2 भी देखें

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र राजनीति

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

योजना

मुख्यमंत्री लातेहार में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार

नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज अधिसूचना रद्द हुई: हेमन्त

राष्ट्रीय खबर

रांची: झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वारर अभियान को पूरा देश देख रहा है। इस अभियान का अनुसरण देश के अन्य राज्य कर रहें हैं और लोगों के द्वार तक पहुंच रहें हैं। मैंने पूर्व में ही कहा था, जब यहां आदिवासी-मूलवासी की सरकार बनेगी तो यह सरकार गांव के लोगों के साथ संचालित होगी। यही वजह है कि आज गांव-गांव पदाधिकारी शिविर आयोजित कर लोगों की समस्याओं को सुन रहें हैं और उसका समाधान भी कर रहें हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कही। मुख्यमंत्री लातेहार जिला के लातेहार प्रखंड स्थित कुंदरी गांव में आयोजित ₹आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार₹ कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा अब हर वर्ष आपके द्वार पर शिविर लगाकर आपकी समस्याओं का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा आयोजित शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याएं और तकलीफ सीधे मुझ तक आती है। सरकार ने हर वो योजना बनाने का कार्य किया है, जिससे राज्य मजबूत हो सके और यहां के गांव में निवास करने वाले लोग सशक्त हो सकें। हमारी सरकार हर वर्ग के लोगों को योजना का लाभ दे रही है, किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं। एक लम्बी लकीर खींचने का प्रयास किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमि को लेकर त्रुटियां पूरे राज्य में है। इसका समाधान आने वाले दिनों में किया जाएगा। आपकी सरकार ने वर्षों से संघर्ष कर रहें नेतरहाट के लोगों की भूमि को वापस किया है। नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज की अधिसूचना रद्द की गई। राज्य में कई किसानों की भूमि वापस हुई है। भूमि की त्रुटियों को सुधारना आवश्यक है।

विश्वास रखें आने वाले समय में इसका समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि लातेहार में कार्य कर रही खनन कंपनियां यहां के स्थानीय युवाओं को भारी वाहन और खनन कार्य में उपयोग किए जाने वाले मशीनों के संचालन करने का प्रशिक्षण देंगी। इसके लिए जिला प्रशासन को खनन कंपनियों द्वारा प्रशिक्षण केन्द्र प्रारंभ कराने का निर्देश दिया गया है। ताकि यहां के स्थानीय युवाओं को रोजगार प्राप्त हो सके। राज्य सरकार ने राज्य में कार्य करने वाले उद्योग में स्थानीय लोगों के नियोजन हेतु 75 प्रतिशत आरक्षण संबंधी कानून भी बनाया है।

सरकार कर रही मदद, लाभ लें

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वरोजगार के लिए सरकार मदद कर रही है। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत विभिन्न तरह के छोटे व्यापार के लिए ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके जरिए युवा अपने पसंद का व्यापार कर सकते हैं। हजारों युवाओं ने इस योजना का लाभ लिया और स्वरोजगार की ओर अग्रसर हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का प्रयास कर रही है। बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा जा रहा है। बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर और अफसर बनें, इसके लिए उन्हें प्रतियोगिता-परीक्षा की तैयारी से लेकर विभिन्न कोर्सेस को करने के लिए गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके तहत उन्हें 15 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण दिया जाएगा। इसके लिए उन्हें कोई गारंटी नहीं देनी होगी। सरकार इसके लिए गारंटर बनेगी। झारखंड के 50 बच्चे विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसके लिए उन्हें शत- प्रतिशत स्कॉलरशिप सरकार दे रही है।

सांसदों को राज्य सरकार ने लिखा पत्र

राष्ट्रीय खबर

रांची: राज्य सरकार ने सांसद आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत सांसदों से ग्राम पंचायतों का चयन करने का अनुरोध किया है। इस संबंध में ग्रामीण विकास विभाग ने सभी सांसदों को पत्र लिखकर इस संबंध में अनुरोध किया है। सांसद आदर्श ग्राम से अभी अधिकांश जिलों में ग्राम पंचायतों का चयन नहीं हो सका है। विभाग ने पाकुड़ व जामताड़ा जिला को छोड़कर अन्य जिलों के उपायुक्तों को भी पत्र लिखा है और सांसदों से समन्वय करते हुए ग्राम पंचायत का चयन कराने का अनुरोध किया है और जल्द से जल्द लंबित कार्य को पूरा करने को कहा गया है।ग्रामीण विकास विभाग ने 31 दिसंबर तक आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत सभी योजनाओं के डीपीआर से संबंधित बैठक का आयोजन किए जाने के लिए सभी उपविकास आयुक्तों को अलग से निर्देशित किया है। बता दें कि, सांसदों द्वारा ग्राम पंचायत के चयन के बाद पंचायत विकास से जुड़ी योजनाएं चलायी जायेंगे। एक ग्राम पंचायत का चयन सभू सांसदों को करना है। बता दें कि, राज्य में 14 लोकसभा व 6 राज्यसभा सांसद हैं।

शरद पवार के बयान पर सियासी बयान तेज

झामुमो ने की सराहना तो बीजेपी ने मन बहलाने वाला बयान बताया

राष्ट्रीय खबर

रांची: लोकसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज है। विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (क्ठउक्अ) केन्द्र की बीजेपी सरकार को एक बार फिर सत्ता में आने से रोकने के लिए रणनीति बनाने में जुटी है। विपक्षी गठबंधन के अंदर प्रधानमंत्री के चेहरे को लेकर बने सस्पेंस के बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक शरद पवार ने चुनाव के बाद प्रधानमंत्री का चेहरा तय करने की वकालत की है।मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा है कि 1977 के लोकसभा चुनाव में भी किसी को प्रधानमंत्री के चेहरे के रूप में पेश नहीं किया गया था। लोकसभा चुनाव के बाद मोरारजी देसाई को प्रधानमंत्री बनाया गया। इस चुनाव में कोई चेहरा सामने नहीं रखने की कोई असर नहीं दिखे अगर लोग बदलाव के मूड में है तो वह बदलाव लाने के लिए निर्णय लेंगे।शरद पवार के बयान पर झारखंड में भी सियासी बयान सामने आने लगे हैं। विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस के प्रमुख घटक दल झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इसे सही बताते हुए कहा है कि मकसद केंद्र की सत्ता से बीजेपी को हटाने का होना चाहिए ना कि विपक्ष में प्रधानमंत्री का चेहरा कौन होगा इसपर ध्यान देने की जरूरत है।झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और मंत्री हफीजुल हसन ने शरद पवार के बयान का स्वागत करते हुए कहा है कि झारखंड सहित देश भर में विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगा। झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन चुनाव लड़ेगी। सीटों का बंटवारा पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा किया जायेगा। सीटों को लेकर किसी तरह का विवाद नहीं है और आने वाले समय में सब कुछ साफ हो जाएगा।इधर, भारतीय जनता पार्टी ने शरद पवार के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि जिस भारतीय जनता पार्टी को यह हराने का सपना देख रहे हैं वह पूरा नहीं होगा। इस बार 400 सीट जीतकर नरेंद्र मोदी एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। पूर्व स्पीकर और बीजेपी विधायक सीपी सिंह ने शरद पवार के बयान पर टिप्पणी करते हुए कहा है कि यह सब मन बहलाने के लिए शरद पवार बोल रहे हैं। परिवारवाद वाली यह पार्टी बीजेपी को हराने का सपना देख रही है।बहरहाल लोकसभा चुनाव आने में भले ही अभी देर हो मगर इसको लेकर सियासी बयानों का दौर जारी है। विपक्ष जहां केंद्र की मोदी सरकार को हैट्रिक बनाने से रोकने में जुटी है। वहीं बीजेपी बार-बार विपक्ष से यही सवाल पूछ रहा है कि प्रधानमंत्री का चेहरा कौन है जो जनता के बीच आना चाहते हैं। इन सवालों पर अभी तक विपक्ष क्लियर नहीं कर पाया है।

पीड़ितों को हक दिलाकर दिया जयराम को जन्मदिन का बड़ा तोहफा : देवेंद्र नाथ महतो

राष्ट्रीय खबर

रांची: झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति राँची टीम द्वारा शोषित पीड़ित लोगों के हक अधिकार को लेकर लगातार संघर्ष करते आया है, उसी क्रम में आज दिनांक 27/12/2023 दिन बुधवार को शिवानी श्रेया लॉजिस्टिक प्राईवेट लिमिटेड कंपनी महिलौंग में पिछले आठ महीनों से लगातार ईमानदारी पूर्वक कार्यरत सुरक्षा प्रहरी सुलैन उरांव , आशीष विद्या महतो, अमन कुमार, सम्बत महतो के लाखों रुपए बिना भुगतान किए कार्य से निकाल दिया गया जो पिछले कई महीनों से कंपनी का चक्कर लगाते रहते थे लेकिन न्याय नहीं मिला। मामला जेबीकेएसएस रांची टीम के संज्ञान में आते ही टाईगर जयराम महतो के जन्मदिन शुभ अवसर जेबीकेएसएस रांची टीम सक्रीय सदस्य देवेन्द्र नाथ महतो, और सुमित खतियानी के नेतृत्व में कम्पनी के मैनेजर समीर रोहतगी को लगभग पांच घंटे बंधक बना के रखा, आंदोलनकारियों के दबाव के परिणामस्वरूप लगभग सभी सुरक्षा प्रहरी का लाखों रुपए बकाया कल दिनांक 28/12/23 दिन गुरुवार को भुगतान करने और आगे कार्य में निरन्तर रखने का लिखित समझौता के बाद आंदोलन स्थगित किया गया। मौके केंद्रीय सदस्य देवेंद्र नाथ महतो, सुमित खतियानी ने कहा कि पीड़ितों को हक दिलाकर रांची जेबीकेएसएस टीम ने टाईगर जयराम महतो दिया बड़ा तोहफा तथा आगे भी इसी तरह का तोहफा दिया जायेगा। आंदोलन को सफल बनाने में मुख्य रूप से सुधांशु, सूरज, फलींद्र, प्रदीप, आशीष, हरेंद्र के अलावा अन्य लोगों का अहम योगदान रहा। साथ ही उन्होंने यह भी जानकारी दिया कि टाईगर जयराम महतो का जन्मदिन रांची जिला के टाटीसिल्वे, सिल्ली, राहे, पतराहातु, सोनाहातु, बुंडू एवं अन्य जगहों पर केक काटकर मनाया गया।

6 जनवरी को पतरातू में केंद्रीय समिति की बैठक सुदेश महतो भी रहेंगे उपस्थित

राष्ट्रीय खबर

रांची: आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता में 6 जनवरी को पतरातू (रामगढ़) में केंद्रीय समिति की बैठक होगी। साथ ही शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित होगा। बैठक में पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, विधानसभा प्रभारी, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष एवं सचिव, जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य, प्रमुख एवं उपप्रमुख, महानगर अध्यक्ष एवं सचिव भाग लेंगे।इसके अलावा साथ ही सभी अनुषंगी इकाई (अखिल झारखण्ड महिला संघ, अखिल झारखण्ड छात्र संघ, आजसू बुद्धिजीवी मंच, अखिल झारखण्ड श्रमिक संघ, अखिल झारखण्ड किसान संघ, अखिल झारखण्ड अधिवक्ता संघ, अखिल झारखण्ड उद्योग एवं व्यापार संघ, अखिल झारखण्ड पिछड़ा वर्ग महासभा, अखिल झारखण्ड अल्पसंख्यक महासभा, अखिल झारखण्ड अनुसूचित जनजाति महासभा, अखिल झारखण्ड अनुसूचित जाति महासभा एवं आजसू पार्टी कला-संस्कृति प्रकोष्ठ) के केंद्रीय अध्यक्ष एवं महासचिव भी उपस्थित रहेंगे।

बाबूलाल मरांडी ने सरकारी स्कूलों में पोशाक खरीद में जतायी घोटाले की आशंका, सरकार से जांच की मांग

राष्ट्रीय खबर

रांची: भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हजारीबाग में सरकारी स्कूली बच्चों के पोशाक खरीद में घोटाले की आशंका जाहिर की है। साथ ही इसकी जांच कराने एवं दोषी पदाधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने को राज्य के मुख्य सचिव को लेटर लिखा है। इसमें उन्होंने कहा है कि हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने जिले के सरकारी स्कूलों में घटिया पोशाक वितरण में गड़बड़ी का मसला उठाया था।राज्य परियोजना निदेशक, झारखंड (शिक्षा विभाग) ने बच्चों के पोशाक वितरण से संबंधित दिशा निर्देश सभी जिलों के संबंधित अधिकारियों को 8 अगस्त को जारी किया था। तय मापदंड के बाहर जाकर हजारीबाग के जिला शिक्षा अधीक्षक ने बगैर टेंडर और इसे स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित किए बिना दूसरे जिले के एनजीओ को पोशाक आपूर्ति का आदेश दे दिया। यह नियम विरूद्ध है। साथ ही, इसकी इसकी क्वालिटी इतनी खराब निकली कि सप्ताह भर में ही स्वेटर और पोशाक फटना शुरू हो गया।बाबूलाल ने लिखा है कि राज्य परियोजना निदेशक की ओर से जारी दिशा निर्देश में कहा था कि यदि जिले में संचालित एसएचजी स्वेटर, पोशाक के कार्य को निर्धारित समय में कर सकते हैं तो उनके माध्यम से इस कार्य को कराना है। अन्यथा डीबीटी के जरिये बच्चों को उनके बैंक खाते में राशि उपलब्ध करायी जानी है। पर कमीशनखोरी के लिए हजारीबाग डीएसई द्वारा नियम कानून को किनारे कर दिया गया। चहेते एसएचजी को पोशाक आपूर्ति का आदेश देकर 12 करोड़ रुपये की निकासी कर ली गयी।सीएम से अपेक्षा करते बाबूलाल ने कहा है कि वे इस मामले की जांच कराएंगे और दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करेंगे।

पेज एक का शेष

राहुल गांधी मणिपुर से मुंबई .. .. ..

मणिपुर से यात्रा शुरु करने के सवाल पर कहा कि यह राज्य देश का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और पार्टी यात्रा , इम्फाल से शुरू कर मणिपुर के लोगों के घावों पर मलहम लगाने की भी कोशिश करना चाहती है। उनका कहना था कि पहले चरण में गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक 12 राज्यों को कवर करते हुए लगभग 4,500 किलोमीटर की यात्रा की थी और इस बार वह 14 राज्यों को कवर करते हुए 6,200 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। इस बार की यात्रा पैदल के साथ साथ बस से भी होगी। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण की यात्रा मणिपुर, नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र से होकर निकलेगी।

इंडिगो ने मुंबई और अयोध्या .. .. ..

60,000 लोगों की है और दूसरे चरण का काम जल्द ही शुरू होगा। उन्होंने कहा, हम रेलवे स्टेशन का पुनरुद्धार इस तरह से कर रहे हैं कि इसे राम मंदिर के मुखौटे जैसा बनाया जा सके। यह अयोध्या के ऐतिहासिक महत्व को भी प्रतिबिंबित करेगा। जबकि यह बाहर से एक मंदिर जैसा होगा, यह सुसज्जित होगा यात्रियों की आसानी के लिए नवीनतम तकनीक। इसकी पहले से ही 50,000-60,000 लोगों की संचलन क्षमता है और हम केवल परियोजना के चरण 1 में हैं।

विदेश में दो हजार करोड़.. .. ..

बिलियन पाउं है। उन्होंने 2020 में चौथी कंपनी लॉन्च की, जिसकी संपत्ति 2.15 बिलियन पाउंड है, और 2021 में पांचवीं और छठी कंपनी लॉन्च की, जिसकी वर्तमान संपत्ति 3.22 बिलियन पाउंड है।

संबंधित मंत्री के नाम के बारे में पूछे जाने पर इफ्तिखारुज्जमां ने कहा कि चूंकि जानकारी गोपनीय है और उन्होंने (मंत्री) खुद इसका खुलासा नहीं किया है। इसलिए उनका नाम उजागर करना टीआईबी के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। हालाँकि, यदि कोई सरकारी अधिकारी टीआईबी से जानकारी जानना चाहता है, तो वे इसे प्रमाण के साथ प्रदान करेंगे।

प्रतीक हजाला और आनंद मिश्रा .. .. ..

असम प्रकाशनों के साथ-साथ दो राष्ट्रीय समाचार पत्रों में विज्ञापन के माध्यम से स्थिति से अवगत कराया जाए। आदेश में कहा था कि याचिकाकर्ता के वकील द्वारा दायर याचिका संख्या 3463/23 में अन्य बातों के साथ-साथ कहा था कि विपक्षी पार्टी नंबर 1 स्वेच्छा से सेवा से सेवानिवृत्त हुए हैं और वह मध्य प्रदेश के निवासी हैं, लेकिन उनके पते की पुष्टि नहीं की गई है और ऐसी परिस्थितियों में, इस मामले के नोटिस को पेपर प्रकाशन के माध्यम से प्रकाशित करना आवश्यक है।अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के पूर्व समन्वयक प्रतीक हजेला को समन जारी किया। असम में एनआरसी को अद्यतन करने की कवायद पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट के आधार पर लुइत कुमार बर्मन नाम के एक व्यक्ति ने दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 399 के साथ सीआरपीसी की धारा 397 के तहत आपराधिक पुनरीक्षण दायर किया था। अदालत ने समन नोटिस में कहा, अदालत के समक्ष पेश होने में आपकी विफलता पर मामले की सुनवाई कानून के अनुसार एकतरफा की जाएगी। इससे पहले अगस्त में, राज्य सरकार ने पूर्व एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर) राज्य समन्वयक, असम-मेघालय आईएएस कैडर प्रतीक हजेला को कुछ शर्तों के साथ आज से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की अनुमति दी थी।

उधर, लखीमपुर के लोकप्रिय पुलिस अधीक्षक (आईपीएस) आनंद मिश्रा ने अपनी सेवा से इस्तीफा दे दिया है। मिश्रा ने 16 जनवरी, 2024 से अपनी सेवा से इस्तीफा दे दिया है।वह असम-मेघालय कैडर, 2011 आरआर बैच के हैं। उन्होंने 18 दिसंबर, 2023 को असम के मुख्य सचिव पवन बोरठाकुर को अपना इस्तीफा सौंप दिया है।

कुछ सूत्रों से संकेत मिलता है कि मिश्रा बिहार के बक्सर निर्वाचन क्षेत्र पर नजर रखते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की ओर से उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने की संभावना पर विचार कर रहे हैं। वह असम में विभिन्न अपराधों का मुकाबला करने में अपने प्रयासों के लिए पहचाने जाने वाले एक प्रसिद्ध अधिकारी हैं। जिसमें राज्य में नशीली दवाओं से संबंधित गतिविधियों, पशु तस्करी, डकैती और अन्य अपराधों के खिलाफ लड़ाई शामिल है। हाल ही में मिश्रा और एसपी रणदीप बरुआ को एसआईटी (मणिपुर की घटनाओं के लिए गठित विशेष जांच दल) का प्रभार दिया गया था।

बच्चों की नींद छीन रहा .. .. ..

डेविड रीचेनबर्गर ने कहा, अगर किशोर आम तौर पर हर दिन एक घंटे के लिए वीडियो गेम खेलते हैं, लेकिन एक दिन एक नया गेम आता है और वे चार घंटे तक खेलते हैं, तो यह उनके द्वारा आमतौर पर खेले जाने वाले गेम से तीन अतिरिक्त घंटे अधिक है। अध्ययन पर लेखक. तो, इसका मतलब है कि उस रात उनकी नींद के समय में 15 मिनट की देरी हो सकती है। एक बच्चे के लिए, रात में 15 मिनट की नींद खोना महत्वपूर्ण है। यह विशेष रूप से कठिन होता है जब उन्हें स्कूल के लिए सुबह उठना होता है। अपनी नींद में देरी करने से, वे सुबह इसकी भरपाई नहीं कर पाते हैं। पर्याप्त नींद के बिना, बच्चों में मोटापे के साथ-साथ बिगड़ा हुआ संज्ञान, भावना विनियमन और मानसिक स्वास्थ्य का खतरा बढ़ जाता है।

टीम ने तीन या अधिक दिनों के दैनिक सर्वेक्षणों का उपयोग करके 475 किशोरों की दिन के समय की स्क्रीन-आधारित गतिविधियों का आकलन किया। उन्होंने बच्चों से यह भी पूछा कि उन्होंने वीडियो गेम खेलने, इंटरनेट सर्फिंग करने और टेलीविजन या वीडियो देखने में कितने घंटे बिताए। अंत में, शोधकताओं ने पूछा कि क्या किशोरों ने सोने से एक घंटे पहले इनमें से किसी गतिविधि में भाग लिया था। इसके बाद, टीम ने किशोरों की एक सप्ताह की नींद की अवधि को मापने के लिए एक्सेलेरोमीटर का उपयोग किया। शोधकताओं ने पाया कि किशोर ईमेल, इंस्टेंट मैसेजिंग, फोन पर टेक्स्टिंग या सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्तों के साथ संवाद करने में प्रतिदिन औसतन दो घंटे बिताते हैं। उन्होंने थोड़ा कम समय बिताया - प्रति दिन लगभग 1.3 घंटे - वीडियो गेम खेलने में, प्रति दिन एक घंटे से भी कम समय इंटरनेट पर सर्फ करने में और लगभग 1.7 घंटे प्रति दिन टेलीविजन या वीडियो देखने में। सोने से एक घंटे पहले, बच्चों ने 77 फीसद समय फोन, कंप्यूटर या टैबलेट के माध्यम से संचार किया या वीडियो गेम खेला और 69 प्रतिशत समय टेलीविजन या फिल्में देखीं।

दूसरे गांव के बाहर मिले .. ..

मिले हैं। स्थानीय निवासियों ने गीली मिट्टी पर उसके पंजों के निशान देखे हैं। इसके बाद से स्थानीय निवासी डरे हुए हैं. गोवर्धनपुर कोस्टल पुलिस पहुंची। इसके अलावा वन विभाग के अधिकारी भी चले गए। टायर जलाकर और स्थानीय लोगों को साथ लेकर पूरी रात निगरानी की गई। लेकिन बाघ नजर नहीं आया।

दो दिन पहले कुलतली में बाघ की दहाड़ से ग्रामीण जाग गए। पैरों के निशान भी देखे गए। लेकिन लगातार दो दिनों तक तलाश करने के बाद भी वन अधिकारी बाघ को नहीं ढूंढ पाए. इस बार पत्थर की मूर्ति पर बाघ के पैरों के निशान मिले.

एडीएफओ दक्षिण 24 परगना अनुराग चौधरी के नेतृत्व में अनुभवी वन कर्मियों की एक टीम पहले ही क्षेत्र में पहुंच चुकी है। इसके अलावा वन विभाग के रामगंगा, धांची और रायदिघी रेंज के अधिकारी मौजूद हैं. सोमवार को गांव के पास जंगल के अधिक हिस्सों को नायलॉन जाल से घेर दिया गया। रात में वनकर्मियों के साथ स्थानीय लोग निगरानी करते रहे। वन विभाग को ठकुराइन नदी के पास लगाये गये पिंजरों के पास पंजों के निशान मिले। हालांकि, स्थानीय निवासियों का दावा है कि कल रात तक ठाकुरन नदी से सटे जंगल से बाघ की दहाड़ सुनाई दे रही थी। वन विभाग भी बाघ को पकड़ने की भरपूर कोशिश कर रहा है. वनकर्मी नदी में स्पीड बोट से जंगल में बाघों की निगरानी कर रहे हैं।

नये साल पर पिकनिक का है प्लान तो चले आईये केसपा, पूजा-पाठ के साथ ले पर्यटन का मजा

हिंदू और बौद्ध धमार्लंबियों का केंद्र रहा है केसपा

राष्ट्रीय खबर

गया : गया जिले के गिने-चुने ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों में से एक टिकारी अनुमंडल से 11 किलोमीटर उत्तर दिशा में केसपा गांव में स्थित मां तारा देवी मंदिर भी है, जहां आप नव वर्ष पर अपने परिवार एवं मित्र के संग धार्मिक स्थल के साथ पिकनिक का भी आनंद उठा सकते हैं। तारा देवी मंदिर अपने आप में इस कदर का इतिहास व पुरातत्व को समेटे हुए हैं जहां एक ही स्थल पर आध्यात्मिकता, पुरातनता, ऐतिहासिक परंपरा की अनुभूति होती है। यहां पूजा अर्चना करने के लिए दूरदराज से श्रद्धालु आते हैं। नव वर्ष-2024 के आगमन को लेकर पूरी दुनिया मे तैयारियां चल रही है। सभी जाति-धर्म के लोग नव वर्ष को अपने -अपने तरीके के मनाते है। विगत कई वर्षों से नव वर्ष के अवसर पर माँ तारा नगरी केसपा पर्यटकों का केंद्र रहा है। नव वर्ष को लेकर पर्यटकों के स्वागत के लिए केसपा गांव पूरी तरह से तैयार हो चुका है। मुख्य मार्ग से लोक आस्था का महाकेंद्र माँ तारा देवी मंदिर तक जाने वाली सड़क बनकर तैयार हो गई है। केसपा गांव की प्राकृतिक सुंदरता लोगों लोगों का मन मोह लेती है। ग्रामीण युवाओं ने गांव की सभी गलियों की साफ - सफाई किया है, एवं मंदिर परिसर की भव्यता लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है।

एक जनवरी के दिन मंदिर प्रांगण में महिला और पुरुषों के लिए अलग कतार लगाने का प्रबंध किया गया है। प्राचीन काल से यह गांव हिंदू और बौद्ध धमार्लंबियों का केंद्र रहा है। ग्रामीण हिमांशु शेखर ने कहा है कि

मां तारा देवी मंदिर के अलावा लोग चमत्कारी हवन कुंड, सोरवहिया जी, भगवान गौतम बुद्ध की आदमकद प्रतिमा, गरुड़ पर सवार भगवान विष्णु की दुर्लभ प्रतिमा, भगवान सूर्य की प्रतिमा, बुद्ध पदचिन्ह एवं पत्थर से बनी कमल का फूल का दर्शन करने आया करते हैं। कई बार इस गांव में विदेशी पर्यटक भी भ्रमण करने आया करते हैं। 1925 में महान धर्मज्ञाता, यात्राकार राहुल सांकृत्यायन एवं 1992 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी इस गांव का भ्रमण करने आए थे। बहरहाल जो भी हो केसपा में मां तारा की पूजा अर्चना कर नये वर्ष के पहले दिन की शुरूआत कर साथ पर्यटन का भी मजा ले सकते हैं।

गणतंत्र दिवस में राजपथ पर गया कॉलेज गया के 5 एनसीसी कैडेट्स दिखाएंगे दमखम

▶▶प्राचार्य ने चयनित कैडेट्स को दी शुभकामनाएं

राष्ट्रीय खबर

बोधगया: गया कॉलेज गया के 5 कैडेटों का चयन गणतंत्र दिवस पर राजपथ, नई दिल्ली में होने वाले परेड समारोह के लिए हुआ है। यह गया कॉलेज के साथ साथ गया जिले के लिए भी गर्व का विषय है। गया कॉलेज के एनसीसी अधिकारी सीटीओ डॉ संजय तिवारी ने बताया कि कॉलेज की बॉयज एनसीसी यूनिट से विवेक राज, युवराज कुमार, सुंदरम कुमार और गर्ल्स एनसीसी यूनिट से प्रियंका कुमारी और प्रीति कुमारी का चयन 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित होने वाली परेड के लिए हुआ है,जो कि गया महाविद्यालय के लिए बड़े गौरव की बात है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सतीश सिंह चंद्र ने चयनित कैडेट्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपने कैडेट्स को राजपथ पर देखना बड़ा ही सुकून देता है। यह बड़े हर्ष का विषय है और हमारे कैडेट्स हर वर्ष हमारी संस्था के ये होनहार कैडेट्स देश भी से आये हुए कैडेट्स के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे और महाविद्यालय का मैं समान बढ़ाएंगे। उन्होंने सभी कैडेट्स को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बता दें कि इसके पूर्व में भी गया कॉलेज गया के एनसीसी कैडेट्स राजपथ पर अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी है।

अंतरजिला चेक पोस्ट निर्माण को लेकर एसपी ने लिया जायजा

राष्ट्रीय खबर

सुगौली, पू.च: थाना क्षेत्र के छपवा चौक का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक कांतेश मिश्र ने बुधवार शाम को किया। गौरतलब हो कि सुगौली थाना एवं छपवा चौक पर अंतरजिला चेक पोस्ट निर्माण को लेकर जायजा लिया। छपवा चौक के सभी मुख्य सड़कों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में अपराध नियंत्रण हेतु कार्ययोजना एवं क्रियान्वयन के क्रम में सुगौली थाना अन्तर्गत छपवा चौक के समीप अंतरजिला चेक पोस्ट निर्माण कार्य की गई समीक्षा। इस दौरान थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह को थाना को अपराध नियंत्रण एवं नव वर्ष के आगमन को लेकर विधि-व्यवस्था संधारण हेतु बेहतर

चंदौती प्रखंड के पहाड़पुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ स्वागत

गया : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत संकल्प यात्रा' बेलागंज विधानसभा ,नगर प्रखण्ड चंदौती में पंचायत नैली के पहाड़पुर गांव में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम में शामिल हुआ। बीते 9 वर्षों में ₹सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास₹ के मंत्र के साथ माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2047 तक एक समृद्ध, सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। यह संकल्प यात्रा ह्यमोदी की गारंटीह्न यात्रा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में 15 नवंबर से शुरू हुई 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के माध्यम से मिशन मोड में देश के गांव-गांव के हर गरीब, हर वंचित को भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचेगा यह 'मोदी की गारंटी' है। संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अशोक प्रसाद भारती, जिलां मूल कमिटी के जिलां महामंत्री गोपाल यादव, नमामि गंगे जिलां संयोजक रामप्रवेश सिंह, सह संयोजक सतीश मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित हुए।

किसान का सपना हुआ सरकार,बेटा बना सामान्य प्रशासन विभाग में सहायक प्रशाखा पदाधिकारी

बचपन से ही होनहार छात्र था कुणाल, ग्रामीणों में हर्ष

राष्ट्रीय खबर

गया : कहते हैं कि अपनी औलाद की सफलता से बढ़कर एक पिता के लिए कुछ नहीं हो सकता और बेटा अगर किसी बात का वादा कर उसे दिखाएं तो इससे बढ़कर एक पिता के लिए कुछ नहीं हो सकता है। कुछ ऐसा ही करके दिखाया है जिले के मोहड़ा प्रखंड के किसान परिवार का बेटा, जिसने अपनी मेहनत से सफलता हासिल कर सहायक प्रशाखा पदाधिकारी बना है। बीते दिनों बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित तृतीय स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा परिणाम में मोहड़ा प्रखंड के ऐर गाँव निवासी पेशे से किसान राकेश कुमार सिंह के होनहार पुत्र कुणाल कुमार ने पहले ही प्रयास में सफलता प्राप्त कर सामान्य प्रशासन विभाग में सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के रूप में चयनित किए गए । उनकी इस सफलता से परिजन के साथ - साथ ग्रामीणों में खुशी का माहौल हैं। कुणाल ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी प्रारंभिक स्कूल के पूर्व शिक्षक व वर्तमान में मध्य विद्यालय डिहुरी के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र कुमार एवं अपने माता-पिता को दी है।वे वर्तमान में राजस्व कर्मचारी के पद पर कार्य कर रहे हैं। उनके माता-पिता ने भावुक होकर बताया कि कुणाल की लगन एवं परिश्रम का नतीजा है कि वह आज चयनित हुआ है।बचपन से ही समर्पित भाव से पढ़ाई करता था। कुणाल अपने सफलता के पीछे ईश्वर, माता-पिता एवं गुरु वीरेंद्र सर को देता है। जिन्होंने हमेशा बेहतर मार्गदर्शन दिया। स्कूल के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र कुमार ने हर्ष प्रकट करते हुए सफलता पर कुणाल कुमार को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

शिक्षक आंदोलन में शहीद हुए भाजपा नेता को विजय के बाद मिली होगी शांति : जीवन कुमार

राष्ट्रीय खबर

अरवल : कुर्था प्रखंड स्थित जिला परिषद अतिथि गृह में बिहार विधान परिषद जीवन कुमार कुर्था प्रखंड में विकसित भारत संकल्प यात्रा के बाद एक प्रेस वार्ता कर भारत सरकार के लोक कल्याणकारी एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। वहीं नियोजित शिक्षकों की लगातार 17 साल से जो आंदोलन चल रहा था, इसके बाद विशिष्ट शिक्षक और राज्य कर्मी का दर्जा दिया गया। जिसपर पर उन्होंने कहा कि यह शिक्षकों की जीत है और मैं अपने चुनावी जनसभाओं में यह संकल्प लिया था कि मैं अपने ही कार्यकाल में शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा दिलवाऊंगा, चाहे उसके लिए मुझे जितना भी जन आंदोलन और जन संघर्ष करना पड़े। उन्होंने कहा कि इस जीत का पूरा श्रेय भारतीय जनता पार्टी के शिर्ष नेतृत्व एवं लाखों देव दुर्लभ कार्यकताओं को जाता है, शिक्षकों ने भी कदम से कदम मिलाकर के मुझे जो साथ दिया आज उसी का परिणाम है कि बिहार सरकार बैक फुट पर आकर के शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा देने का फैसला किया। आगे भी शिक्षकों और छात्रों की जो भी समस्याएं होंगी उसे मैं जोरदार तरीके से सदन के अंदर और सदन के बाहर यानी सड़क से लेकर के सदन तक उठाने का कार्य करूंगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री रामाशीष दास जिला मंत्री राहुल वत्स, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष इंजीनियर मोहम्मद मेराजुद्दीन अंसारी वरिष्ठ भाजपा नेता खालीक अंसारी, लाला शर्मा, सहित कई भाजपा नेता उपस्थित रहे।

एसडीपीओ-एसडीएम ने बिक्रमगंज उपकारा में की छापेमारी

बिक्रमगंज (रोहतास) : बुधवार को सुबह करीब 1:30 बजे अनिल बसाक,आईएएस सह प्रशिक्षुक एसडीएम बिक्रमगंज एवं संजय कुमार एसडीपीओ बिक्रमगंज ने संयुक्त रूप से उप कारा बिक्रमगंज में किया औचक छापेमारी। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार छापेमारी के क्रम में विभिन्न कैदी वार्डों की सघन जांच की गई। करीब डेढ़ घण्टे तक चले छापेमारी में किसी तरह का कोई आपत्तिजनक सामग्री कैदियों के पास से नहीं मिली। जेल परिसर में अचानक अनिल बसाक एसडीएम एवं संजय कुमार एसडीपीओ के दलबल साथ पहुंचते ही कैदियों में मची हड़कंप। इस संबंध में एसडीएम बिक्रमगंज अनिल बसाक (आईएएस) ने इसे सरकारी दिनचर्या बताया।

विकसित भारत, संकल्य यात्रा की समीक्षात्मक बैठक पुनः सम्पन्न

बेतिया: भारत सरकार की विभिन्न योजनाओ के प्रचार प्रसार करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा जो दिनांक 06 जनवरी 2024 तक पश्चिम चम्पारण बेतिया में संचालित है। इसकी समीक्षा को लेकर 27 दिसम्बर 2023 को निदेशक, जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सह जिला प्रभारी समिधा सिंह, विकसित भारत संकल्प यात्रा, पश्चिम चम्पारण की अध्यक्षता में सम्बंधित पदाधिकारियो के साथ सम्पन्न हुई। इस बैठक में उपस्थित विभिन्न पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श करते हुए, शेष दिनो का जिला के विभिन्न प्रखंडो में आयोजित होने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने का निदेश दिया। बैठक में जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने बताया कि अबतक यह यात्रा जिला में सफल रहा है एवं सभी स्तर के पदाधिकारियो ने अपेक्षित सह योग किया है और आगे भी करेंगे। उपविकास आयुक्त ने कहा कि जिला स्तर की समिति के सभी सदस्य सफल बनाने में अपना- अपना योगदान दिया है। नोडल पदाधिकारी सुजीत कुमार बरनवाल द्वारा बैठक में पूर्ण जानकारी प्रदान कर विकसित भारत संकल्प यात्रा से अवगत कराया। बैठक में जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय, उप विकास आयुक्त, अनील कुमार, नोडल पदाधिकारी, सुजीत बरनवाल, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी अनंत कुमार, एलएमडी, जीविका, डीपीएम, डाकघर के अधिकारी उपस्थित रहे।

अहिवरण जयंती: वर्णवाल समाज को सत्ता और संगठन में राजनीतिक अधिकार दिलाने पर हुई चर्चा

▶▶समाज में आपसी एकजुटता और तालमेल बनाए रखें: कुंदन प्रकाश

राष्ट्रीय खबर

गया : स्वराजपुरी रोड स्थित श्री मोहनलाल जीरादेई बरनवाल सेवा सदन में गया नगर बरनवाल समाज के बैनर तले समाज के कुल देवता महाराजा अहिवरण जी की जयंती हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचाचीन विशुनदेव प्रसाद, नरसिंह लाल एवं मुनीलाल के द्वारा महाराजा अहिवरण जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण के पश्चात दीप प्रज्वलित कर की गई। इस दौरान बरनवाल समाज की महिलाओं ने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सामूहिक आरती कर अहिवरण जी का आशीर्वाद लिया। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए बरनवाल सेवा सदन के अध्यक्ष कुंदन प्रकाश ने कहा कि समाज में आपसी एकजुटता और तालमेल बनाए रखने की जरूरत है। तभी समाज का सर्वांगीण विकास हो सकता है। समाज में आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को सशक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। अगर एक व्यक्ति अभावग्रस्त परिवार को गोद ले तो समाज में आर्थिक विपन्नता नहीं आएगी। संरक्षक जितेंद्र कुमार ने कहा की बिहार में बरनवाल समाज को सभी राजनीतिक दलों ने उपेक्षा कर ठगने का काम किया है। आबादी के अनुसार बरनवाल समाज को सत्ता और संगठन में उसका वाजिब हक नहीं मिल पा रहा है।वर्णवाल समाज को राजनीति में अधिकार मिलनी चाहिए। आने वाले आम चुनाव में जो राजनीतिक पार्टियां बरनवाल समाज को टिकट देगा। पूरा समाज मिलकर उसे वोट देकर जितायेगा। वहीं अन्य वक्ताओं ने भी महाराजा अहिवरण जी के व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुये कहा कि बरनवाल समाज की उत्पत्ति अहिवरण जी ने की थी। साथ ही वर्णवाल समाज के उत्थान,प्रगति और महिलाओं के सशक्तिकरण पर चर्चा की। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम में बरनवाल सेवा सदन के अध्यक्ष कुंदन प्रकाश, सचिव महेंद्र प्रसाद सहारा, नारायण प्रसाद, राजेश कुमार, राकेश कुमार,राजेश कुमार, निरंजन कुमार, वीरेंद्र कुमार, शंभू नाथ, जितेंद्र प्रसाद सांई,महिला समिति की सचिव भारती प्रियदर्शनी, संगीता बरनवाल, निक्की बरनवाल,सीमा बरनवाल सहित बड़ी संख्या में वर्णवाल समाज के लोग उपस्थित थे।अंत में धन्यवाद ज्ञापन दिनेश गांधी एवं मंच का संचालन राजेश कुमार ने किया।

साउथ कोरिया के पर्यटकों ने नंदनगढ़ पहुंच पूजा-अर्चना किया

राष्ट्रीय खबर

लौरिया, पच : प्रखण्ड स्थित ऐतिहासिक बौद्ध स्थल नंदनगढ़ का बौद्ध स्तूप अद्भुत और विश्वस्तरीय है। ऐसा बौद्ध स्तूप विश्व में और कहीं अन्यत्र नहीं है। यहां आकर बहुत शांति और प्रसन्नता मिल रही है। उपर्युक्त विचार बुधवार को साउथ कोरिया से नंदनगढ़ पहुंच भगवान बुद्ध का पूजा अर्चना करने के उपरांत मॉन्क लीम जंगसुक ने व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह भगवान बुद्ध का सबसे बड़ा और दार्शनिक बौद्ध स्तूप है। यहां पहली बार आने की बात बताया, उन्होंने कहा कि जब अगली बार अन्य आउंगा तो साउथ कोरिया के सैकड़ों बैद्धिट को साथ लाउंगा। उन्होंने कहा कि हमारे साथ कुल 12 व्यक्ति हैं। इसमें कुछ मॉन्क हैं तो कुछ अनुयाई हैं। उन्होंने बताया कि हमसब राजगीर, वैशाली, केसरिया के रास्ते लौरिया के अशोक स्तंभ पर आकर अपने इष्टदेव बुद्ध का दर्शन कर रहे हैं। यहां के बाद हमसब कुशीनगर जाएंगे। इन्होंने कहा कि यहां पहुंचकर आत्मीय प्रसन्नता मिली।अन्य बौद्धिष्ठो में चो योग सूक, सीन यू लीम, चो यू लिम, सी यू लिम मुख्य हैं।

वर्ल्ड टूर नाइट जैसी वाइब के साथ मनावें नववर्ष की पूर्व संध्या

▶▶अभिनेत्री यामिनी सिंह व सिंगर सलोनी ठाकुर करेंगे मनोरंजन

राष्ट्रीय खबर

पटना : राजधानी पटना के एग्जीबिशन रोड स्थित होटल गार्गी ग्रैंड में नए साल को बेहतर करने के लिए विभिन्न तरह के आयोजन किया गया है। नव वर्ष के पूर्व संध्या को स्पेशल बनाने के लिए मुजरा, लजीज व्यंजन और धमाकेदार डांस के साथ मशहूर अभिनेत्री यामिनी सिंह के साथ थिरकने का मौका मिलेगा। मॉकटेल की स्पेशल रेंज के साथ वर्ल्ड टूर नाइट जैसी वाइब फील देगा। उक्त जानकारी होटल के जेनरल मैनेजर विवेक कुमार, शेफ निलेश, डायरेक्टर ऑफ सेल्स राकेश सिंह, पीआरओ स्निग्धा पांडेय ने दी। उन्होंने संयुक्त रूप से बताया कि इस बार भी यह कार्यक्रम बेहद खास होने वाला है। जिसमें भाग लेने को कपल के लिए 4999 रुपए, स्टैग 2999 रुपए और किड्स के लिए 1499 रुपए एंट्री फी है व बुकिंग के लिए 9771497932 जारी किया गया है।

भगवत-कृपा के सम्मुख कोई भी बाधा टिक नहीं सकती : आचार्य त्रिपाठी

भगवत्सेवा न तो कोई कर्मकाण्ड और न पार्ट टाईम जाब है, यह सिर्फ प्रभु में तन्मयता है

राष्ट्रीय खबर

पटना/वाराणसी : घोर कलिकाल में ज्ञान, कर्म, भक्ति, आदि मोक्ष-प्राप्ति के साधनों की न तो पात्रता रही है और न क्षमता ही है। इन साधनों के उपयुक्त देश, काल, द्रव्य, कर्ता, मंत्र और कर्म या तो नष्ट हो गये हैं या दूषित हो गये हैं। अतः इन उपायों से मोक्षप्राप्ति या भगवान की प्राप्ति कर सकना संभव नहीं रह गया है। श्री वल्लभाचार्य जी के इस मत को अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त आचार्य चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी ने रामनगर में आयोजित श्री मृत्युंजय महायज्ञ एवं भागवत प्रवचन के दौरान कही। जिनके पास भगवत-प्राप्ति के उपाय रूप कर्म, ज्ञान, भक्ति आदि कोई साधन नहीं है, ऐसे निःसाधन भक्तों के लिए भगवत-कृपा ही भगवत्प्राप्ति का एकमात्र साधन है, यही पुष्टिमार्ग है। श्रीमद् वल्लभाचार्य ने अपने भक्तिमार्ग का नामकरण पुष्टिमार्ग श्रीमद्भागवत के आधार पर किया है। श्रीमद्भागवत में शुकदेवजी ने पुष्टि अर्थात् पोषण का अर्थ भगवान का अनुग्रह किया है। भगवान श्रीकृष्ण का अनुग्रह या कृपा ही पुष्टि है। अनुग्रह या कृपा भगवान के सभी दिव्य धर्मो में सबसे बलिष्ठ है। भगवत-कृपा के सम्मुख भगवत-प्राप्ति में बाधा उपस्थित करने वाले काल, कर्म, स्वभाव आदि कोई भी बाधक तत्व टिक नहीं पाते हैं। शास्त्रों में भगवान की प्राप्ति करने के ज्ञान, भक्ति आदि जो भी साधन बताये गये हैं, वे सब जीव-कृति-साध्य है, अर्थात उन साधनो के लिए जीव को स्वयं प्रयत्नशील होना पड़ता है, स्वयं ही इनकी साधना करनी पड़ती है, इसलिए इन्हे विहित साधन भी कहा जाता है। इन मार्गो को मायार्दामार्ग अभिधान दिया गया है। शास्त्रों में वर्णित मयार्दा मार्ग के ऊपर बताये गये विहित साधनों के अभाव में भी, जीव की पात्रता-अपात्रता, योग्यता-अयोग्यता पर विचार न करते हुए जब भगवान अपने स्वरूप बल से, भगवद्-सामर्थ्य से जीव का उद्धार कर देते हैं तो उसे पुष्टि कहा जाता है।

भगवत्सेवा न तो कोई कर्मकाण्ड और न पार्ट टाईम जाब है। भगत्सेवा तो भगवत-प्रवणता है, प्रभु में तन्मयता है। जैसे गंगा की धारा निरन्तर बहती ही रहती है तथा अन्ततः अपनी गन्तव्य समुद्र में मिल जाती है, उसी प्रकार भक्त के मन में प्रभु के प्रति प्रेम का सतत निरन्तर, अखंड प्रवाह भगवान के प्रति होना चाहिए। उसका मन भगवान में तल्लीन रहना चाहिए। यह स्थिति क्रमशः परिपक्व होती चलती है। इस दौरान चतुर्थ दिवस प्रातः काल काशी के मूर्धन्य विद्वान आकार्य पवन शुक्ला, आचार्य विवेक पांडेय, धीरज ओझा एवं विश्व प्रकाश त्रिपाठी ने वेदियों का पूजन कराया तत्पश्चात सांगोपांग विधि से भगवान आशुतोष का पारद लिंग के ऊपर दुग्धाभिषेक कराया। वहीं यजमान दिनेश यादव ने सपत्नीक पूजन किया।

माओवादियों ने निर्माण कंपनी के दो कर्मियों को मुक्त किया

गया : जिले के लुटूआ थाना क्षेत्र में एक पुल के निर्माण में लगी एक निजी कंपनी के तीन कर्मियों को प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के हथियार बंद दस्ते ने रविवार की रात अपहृत कर लिया था। जिनमें से दो को 30 लाख रुपए की लेवी की मांग के साथ मुक्त कर दिया जबकि एक अब भी उनके कब्जे में है। पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) विनय कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए सोमवार को बताया कि गया पुलिस अर्द्धसैनिक बल के साथ मिलकर अपहृत कर्मी शाहबाज खान की सकुशल बरामदगी के लिए प्रयासरत है।उन्होंने आगे कहा कि नक्सलियों के खिलाफ पड़ोसी राज्य झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र में तलाश अभियान जारी है। गया जिले के लुटूआ थाना क्षेत्र अंतर्गत साथ ले गए।

वंदेभारत के बाद अब बिहार को अमृत भारत एक्सप्रेस की सौगात

पटना : वंदेभारत एक्सप्रेस के बाद अब बिहार के लोगों को नई ट्रेन अमृत भारत एक्सप्रेस की सौगात मिलने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 दिसंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दिल्ली और दरभंगा के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा सकते हैं। नई ट्रेन उत्तर प्रदेश के अयोध्या को बिहार के सीतामढ़ी को जोड़ेगी। दोनों स्थान अपने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के लिए जाने जाते हैं। हालांकि, रेलवे बोर्ड की ओर से इस आशय की आधिकारिक अधिसूचना अभी जारी नहीं की गई है।

पुस्तकालय भवन का हुआ उद्घाटन

कोचस (रोहतास): स्थानीय नगर पंचायत के बंगला परिसर मे पुस्तकालय का उद्घाटन बुधवार को बीडीओ दीप चंद जोशी एवं जिप सदस्य पूर्वी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान पेंशनर समाज के लोग व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पुस्तकालय भवन का बारीकी से निरीक्षण किया।

शहर ›› अपडेट

सड़क दुर्घटना मे दो घायल

बुढ़मू : ठाकुर गांव मुख्य पथ में बुढ़मू थाना मोड़ के पास तेज रफ्तार से आ रहे कार और मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर में मोटरसाइकिल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार अजय मुंडा (22) वर्ष, मक्का निवासी और पंकज साहू(21) बुढ़मू निवासी बाईक से बुढ़मू ब्लॉक की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार से धक्का लगने से बाइक सवार लोग घायल हो गए। ग्रामीणों के सहयोग से स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। समाचार लिखे जाने तक दोनों घायलों का इलाज स्वास्थ्य केंद्र बुढ़मू में डॉक्टरों की देख रेख में चल रहा है।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स ››

प्रदेश शिक्षक संघ की बैठक

बुढ़मू : प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक बुधवार को किसान उच्च विद्यालय पिठोरिया में जगरानी कुजूर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संघ का पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष जगरानी कुजूर,उपाध्यक्ष प्रकाश कुमार चौधरी,प्रधान महासचिव प्रदुम्न पांडेय,महासचिव दिनेश कुमार बनाये गए। वही कमेटी में कोषाध्यक्ष मधुसूदन साहू,जिला अध्यक्ष विनय कुमार मिश्रा चुने गये। मौके पर संघ के दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

संस्कृति हमारी पहचान : सविता महतो

चांडिल : चांडिल प्रखंड क्षेत्र के चीलगु पंचयात अंतर्गत भुइयांडीह में क्रिसमस के मौके पर तीन दिवसीय मेला का आयोजन किया गया। मेले के दूसरे दिन कमेटी की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित विधायक सविता महतो ने विधिवत रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान डांस ग्रुप चोडा के कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। वही सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने के लिए आसपास के लोगों की काफी भीड़ उमड़ी।इस दौरान विधायक सविता महतो ने अपने संबोधन में कहा कि संस्कृति हमारी पहचान है इसे बचाए रखने की जरूरत है। मौके पर जिला परिषद सदस्य पिंकी लायेक, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, समाज सेवी दिलीप महतो, पूर्व जिला परिषद सदस्य ओम प्रकाश लायेक, शहरबेड़ा ग्राम प्रधान रवींद्रनाथ तंतुबाई, शंकर लायेक, बादल महतो, मिलन तंतुवाई आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

संक्षिप्त ›› अपडेट्स

पीडीएस दुकानदार जाएंगे हडताल पर

तमाड : ऑल इंडिया फेयर प्राईज शॉप फेडरेशन के आह्वान पर केंद्र सरकार के दमनकारी नीतियों के विरुद्ध मानदेय,पूर्ण की भांति अनुकंपा बहाल करने, कोरोना काल के बकाया कमीशन एवं अन्य लंबित मांगों के समर्थन में तमाड़ प्रखंड के जन वितरण दुकानदार 1 जनवरी 2024 से देशव्यापी अनिश्चित कालीन हड़ताल में रहने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष प्रजापति,प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अभिजीत चेल को ज्ञापन सौंपा। डीलर संगठन तमाड़ के प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार अहीर,सचिव मशकुर अंसारी,सचिव प्रलाद महतो,मीडिया प्रभारी संतोष कुमार मुंडा,ब्रजेश प्रसाद,देवशरण मुंडा,पूजा महतो,हराधन लोहरा,शिवशंकर सेठ,विश्राम सेठ,राजेश उरांव,सुलेखा रेखा देवी,गीता देवी,सुबानी कुंदीर, मलिंद्र चौधरी,फलींद्र सेठ,फूलचंद पतार,राम अयोध्या पतार,दिगंबर महतो,बसंती देवी,रंभा देवी,पद्मिनी देवी,असंगिनी देवी,लिलमणि देवी एवं सभी डीलर उपस्थित थे ।

आक्रोश पुलिस कप्तान मुखदर्शक बनकर पीड़ित महिला के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम कर रहे हैं

बोकारो पुलिस भ्रष्टाचार और अत्याचार की सीमा कर चुकी है पार : डॉ प्रकाश

- यह स्थिति बोकारो के इतिहास में पहली बार देखी गई है
- महिला के मामले में कोई सुनवाई नहीं हुई है

राष्ट्रीय खबर

बोकारो : बोकारो में पुलिस का भ्रष्टाचार और अत्याचार अपना चरम सीमा पार कर गया है। ऐसे में पुलिस कप्तान मूकदर्शक बने हुए हैं। जिसे बोकारो की जनता कभी भी बर्दाश्त नहीं कर सकती। उक्त बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ प्रकाश ने कुम्हरी में आम लोगों के आक्रोश को शांत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बीते दिनों चास मुफ्फसिल थाना प्रभारी ने महिला को अपनी गाड़ी चलवाने की एवज में हमबिस्तर होने को कहकर पुलिस की सभी मयार्दाओं को तार-तार कर दिया है। यही नहीं पूरे जिले के थानों की यही स्थिति है। महिला चिल्ला-चिल्ला कर कह रही है कि थानेदार ने उसके साथ अत्याचार किया है। बावजूद इसके पुलिस कप्तान मुखदर्शक बनकर पीड़ित महिला के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम कर रहे हैं। यह स्थिति बोकारो के इतिहास में पहली बार देखी गई है। जहां थाना और एसपी कार्यालय का चक्कर काटने के बाद भी महिला के मामले में कोई सुनवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि बोकारो में विगत एक माह के अंदर 6 से अधिक हत्या की घटना घटी है। जिसमें एक भी मामले का उद्वेदन बोकारो पुलिस नहीं कर पाई है। जिस कारण बोकारो की जनता अब अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगी है। यह स्थिति बर्दाश्त के बाहर है जिस कारण इसकी शिकायत पुलिस महानिरीक्षक और राज्यपाल से की जाएगी। ताकि अफसर पर लगाम लगाया जा सके। यदि स्थिति नहीं सुधरी तो बड़ा आंदोलन भी किया जाएगा।

स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान ने बचत उद्यान का किया निरीक्षण

राष्ट्रीय खबर

बोकारो : स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा बचत उद्यान बचाओ अभियान के तहत बुधवार को सिटी सेंटर स्थित बचत उद्यान जिसका वर्तमान नाम ओएनजीसी पार्क है कि दुर्दशा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल ने कहा कि यह पार्क बोकारो इस्पात संयंत्र प्रबंधन और ओएनजीसी की लापरवाही तथा अनदेखी के कारण अपना न सिर्फ अस्तित्व खो रहा है बल्कि नशेड़ियों, असामाजिक तत्वों और खानाबदोशों का अड्डा बन गया है। पार्क में चारों तरफ झाड़ियां और गंदगी भरी पड़ी है तो लोगों ने इस पार्क को मूत्र त्यागने का सबसे सुरक्षित स्थान बना लिया है। दुर्गंध इतनी अधिक व्याप्त है कि पांच मिनट भी खड़ा हो पाना कठिन है। ज्ञात हो कि इस पार्क का सुंदरी कारण तथा देखरेख करने के लिए ओएनजीसी ने बोकारो इस्पात संयंत्र से गोद लिया है मगर इसका जरासा भी ध्यान इस पार्क पर नहीं है। ओएनजीसी इस पार्क का नाम बचत उद्यान से बदल कर ओएनजीसी पार्क रखकर अपनी जिम्मेदारी भूल गया है। इस पार्क में बना शौचालय भी बंद ही रहता है। उन्होंने सिटी सेंटर के सभी व्यवसायियों एवं यहां निवास करने वालों को आह्वान किया कि इस पार्क को बचाने एवं सुंदर बनाने के लिए आगे आएं और संस्थान की मुहिम से जुड़ें। ताकि सिटी सेंटर के लोगों और यहां आने वाले लोगों को एक सुव्यवस्थित पार्क मुहैया हो सके तथा यहां का पर्यावरण भी सुदृढ़ बने। मौके पर रघुबर प्रसाद, अखिलेश ओझा, अधिवक्ता रमण ठाकुर, मानवाधिकार मिशन के प्रदेश अध्यक्ष राजीव मिश्र, गौरी शंकर सिंह, मृणाल चौबे, अजीत भगत, वीरेंद्र चौबे, लक्ष्मण शर्मा, बीरेंद्र मिश्र, अभय कुमार गोलू, विजय त्रिपाठी, भगवान पांडेय, ममता गोस्वामी, रोहित सिंह, अनिल उपाध्याय, योगेंद्र सिंह सहित कई पर्यावरण रक्षक उपस्थित थे।

विधायक ने किया पुल का शिलान्यास

राष्ट्रीय खबर

बुढ़मू : बुढ़मू तथा कांके प्रखंड के सीमावर्ती ऐतिहासिक धोरधोरा महादेव धाम स्थित जुमार नदी में पुल का शिलान्यास किया गया। 3.26 करोड़ से बनने वाले पुल का शिलान्यास मुख्य अतिथि विधायक समरीलाल, जिप सदस्य मनोज वाजपेयी, सुषमा देवी,ठाकुरगांव मंडल अध्यक्ष उत्पल शाहदेव,पिठोरिया मंडल अध्यक्ष गोपाल महतो ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र के सभी मूलभूत समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। साथ ही विधायक ने धाम में विवाह मंडप व शेड बनाने का घोषणा किया। वहीं विधायक ने ठाकुरगांव में डीएमएफटी फंड से 1300 फीट पीसीसी सड़क का भी शिलान्यास किया। धोरधोरा धाम में पुल का शिलान्यास कार्यक्रम में सांसद संजय सेठ के नहीं आने पर स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त था। मौके पर बरौदी, काटमकुली के ग्रामीणों ने कहा कि अक्सर सांसद इस क्षेत्र में आयोजित सार्वजनिक कार्यक्रमों की अनदेखी करते हैं। साथ ही ग्रामीणों ने कहा कि इस क्षेत्र के समस्याओं के प्रति भी उनका रवैया उदासीन रहता है। मौके पर सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

ईआरओ-एईआरओ को मिला आइटी एप्लीकेशन का प्रशिक्षण

राष्ट्रीय खबर

बोकारो : लोकसभा निर्वाचन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों, कर्मियों के लिए जिला परिषद कार्यालय सभागार में आयोजित छह दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन बुधवार को प्रथम पाली में सभी निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ, सीओ, कंप्यूटर ऑपरेटर को क्रमशः ईआरओ नेट -आइटी एप्लीकेशन का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं, दूसरी पाली में ईवीएम -वीवीपैट का प्रशिक्षण सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर को दिया गया। मौके पर निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता, निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो शैलेश कुमार, निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह डीसीएलआर नरेश रजक, सभी सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ, सीओ, विभिन्न प्रखंडों के कंप्यूटर ऑपरेटर समेत जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मी आदि उपस्थित थे।

विधायक ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास

राष्ट्रीय खबर

तमाड़: तमाड प्रखंड क्षेत्र के गुटिबारू मे स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा ने बुधवार को ग्रामीण कार्य विभाग ग्राम सड़क योजना अंतर्गत गुटीबारु प्रकाश होटल के समीप से हाई स्कूल तक 1किलोमीटर 8 सौ मीटर पीसीसी पथ जो लगभग 1 करोड़ 17 लाख की राशि से बनने वाली है का शिलान्यास नारियल फोड़ कर किया। इस मौके पर गुटिबारु गाँव के ग्रामीण ने विधायक के समक्ष खेतो मे पानी सम्बंधित डिफ बोरिंग सहित अन्य समस्या को रखा। विधायक ने उपस्थित ग्रामीणों को आस्वत करते हुए कहा की आपलोगो के समस्या को दूर करने का हर संभव प्रयास करेंगे, मौके पर विधायक ने कहा की बहुत जल्द तमाड़ विधानसभा क्षेत्र मे 17 उच्च स्तरीय सड़क का निर्माण कार्य किया जायेगा, सड़को की स्वीकृति मिल चुकी है इससे पूर्व विधायक का स्वागत ग्रामीणों ने ढोल नगाड़े के साथ की। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि ,ऋषिकेश महतो, बासू सेठ,अरविंद यादव, ,प्रदीप मुंडा,मेंथा पाल, संतु गुप्ता, मुखिया नन्द किशोर सिंह मुंडा कुमुद मुंडा कार्यकर्ता ओर ग्रामीण उपस्थित थे।

अवसर संयुक्त रूप से द्वीप जलाकर सम्मेलन कार्यक्रम का उद्घाटन किया

अहिरवरण महाराज की जन्म सती पर बरनवाल सम्मेलन

राष्ट्रीय खबर

जैनामोड़ : जैनामोड़ स्थित बरनबाल धर्मशाला में अहिरवरण महाराज की जन्म सती पर बरनवाल सम्मेलन का आयोजन किया गया। बोकारो विधायक सह सचेतक बिरंची नारायण, गिरिडीह सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी, एसएसएल प्रबंधक डॉ संतोष कुमार, बांधडीह उत्तरी पंचायत समिति सदस्य कवि शरण बरनवाल आदि ने संयुक्त रूप से द्वीप जलाकर सम्मेलन कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने हिस्सा लेकर मनमोहक झांकियां प्रस्तुत किया। झांकी प्रस्तुत करने वाले कलाकारों को सम्मानित किया गया। विधायक श्री नारायण ने कहा कि अहिरबरण जयंती के अवसर पर समारोह का आयोजन कर बरनबाल समाज को एक मंच पर एकजुट करने का प्रयास किया जाता है। महिला अध्यक्ष मीना बरनबाल, भारती बरनबाल, कुसुम बरनबाल, नीलम बरनबाल, जूली, मुक्ता, पूनम, मंजू, शोभा, अंकिता, रिंकी बरनबाल ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। वहीं इस अवसर पर मुख्य रूप से बिजेंद्र कुमार, विजय कुमार, अनिल कुमार, सुरेश कुमार, अनुज कुमार, विनय कुमार, रामचंद्र प्रसाद, रमेश प्रसाद, लखेन्द्र प्रसाद, अशोक कुमार, अजय कुमार आदि उपस्थित थे।

न्यूज फटाफट

दो ट्रक की सीधी टक्कर, चालक जखमी

चास : पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र एनएच 32 काजू वन के पास दो ट्रक की सीधी टक्कर हो गई। जिससे एक ट्रक का चालक जख्मी हो गया। घटना के बाद दूसरे ट्रक का चालक व उपचालक भाग गए। पिंड्राजोरा पुलिस ने जख्मी चालक को उपचार के लिए सदर अस्पताल ले गई। वहीं अवरूद्ध सड़क को खाली कराने के लिए दोनों ट्रक को हाइड्रा के सहारे हटाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या एनएल07एए-2656 लौह पत्थर लेकर पुरुलिया से चास की ओर आ रही थी। वहीं दूसरी ट्रक पुरुलिया की ओर जा रही थी कि काजू वन के पास दोनों ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस घटना से पुरुलिया की ओर जा रही ट्रेलर संख्या आरजी14 जीएल-0128 का चालक का एक पैर बुरी तरह जख़्मी हो गया।

भाजपा मंडल कार्यसमिति का बैठक

तमाड : तमाड भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष विष्णुपद महतो की अध्यक्षता में किया गया। बंदे मातरम गीत के साथ बैठक का प्रारंभ किया गया। बैठक में विषय प्रवेश के साथ स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष द्वारा किया गया। कार्यसमिति बैठक को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा ने पहले कार्यकताओं की उपस्थिति लिया एवं कार्यकताओं को कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी का कार्यकर्ता होने पर हमें गर्व होना चाहिए और उसी अनुरूप हमें संगठनिक मजबूती हेतु कार्य करना चाहिए। प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने अपने बुथ को सशक्त करने पर जोर देकर कार्य करना चाहिए। पन्ना प्रमुख,बुथ समिति, शक्ति केन्द्र सहित पूरे मंडल के टीम को मजबूत करने हेतु प्रत्येक कार्यकर्ता को काम करना चाहिए। बैठक में अपनी बांतों को रखते हुए अंड़की सांसद प्रतिनिधि अनुप साहु ने कहा कि केंद्र की योजनाएं जन-जन और अंतिम पंक्ति में बैठे गरीब लोगों के पास पहुंच रहा है परन्तु विपक्ष और राज्य की हेमंत सरकार द्वारा उसी योजना का श्रेय अपने नाम पर ले रहा है साथ ही राज्य की सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है बावजूद हम भाजपा के कार्यकर्ता मौन रहते हैं। कार्यसमिति बैठक में मंडल अध्यक्ष विष्णु पद महतो के अलावे महावीर सोनी, दिनेश साहु, सुधीर मिश्रा, समरेंद्र मुखर्जी, मृत्युंजय पातर रामधन हजाम, संतोष साहू,राधामोहन महतो, सत्यनारायण महतो, पूर्व जिप सदस्य चैतन पुरान,अभय मुखर्जी,सोहना रविदास, लखन लाल करमाली जयकिशोर प्रमाणिक,सुभाष मुंडा धनेश्वर महतो, राजकिशोर महतो,मदन सिंह मुंडा, सुरेन्द्र साहु, जयपाल योगी, कन्हाई पातर,लंबोदर महतो, गुरुपद महतो, जीतमोहन महतो, चन्दन साहु, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण

सिंचाई योजना के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास

चांडिल : चांडिल प्रखंड क्षेत्र के चिलगु पंचायत के दलमा तराई पर बसे काठजोड़ गांव में बुधवार को लघु सिंचाई प्रमंडल सरायकेला की ओर से मध्यम सिंचाई योजना जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास विधायक सविता महतो व जिप सदस्य पिंकी लायेक ने संयुक्त रुप से शिलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने कहा योजना का जीर्णोद्धार 20 लाख 73 हजार 390 रुपये की लागत से किया जाएगा। विधायक ने कहा योजना का जीर्णोद्धार होने से इसका लाभ ग्रामीणों को मिलेगा। ग्रामीण 12 महीने पानी से अपना खेती कर लाभान्वित होंगे। जिप सदस्य पिंकी लायेक ने कहा योजना से किसानों के साथ-साथ ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, मुखिया करुणा सिंह सरदार, ग्राम प्रधान आनंद सिंह सरदार, शत्रुघ्न सिंह सरदार, बैधनाथ सिंह सरदार, किरानी सिंह, मकर सिंह, रमाकांत दास, धरमु सिंह एवं काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष व झामुमो में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

Office of the Executive Engineer
Soil Investigation Division, Advance Planning, Road Construction Department,
Nirupan Bhawan, Doranda, Ranchi-834002.
Ph. No. 0651-2490406 Email :-eercdapsid-jir@nic.in

Letter No-682Ranchi, Date-26.12.2023

Press Notice Regarding Cancellation of Tender

Due to unavoidable circumstances the Bid invited vide e-Tender Ref. No:- RCD/SID/AP/RAN/13/2023-24,Dated-10-08-2023 (2nd Call) bearing PR No-[306264 Road(23-24)*D] (**Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report (DPR) of Kaliyadinga (NH-06) to Jagannathpur Via Chitreswar, Ranguniya, Kumhardubi Road via Hur Charmuhan including Replacement of Culverts and Bridges, Proposal for Construction of new Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Proposal including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Proposal of Utility Shifting in details etc. as required by the Department (If any) under Road Division Jamshedpur in the State of Jharkhand.)** is here by cancelled with immediate effect.

Sd/-
Executive Engineer,
Soil Investigation Division, Advance Planning,
Road Construction Department, Ranchi.

PR.NO.314447 Road(23-24)(D)

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, राँची
मध्य विद्यालय बी०एम०पी०-1 डोरण्डा परिसर, राँची-834002
Email- jepranchi@gmail.com "समग्र शिक्षा अभियान"

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, जिला कार्यालय, रांची

नेताजी सुभाष चन्द बोस आवासीय विद्यालय में चयन से संबंधित सूचना

विभागीय आदेश संख्या 4113 दिनांक 19.10.2023 एवं पत्रांक 3863 दिनांक 10.10.2023 के आलोक में जिला में संचालित 02 नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालयों में रिक्त पदों पर पूर्णतः अस्थायी एवं अल्प कालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु **योग्य एवं अहर्ताधारी महिला/पुरूष अभ्यर्थियों (बालक विद्यालय, जो बरियातु, राँची में संचालित हैं, मे महिला एवं पुरूष तथा बालिका विद्यालय, जो ओरमांझी में संचालित हैं, के लिए सिर्फ महिला अभ्यर्थियों)** से दिनांक **30.12.2023 से 10.01.2024** तक कार्यालय के वेबसाईट www.dseranchi.com पर ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है । ऑनलाईन भरे हुए आवेदन का प्रिंट आँउट निकालते हुए अपने सभी अपलोड किए गए शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक अंक पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र की स्वः अभिप्रमाणित छाया प्रति को एक लिफाफे में डालते हुए उसे दिनांक **15.01.2024** तक **जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना, राँची, मध्य विद्यालय बी.एम.पी डोरण्डा परिसर, राँची पिन कोड 834002** पर निबंधित डाक से भेजना सुनिश्चित करेंगे । लिफाफे के उपर **नेताजी सुभाष चन्द आवासीय विद्यालय में चयन, Online Registration No,** आवेदित पद का नाम एवं कोटि, **School Category (Boys/Girls)** निश्चित रूप से अंकित होना अनिवार्य होगा ।

प्रकाशित विज्ञापन की विस्तृत विवरणी, यथा चयन की शर्ते,अहर्ता एवं कोटिवार रिक्तियों की स्थिति एवं अन्य दिशा निदेश जिले के वेबसाईट www.dseranchi.com पर उलब्ध है ।

ह०/-
जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, राँची
उपायुक्त-सह-अध्यक्ष
झारखंड शिक्षा परियोजना, राँची

PR 314494 (Human Resource Developement) 23-24 (D)

शहर ›› अपडेट

विशेष अभियान के तहत पांच गिरफ्तार

मझौलिया, प.च. : पुलिस ने विशेष छापामारी में विभिन्न जगहों से पांच अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उपर्युक्त जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अभय कुमार ने बताया कि प्राथमिक अभियुक्त नरेश सहनी दिनेश सहनी दोनों लालसरैया टोला बैरिया तथा न्यायालय के वारंटी ध्रुव पासवान नानोसती व शराब पीकर हो हल्ला करने के मामले में एक पिंटू कुमार परसा बाबू टोला, एक पूर्व के शराब कारोबारी विश्वनाथ चौधरी माधोपुर निवासी को गिरफ्तार कर मेडिकल जांचों उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

सिटी

समस्तीपुर में बारातियों की पिटाई, खाने के बाद लौटने लगे तो घेर-घेरकर मारा

समस्तीपुर: शादी समारोह में मंगलवार की रात दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प में बाराती पक्ष से एक व्यक्ति की मौत हो गई. घटना में पांच बाराती भी जख्मी हो गए. इनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है. जख्मी हुए सभी लोगों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में हुआ. यहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है. मृतक की पहचान शिव शंकर राय के रूप में की गई है. इस घटना से गुस्साए लोगों ने बुधवार (27 दिसंबर) की सुबह चंदन चौक के समीप पटोरी-मदुदाबाद और पटोरी-समस्तीपुर मार्ग को बांस-बल्ला लगाते हुए टायर जलाकर सड़क जाम करते हुए हंगामा करने लगे. जानकारी मिलने के बाद पुलिस पदाधिकारी और अन्य जवान मौके पर पहुंचे. स्थिति को नियंत्रित किया. सड़क जाम कर हंगामा कर रहे लोग घटना में शामिल लोगों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे.तारा धमौन गांव के संजय राय की पुत्री की शादी में बिशनपुर पहाड़पुर से बारात पहुंची थी. दरवाजा लगने के दौरान डीजे पर डांस करने को लेकर बाराती-सराती में विवाद हो गया. इस दौरान दोनों तरफ से जमकर नोकझोंक हुई. स्थानीय लोगों ने दोनों पक्ष को समझाते हुए मामले को शांत करा दिया.

संक्षिप्त ›› अपडेट्स

पेयजलापूर्ति में लेटलतीफी से डीएम नाराज, 45 दिनों के अंदर सभी कार्यो को करें पूर्ण

डॉ शशि कांत सुमन

मुंगेर। मुंगेर जिले में चल रही विभिन्न तकनीकी विभाग की समीक्षा बैठक मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय वेश्म में जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह सहित विभिन्न तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंता,सहायक अभियंता उपस्थित थे । जिलाधिकारी ने जिले में चल रही विभिन्न प्रकार के योजनाओं की प्रगति पर चर्चा करते हुए सभी योजनाओं को ससमय पूर्ण करते हुए लाभुकों को योजनाओं का लाभ दिलाने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उन्होंने कार्यपालक अभियन्ता विद्युत को निदेशित किया कि सभी कनीय अभियन्ता अपने कार्यालय में शुक्रवार को अवश्य रूप से उपस्थित रहेंगे, ताकि शुक्रवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में उपभोक्ता अपनी समस्या रख सकें और तत्काल उनके आवेदन पर कार्रवाई कर समस्या का निराकरण किया जा सके। जिले में पेयजलापूर्ति योजना के धीमी गति से चल रहे कार्य पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त करते हुए बुडको के अभियन्ता को जल आपूर्ति का कार्य सभी 45 वार्डो में जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल मुंगेर से मुंगेर जिला अंतर्गत चल रही योजनाओं के सम्बंध में जानकारी ली गई एवं निदेशित किया गया कि गुणवत्ता पूर्ण पानी आपूर्ति की जाय।

पंचायती राज विभाग नियमावली की अनदेखी अनुरक्षको का जिला मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन

अनुरक्षकों की जगह पर वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण

ब्रज भूषण कुमार

बेतिया पचं.: पश्चिम चम्पारण जिला में पंचायती राज नियमावली का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। जिला पंचायती राज विभाग का यह आलम है कि अनुरक्षकों की जगह वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसका खुलासा करते हुए दर्जनों अनुरक्षकों ने समाहरणालय के समक्ष प्रदर्शन किया। जिला पदाधिकारी से लेकर जिला पंचायती राज पदाधिकारी को इस बावत ज्ञापन भी सौंपा। नल जल योजना अंतर्गत उसकी देखरेख करने के लिए पत्रांक 1153 दिनांक 13 फरवरी 19 में भूमिदाता अनुरक्षकों का चयन वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं पंचायत सचिव ने ग्राम सभा का आयोजन कर किया। तब से लेकर अब तक सभी अनुरक्षक के रुप में कर्त्तव्य निर्वहन करते आ रहे हैं, परंतु पंचायती राज विभाग के पत्रांक 10772 दिनांक 09 अक्टूबर 2023 के दृष्टिगत जिला में एनएसडीसी के माध्यम से अनुरक्षकों का प्रशिक्षण कार्य संचालित है। उपर्युक्त प्रशिक्षण से कार्यरत सभी अनुरक्षकों को वंचित कर दिया गया है। उपर्युक्त विचार उमेश महतो अध्यक्ष जिला अनुरक्षक संघ ने बेतिया समाहरणालय के समक्ष प्रदर्शन के क्रम में उपस्थित अनुरक्षकों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पत्र में कहीं भी उल्लेख्य नहीं है कि वार्ड सदस्य ही प्रशिक्षण में भाग लेंगे तथा कार्यरत अनुरक्षक भाग नहीं लेंगे। इस प्रशिक्षण में कार्यरत अनुरक्षकों को वंचित कर अनुरक्षक से भेदभाव किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्रारंभ होने से 30 मिनट पूर्व प्रशिक्षण केंद्र पर उपस्थित होकर व्यवस्था का अवलोकन करेंगे। प्रशिक्षण अवधि में आकस्मिक स्थिति उत्पन्न होने पर प्रशिक्षण के सामान्य विभाग के वरीय पदाधिकारी को सूचना से अवगत कराएंगे। प्रत्येक चरण के प्रशिक्षण के अंतिम दिवस को प्रतिभागियों का फीडबैक रिपोर्ट सम्बंधित पदाधिकारी से प्राप्त किया जाएगा तथा वे उपर्युक्त फीडबैक रिपोर्ट को पेन ड्राइव में लिंक कर अपलोड करना सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण के उपरांत प्रतिभागियों को जिला के वरीय पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रमाण पत्र वितरण करना सुनिश्चित करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रेस (मीडिया) की सहभागिता सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अनुरक्षक अभय कुमार राय, उमानाथ भगत, सुनील गिरी, पूनम देवी, अनूप कुमार, राजेश्वर शर्मा, संजय भगत, अब्दुल कादिर, रंजीत कुमार, दीनानाथ दास व अन्य अनुरक्षक उपस्थित रहे।

पंचायत उपचुनाव को लेकर प्रत्याशियों की धड़कनें तेज, मतदान आज

मतदान सामग्री लेकर देर शाम मतदान कर्मी हुए अपने मतदान केंद्रो के लिए रवाना

राष्ट्रीय खबर

बगहा : पंचायत उपचुनाव को लेकर प्रत्याशियों की धड़कनें तेज हो गईं हैं। आज चिन्हित मतदान केन्द्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक वोट डाले जाएंगे। पंचायत उपनिर्वाचन को लेकर प्रशासनिक तैयारी लगभग पूरी कर ली गयी है। चुनाव को लेकर प्रखंड बगहा-2 के आरओ सह रामनगर बीडीओ चंद्र गुप्त बैठा के पर्यवेक्षण में ईवीएम सीलिंग कार्य के बाद पोलिंग पार्टी को चुनाव सामग्री सौंपा गया। जानकारी के अनुसार मतदान सामग्री वितरण के समय पांच मतदान कर्मी अनुपस्थित रहे। जिनमें पोलिंग पार्टी के तीन व रिजर्व पार्टी के दो मतदान कर्मी शामिल हैं। आरओ ने कारवाई के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। मतदान सामग्री प्राप्त होने के बाद सभी मतदान कर्मी वोटिंग के लिए अपने-अपने केंद्रो पर रवाना हुए। बुधवार को पीसीसीपी और पोलिंग पार्टी ब्रीफिंग के बाद ईवीएम तथा चुनाव सामग्रियों के साथ मतदान केंद्र के लिए रवाना हुए। आरओ सह बीडीओ चंद्र गुप्त बैठा ने बताया कि बैराटी बरियरवा पंचायत में मुखिया पद के लिए 11 प्रत्याशी जबकि नयागांव पंचायत में सरपंच पद के लिए तीन प्रत्याशी मैदान में हैं। दोनों पंचायतों में कुल 35 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जहां आज सुबह 7 बजे से दोपहर 5 बजे तक मतदान होगा। मतदान के लिए एक बूथ पर 5 सहित 35 बूथों के लिए 175 मतदान कर्मी को लगाया गया है। वहीं 10 मतदान कर्मी को विशेष परिस्थिति के लिए सुरक्षित रखा गया है। बैराटी बरियरवा पंचायत में चुनाव को लेकर 5 मजिस्ट्रेट व दो सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई हैं। साथ ही नयागांव रामपुर में 6 मजिस्ट्रेट व दो सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। गुरुवार को मतदान के बाद शनिवार को प्रखंड मुख्यालय में बने मतगणना केंद्र पर मतगणना की जायेगी।

लंबे समय से फरार चल रहा हरियाणा निवासी शराब माफिया गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर

मधुबनी: धनहा थाना पुलिस ने एक शराब मामले के प्राथमिक अभियुक्त को हरियाणा के सोनीपत से गिरफ्तार किया है। जिसे थाना लाने के बाद जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध धनहा थाना में कांड संख्या 207/22 दर्ज किया गया था। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि 26 अगस्त 2022 को हरियाणा से कार पर लाद लाई जा रही 267 लीटर अंग्रेजी शराब को एक कार से जप्त किया था। पुलिस ने जांच के दौरान शराब सहित सोनीपत हरियाणा की एक महिला शराब तस्कर अनीता वर्मा पति बलवान वर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया था। वही चालक कार छोड़ फरार हो गया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब तस्करी करने के मामले के मुख्य आरोपी हरियाणा सोनीपत के कार मालिक मंजीत मलिक को भी इस मामले में अभियुक्त बनाया गया था। लेकिन मनजीत मलिक की गिरफ्तारी के लिए धनहा थाना के एसआई रामाशंकर सिंह एवं सुनील सिंह कई बार हरियाणा पहुंचे। लेकिन गिरफ्तार नहीं हो सकी। लगभग एक सप्ताह पहले शराब माफिया मंजीत मलिक के गिरफ्तारी के लिए एसआई रामाशंकर सिंह एवं सुनील सिंह गठित टीम के साथ हरियाणा पहुंचे। जहां सोनीपत से मंजीत मलिक की गिरफ्तारी हुई। उन्होंने बताया कि मंजीत मलिक से पूछताछ के बाद जेल भेजा जाएगा।

दिखाई गई साहिबजादों के जीवन पर आधारित फिल्म

राष्ट्रीय खबर

गया : वीर बाल दिवस एवं सिखों के नौवें गुरु हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर जी के 348 वां शहीदी दिवस के उपलक्ष्य पर स्थानीय गुरुद्वारा परिसर में श्री गुरु सिंह सभा की ओर से गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादे जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह के जीवन पर आधारित वृतांत सचित्र दिखाया गया। साथ ही उनके जीवनपर आधारित फिल्म दिखाकर उनके साहस और वीरता से परिचित कराया गया। जिसमें सिख समाज के लोगों के अलावा अन्य समाज के लोग भी देखने पहुंचे। कार्यक्रम के प्रभारी सह श्री गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के उपाध्यक्ष सरदार रौनक सिंह सेठ ने बताया की केंद्र सरकार ने वीर बाल दिवस मना कर एक बेहतर कार्य किया है। ताकि आगामी पीढियों को चार साहिबजादों के इतिहास और वीरता की जानकारी मिल सके। आज हम सभी को उनके त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेना चाहिए। गुरुद्वारे में पूर्व मंत्री सह नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार ने चार साहिबजादे को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाबा जोरावर सिंह जी एवं बाबा फतेह सिंह जी के त्याग और बलिदानों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। केंद्र के नेतृत्व वाली नरेंद्र मोदी की सरकार ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस का आयोजन कर देश के युवाओं को त्याग और पराक्रम से परिचित कराने का कार्य किया है। जिन्होंने वाल्यावस्था में ही धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। मौके पर भारत विकास परिषद नगर शाखा के अध्यक्ष विश्वनाथ मेहरवार, सचिव रौनक सिंह सेठ,प्रांतीय महासचिव मुकेश कुमार, संजय कुमार, अनिल लोहानी, शैलेश श्रीवास्तव,प्रदीप जैन,मनोज सिन्हा शुभम श्रीवास्तव, पंकज लोहानी, अमित लोहानी सहित बड़ी संख्या में सिख समुदाय के लोग उपस्थित थे।

वीर बाल दिवस पर गुरुद्वारे में चार साहिबजादों को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

मोबाइल छिनने के क्रम में ट्रेन से गिरी छात्रा की मौत, मामले में तीन गिरफ्तार

22 दिसंबर को पीएमसीएच में छात्रा ने ली थी अंतिम सांस

छापेमारी टीम में शामिल कर्मियों को मिलेगा अवार्ड

राष्ट्रीय खबर

सुगौली पू.च : स्टेशन पर दारोगा बहाली के परीक्षा में शामिल होने जा रही युवती सलोनी कुमारी से झपट्टामार गिरोह के सदस्यों ने मोबाइल छिनतई की घटना को अंजाम दिया था। वही इस घटना में सलोनी कुमारी ट्रेन से गिर गई और ट्रेन की चपेट में आ गई जिसमें उसने हाथ और पैर गंवा दिया।घटना के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे पटना के पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है।जहां इलाज के क्रम में सलोनी जिंदगी की जंग हर गई।मामले को सुगौली रेल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।एसआरपी ने इसको लेकर एसआईटी टीम का गठन भी किया।टीम ने मामले में कड़ी मशक्कत के बाद एक सप्ताह में मोबाईल छिनतई की घटना का उद्भेदन कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही छिनतई का मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया गया।मामले में संलिप्त पकड़ाए झपटमारों में पच्छिम चंपारण के मझौलिया थाना क्षेत्र के परसा पूरबारी टोला निवासी सजावल गिरी का पुत्र रंजीत कुमार गिरि उम्र (19) साल शामिल हैं। दूसरा अभियुक्त पूर्वी चम्पारण जिलें के सुगौली थाना क्षेत्र के नया टोला बंगरा गुमटी निवासी जुनाब अली का पुत्र शौकत अली उर्फ झुन्ना और तीसरा अभियुक्त थाना क्षेत्र के नया टोला बंगरा गुमटी निवासी नज्जू मियाँ का पुत्र जबरेज आलम उम्र (30) वर्ष को गिरफ्तार किया है। रेल पुलिस निरीक्षक संतोष कुमार रेल थानाध्यक्ष जय प्रकाश सिंह के नेतृत्व में गिरफ्तार तीनों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

उप सचिव व उपनिदेशक ने संयुक्त रूप से किया आईसीडीएस कार्यालय का औचक निरीक्षण

बगहा: समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक हरिशंकर सिंह व उपसचिव हरिशंकर राम ने मंगलवार को बगहा-1 आईसीडीएस कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने टीएचआर व पोषाहार के वितरण समेत किशोरी, गर्भवती व धात्री महिलाओं को निशुल्क मिलने वाली योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। टीएचआर क्रय पंजी व वितरण पंजी, कैश बुक समेत अन्य अभिलेखों का जायजा भी अधिकारियों ने लिया। सीडीपीओ सोहैल अहमद से विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक जानकारी ली। प्रधान लिपिक व अन्य कर्मियों समेत महिला पर्यवेक्षिकाओं से भी पूछताछ की। केंद्र संचालक से संबंधित जानकारी उपनिदेशक व उपसचिव ने ली। इन अधिकारियों के पहुंचने से कर्मियों के बीच खासी बेचैनी का माहौल रहा। जांच अधिकारियों ने बताया कि सरकार द्वारा जनहित में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ लाभुकों को मिले, इसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

न्यूज फटाफट

फाइलेरिया जांच हेतु 780 लोगों का लिया गया ब्लड सैंपल

पिपरासी: व मधुबनी पीएचसी में 780 लोगों का रक्त संग्रह फाइलेरिया जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एकत्रित किया गया है। पिपरासी लैब टेक्नीशियन आरसी शर्मा ने कहा कि करीब चार सौ लोगों का रक्त संग्रह फलेरिया जांच के लिए किया जा चुका है और रक्त संग्रह जारी है। इसके बाद जांच शुरू किया जाएगा। उधर? मधुबनी दहवा पीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आनंद कुमार ने बताया कि करीब 380 लोगों का रक्त संग्रह फेलेरिया जांच के लिए किया गया है। और यह कार्यक्रम जारी है। सभी पंचायतों से रक्त संग्रह करने के बाद फलेरिया की जांच किया जाएगा। और इसकी लक्षण मिलने पर इलाज निशुल्क किया जाएगा।

संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगो को किया जा रहा जागरूक, मुखिया किरण देवी

राष्ट्रीय खबर

भितहा: केंद्र सरकार कि कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने एव वंचितों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ बुधवार को खैरवा पंचायत के माध्यमिक विद्यालय खैरवा के प्रांगण में पहुंचा! जहा पंचायत के मुखिया किरण देवी एव सरपंच भोला बैठा के अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कि किया गया। मुखिया किरण देवी ने कहा कि सबका साथ सबका विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है केंद्रीय योजनाओं कि जानकारी के लिए कार्यक्रम स्थलों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाया जा रहा है ताकि वांचित लोग योजनाओ के लाभ से लाभान्वित हों सके । इस कार्यक्रम का उद्देश्य केंद्र सरकार की कल्याणाकारी योजनाओ और नीतियों को बारे में जागरूकता फैलाना एव प्रमुख सरकारी योजनाओं कि शत - प्रतिशत परिपूर्णता हासिल करना है मुख्य रूप से विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार कि योजनाओ को जन जन तक पहुंचाने है कार्यक्रम में संबधित विभाग के अधिकारियों ने संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री आवास आयोजन, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजन, प्रधानमंत्री उज्जला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना, बीमा योजना, कि विस्तुत जानकारी दी, लाभ लेने के लिए प्रेरित किया! मौके पर सैकड़ो कि संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित रहें मुखिया प्रतिनिधि मंटू सिंह,समाजसेवी सोनू कुशवाहा, विधन्याचल सिंह, लालबाबू सिंह, रत्न यादव, अमित साह,आदि लोग उपस्थित रहे।

पंप सेट के चपेट में आई युवती के परिजनो को मिलेगा मुआवजा

बगहा/पिपरासी: पिपरासी थाना क्षेत्र के मंझरिया पंचायत स्थित बरवा टोला गांव में बीते रविवार को पंप सेट के चपेट में आने से एक बालिका की मौत हो चुकी है। बीडीओ कुमुद कुमार ने कहा कि मृतक के स्वजनों को सरकारी स्तर पर तथा मेरे निजी अवसर पर सहायता किया जाएगा। विधायक प्रतिनिधि गुड्डू सिंह ने कहा कि विधायक के द्वारा भी मृतक लधुमान ठाकुर की पुत्री सविता कुमारी के स्वजनों को सहयोग राशि दिया जाएगा।

इंटरसिटी को बगहा से विस्तारित करने पर समाजसेवी ने जताया रेल मंत्रालय सहित बोर्ड का आभार

बगहा: इंटरसिटी एक्सप्रेस को बगहा से विस्तारित किये जाने पर भाजपा कार्यकर्ता सह समाजसेवी दिनेश अग्रवाल ने रेल मंत्रालय और रेलवे बोर्ड चेयरमैन जया वर्मा सिन्हा को धन्यवाद ज्ञापित किया है। दिनेश अग्रवाल ने बताया कि विगत 30 नवंबर को रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष एवं चेयरमैन जया वर्मा सिन्हा से मिल कर इंटरसिटी एक्सप्रेस को विस्तारित कर बगहा तक करने के लिए आवेदन दिया था। जो स्वीकृत कर ली गई है जिसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। इसके साथ ही सिकटा के लिए भी रेल सेवा विस्तारित करने को आवेदन दिया था उम्मीद है कि उसे भी जल्द ही स्वीकृति मिल जायेगी। बीते 10 नवंबर को भी रेलवे के आला अधिकारियों के साथ मिलकर इसके लिए प्रयास किया गया था। आज यह साबित हो गया कि क्षेत्र के सभी प्रतिनिधि मिलकर काम करे तो इस क्षेत्र में कोई समस्या नहीं रहेगी। क्षेत्र का विकास तभी होगा जब सभी लोग मिलकर संघर्ष करेंगे।

लौरिया सीडीपीओ बने ब्रजेश कुमार

लौरिया, पच: बाल विकास परियोजना कार्यालय लौरिया में सीडीपीओ का पद लम्बे अरसे से प्रभार में संचालित रहा। इस बार स्थाई रुप से ब्रजेश कुमार ने नये सीडीपीओ के रुप में पूनम कुमारी से पदभार बुधवार को ग्रहण किया। पूनम कुमारी मझौलिया में पदस्थापित हैं। उन्हें लौरिया प्रखण्ड आईसीडीएस का अतिरिक्त प्रभार रहा। इधर श्री कुमार ने बताया कि उनका पहला कार्य सरकार संचालित योजनाओं को धरातल पर पहुंचाना है। सभी सेविकाओं और सहायिकाओं के साथ एक बैठक कर उन्हें कड़ी चेतावनी दी जाएगी। जिससे सभी समय पर केंद्र को खोलें और बंद करें, बच्चों को सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ दें। गड़बड़ी बर्दास्त नहीं की जाएगी। पदभार ग्रहण के दौरान पूर्व सीडीपीओ पूनम कुमारी, शशिरंजन तिवारी, जितेंद्र यादव, साबिर अली अंसारी, एलएस श्वेता कुमारी,आरती सिंह, सुनीता कुमारी, दीप शिखा व अन्य उपस्थित रहीं।

नाव से भारी मात्रा में शराब बरामद

छपरा: बिहार में सारण जिला पुलिस ने गंडक नदी में एक नाव से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव मंगला ने मंगलवार को यहां बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सोनपुर थाना क्षेत्र सबलपुर सुखदेव घाट पर एक नाव से 6642 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। जब्त शराब की कीमत लगभग पांच लाख रुपए से ज्यादा की बताई जा रही है। डॉ. मंगला ने बताया कि शराब मंगवाने वाले की पहचान करने के बाद पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर

संपादकीय

भारत की वास्तविक आर्थिक स्थिति

आंकड़ो में देश की स्थिति अच्छी है। अब कहा जा रहा है कि हम अर्थव्यवस्था के मामले में ब्रिटेन से भी आगे बढ़ गये हैं। लेकिन जमीनी हकीकत का पता इस बात से चलता है कि अगर किसी देश की अर्थव्यवस्था को उसकी कुल आबादी से भाग दिया जाए तो औसत प्रति व्यक्ति की आय खुलकर सामने आती है। मोदी सरकार आंकड़ों की बाजीगरी के जरिए देश की जनता को जो सुनहरा सपना दिखाना चाहती है, वह रोटी की भूख से बार बार बाधित हो रही है। हाल के दिनों में, खासतौर पर कोविड-19 महामारी के बाद से असमानता के मुद्दे पर गंभीर चर्चा हो रही है। अर्थशास्त्रियों और विश्लेषकों की आम राय यह है कि महामारी के बाद दिख रहे सुधार का संबंध, मुख्य रूप से बड़ी कंपनियों को मिलने वाले मुनाफे से है और वेतन पर निर्भर रहने वाले लोग, खासतौर पर आमदनी के पिरामिड में निचले स्तर पर रहने वाले लोगों को असमान तरीके से नुकसान उठाना पड़ा है। इस दौरान अर्थव्यवस्था स्पष्ट रूप से संगठित होती दिखी है और

श्रम-प्रधान असंगठित क्षेत्र से उत्पादन का दायरा कम होकर बड़ी कंपनियों में बढ़ने लगा है। इसके साक्ष्य विभिन्न क्षेत्रों के प्रदर्शन में भी दिखते हैं। उदाहरण के लिए, लक्जरी कारों और प्रीमियम रियल एस्टेट कारोबार का प्रदर्शन अच्छा है जबकि रोजमर्रा के उपभोग वाले सामान में सुस्ती के रुझान हैं। वित्त मंत्रालय के अर्थशास्त्रियों ने इसी संदर्भ पर गौर करते हुए पिछले हफ्ते प्रकाशित अपने लेखों के संग्रह में इस मुद्दे को शामिल किया है। वैश्विक स्तर पर आर्थिक मुद्दों से जुड़ी चर्चा में असमानता, प्रमुख विषय रहा है क्योंकि कई सालों से अधिकांश देशों में यह समान स्तर पर बना हुआ है। इस बात पर तवज्जो दी गई है कि विश्व असमानता डेटाबेस के अनुसार पिछले 200 वर्षों में जिन शीर्ष 10 प्रतिशत लोगों के हिस्से में वैश्विक आमदनी जा रही है उसका दायरा 50 से 60 प्रतिशत के बीच रहा है। वहीं, नीचे के स्तर के 50 प्रतिशत लोगों तक पहुंचने वाली आमदनी का हिस्सा 10 प्रतिशत या उससे भी कम रहा है। हालांकि असमानता के लिए भी कई तरह के स्पष्टीकरण दिए गए हैं। उदाहरण के तौर पर अर्थशास्त्री डब्ल्यू आर्थर लुइस के तर्क पर गौर किया जा सकता है जिनका कहना है कि विकास के शुरूआती चरणों में दो तरह की आर्थिक प्रणाली यानी पारंपरिक और आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र ने भी असमानता बढ़ाने में अपना योगदान दिया है। इसी तरह, अर्थशास्त्री साइमन कजनेट्स का कहना है कि असमानता एक उलटे यू-आकार के पैटर्न का अनुसरण करती है। इस तरह औद्योगीकरण बढ़ने के साथ-साथ असमानता बढ़ती है और बाद में यह घटने लगती है। अगर भारतीय संदर्भ में इसे देखें तब एक अध्ययन के अनुसार, वर्ष 1983 और 1993-94 के बीच उपभोग संबंधी असमानता में कमी आई लेकिन 1991 के आर्थिक सुधारों के दौर के बाद के दशक में इसमें वृद्धि देखी गई। हालांकि यह बात आश्चर्यजनक नहीं लगनी चाहिए क्योंकि सुधारों के बाद निजी क्षेत्र की बढ़ती भूमिका और उसके प्रोत्साहन ढांचे के चलते यह वृद्धि देखी गई। चूंकि पिछले एक दशक में भारत में घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण के परिणाम नहीं मिले हैं इसलिए हाल के अध्ययन में अलग-अलग आंकड़ों पर निर्भरता की वजह से विभिन्न निष्कर्ष भी निकले हैं। हालांकि, भारतीय संदर्भ में व्यापक स्तर पर प्रमुख नीतिगत सवाल यह है, क्या सरकार को वृद्धि पर ध्यान देना चाहिए, या संसाधनों के पुनर्वितरण और समानता पर? इस लेख में वृद्धि का पक्ष लेते हुए कहा गया है, ह्यभारत जैसे विकासशील देश में जहां विकास की क्षमता और संभावनाएं अधिक हैं और गरीबी कम करने की भी संभावना है वहां फिलहाल आर्थिक विकास को ही तवज्जो देनी चाहिए।ह्न बेशक, भारत में लोगों को गरीबी से बाहर निकालने और उनके जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए तेज आर्थिक विकास की जरूरत है। लेकिन विचार करने वाली बात यह है कि जब आबादी का एक बड़ा हिस्सा इसमें भागीदारी नहीं कर पा रहा है, तब क्या यह लंबी अवधि में भी उच्च वृद्धि के स्तर को बरकरार रख सकता है? यह आकलन करना भी सही होगा कि क्या मौजूदा और संभावित वृद्धि दर, इस दायरे को उचित रूप से बढ़ाने के लिए पर्याप्त साबित होगी। एक तरह से यह भारतीय श्रम बाजार की स्थिति वास्तविक चुनौतियों को ही दर्शाती है। भारत में अब तक कृषि क्षेत्र से पर्याप्त लोगों को बाहर नहीं निकाला जा सका है जिससे वृद्धि और आमदनी प्रभावित हो रही है। श्रम बाजार की स्थिति में वांछनीय बदलाव से ही वृद्धि की संभावनाओं में सुधार लाने, गरीबी कम करने और असमानता की समस्या को दूर करने में मदद मिल सकती है। मजदूर और किसान तक जबतक लाभ नकदी के तौर पर नहीं पहुंचे, यह भारतीय बाजार को मजबूती प्रदान नहीं कर सकता। सिर्फ अमीरों की जेब भरने से देश की आर्थिक तरक्की होगी, यह सोच ही गलत है।

कुश्ती को बहुत नुकसान पंहुचाया कुश्ती संघ के विवाद ने

पिछले लगभग एक साल के भारतीय कुश्ती संघ के विवाद ने कुश्ती को बहुत नुकसान पहुंचाया।यह नुकसान दीख नही रहा किंतु इसकी भारपायी के लिए बड़ा प्रयास करना होगा।खेल मंत्रालय ने नवनिर्वाचित भारतीय कुश्ती संघ को निलंबित कर इस खेल को बचाने के लिए बड़ा संदेश दिया है। खेल मंत्रालय ने भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन (आईओए) से फेडरेशन का कामकाज चलाने के लिए एक तदर्थ समिति बनाने को कहा है।खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती संघ का संचालन राष्ट्रीय खेल विकास संहिता में दिए राष्ट्रीय खेल फडरेशन के कामकाज की तरह करना सुनिश्चित करने को कहा गया है।यह व्यवस्था अगले आदेश तक जारी रहेगी।

भारतीय कुश्ती संघ के बीते गुरुवार को चुनाव कराए गए थे। इसमें संघ के पूर्व प्रमुख और बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह अध्यक्ष चुने गए थे।चुने जाते ही

अशोक मधुप
वरिष्ठ पत्रकार

संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह के अंडर-15 और अंडर-18 का ट्रायल गोण्डा के नंदिनी नगर में आयोजित कराने की घोषणा की थी। यह क्षेत्र सांसद बृजभूषण शरण सिंह का गृह जनपद है। वर्तमान में सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बेटे यहां से विधायक हैं।सरकार ने इस ट्रायल को ही रद्द कर दिया है। इस चुनाव का अंतरराष्ट्रीय पहलवान विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया ने विरोध किया था। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों की इस लड़ाई में ये तीनों पहलवान प्रमुख रूप से शामिल थे. कुछ महिला पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन शोषण के आरोप लगाए थे।संजय सिंह के चुनाव के बाद ओलंपिक पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास लेने की घोषणा की थी। वहीं बजरंग पूनिया ने अपना 'पद्मश्री' लौटा दिया था।हरियाणा के पैरा एथलीट वीरेंद्र सिंह ने पद्म श्री लौटाने का एलान किया था।

दरअस्ल इस चुनाव को रद्द करने का कारण सरकार का सांसद बृजभूषण शरण सिंह को झटका देना था। इनके बेटे और नजदीकियों ने अंडर-15 और अंडर-18 का ट्रायल गोण्डा के नंदिनी नगर में आयोजित कराने की घोषणा के बाद क्षेत्र में बड़े हार्डिंग लगवाए थे कि दबदबा तो है, दबदबा रहेगा...ये भगवान की देन है। ये वही पोस्टर हैं जिनका प्रदर्शन सांसद के विधायक बेटे प्रतीक भूषण शरण सिंह ने भी खुलेआम किया था। चुनाव के रद्द होने के बाद गाड़ियों से भी 'दबदबा' वाले स्टीकर और चौराहों पर लगे हार्डिंग भी हटा दिए गए।चुनाव के बाद नए अध्यक्ष की अंडर-15 और अंडर-18 का ट्रायल गोण्डा के नंदिनी नगर में आयोजित कराने की घोषणा और ये पोस्टर सांसद बृजभूषण शरण सिंह और उनके नजदीकियों के इरादे बताने के लिए काफी था। वरन स्टेडियम तो पूरे देश में बने हैं। कहीं और भी ट्रायल हो सकते थे। ये ट्रायल गोण्डा के नंदिनी नगर में ट्रायल कर विरोध करने वाले पहलवानों को अपना प्रभाव और दबदबा बताना चाहते थे।इससे बडी बात क्या होगी कि इन ट्रायल की तारीख तै करते समय एसोसिएशन के सचिव की सहमति भी नहीं ली गई। न उन्हें ट्रायल की तारीख तै होने की जानकारी है। जबकि एसोससिएशन के संविधान के अनुसार ये होना चाहिए था। एसासिएशन के नवनिर्वाचित प्रधान सचिव प्रेम चंद लोचब ने इस निर्णय पर आपत्ति जताते हुए भारतीय ओलिंपिक संघ को पत्र लिख कर बताया था कि सचिव की जानकारी के बिना ये निर्णय लिए गए हैं जबकि कुश्ती संघ का संविधान कहता है कि सचिव की अनुपस्थिति में न तो निर्णय लिए जा सकते हैं और न ही कोई और अधिकारी इन निर्णयों की जानकारी प्रसारित कर सकता है।

छह माह से ज्यादा पहले पहलवानों के विरोध के बाद भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को कुश्ती संघ के अध्यक्ष के पद से हटा दिया था। नवनिर्वाचित भारतीय कुश्ती संघ के निलंबन के बाद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा था कि अब उनका कुश्ती से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि कुश्ती को लेकर क्या करना है, इसका फैसला नए चुए गए पदाधिकारियों को करना है। उन्होंने कहा कि उनके पास कई और भी काम हैं। उन्होंने कहा कि वो इस खेल की राजनीति से दूर रहेंगे।ये घोषणा उन्होंने भाजपा के अध्यक्ष जेपी नडडा से मिलने के बाद की। लगता है कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नडडा ने उन्हें समझा दिया कि टिकट बचाना है तो कुश्ती से दूर रहें। हालाकि उन्होंने कह दिया कि कुश्ती से उनका कोई लेना झ देना नही है जबकि सच्चाई यह है पद से हटने के छह माह बाद भी कुश्ती संघ का कार्यालय उनके घर पर चल रहा है।

कुश्ती संघ को निलंबित किए जाने के बाद आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले अनुभवी पहलवान बजरंग पूनिया ने कहा, "यह सही निर्णय लिया गया है। जो हमारी बहन-बेटियों के साथ अत्याचार हो रहा है उसके खिलाफ संबंधित लोगों को पूरी तरह से हटाया जाना चाहिए। हमारे ऊपर कई इल्जाम लगाए गए। राजनीति की गई। जब हम पदक जीतते हैं तो देश के होते हैं। हम खिलाड़ी कभी भी जात-पात नहीं देखते। एक साथ एक थाली में खाते हैं। हम अपने तिरंगे के लिए खून-पसीना बहाते हैं।वहीं इस पर ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने कहा है कि यह उनका (बृजभूषण सिंह) राजनीतिक एजेंडा है, उस पर उन्हें कुछ नहीं कहना है।साक्षी ने कहा कि उनकी 'लड़ाई सरकार से नहीं बल्कि एक व्यक्ति से है.'।

कुश्ती खिलाड़ी विनेश फोगाट ने एक निजी चैनल से बात करते हुए कहा, ये अच्छी खबर है. हम चाहेंगे कि इस पद पर कोई महिला आनी चाहिए ताकि ये संदेश जाए कि महिलाएं आगे बढ़ें. जो भी हो कोई अच्छा आदमी आना चाहिए। पिछले एक साल से चले आ रहे कुश्ती संघ के विवाद ने कुश्ती का बहुत नुकसान पहुंचाया है। कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह पर महिला पहलवानों के आरोप लगने के बाद से ही सरकार को उन्हें हटा देना चाहिए था, किंतु ऐसा नही हुआ। इसका परिणाम यह है कि आज अभिभावक खेल में अपनी बेटी का भेजते कई बार सोचेंगे।वे पहले ही अपनी बेटी की सुरक्षा और सम्मान को लेकर चिंतित रहते हैं, इस प्रकरण ने उनकी चिंता और बढ़ायी है। अब वे बेटी को खेल विशेषकर कुश्ती में भेजते कई बार सोंचेंगे।सरकार ने नए चुनाव का भले ही रद्द कर दिया हो किंतु लंबे समय से कुश्ती संघ में दबदबा कायम रखे बृजभूषण सिंह और उनके नजदीकी चुप नही बैठने वालें नही हैं।वे सरकार के इस निर्णय के विरूद्ध कोर्ट जांएगे।इनका प्रयास होगा कि कुश्ती संघ उनके हाथ से न जा पाए। सरकार ने नए चुनाव को रद्द करके यह संदेश देने का प्रयास किया है।

जटाधारी सन्यासी

प्रेरक-प्रसंग

विजयनगर राज्य के राजा कृष्णदेव राय के मन में एक दिन बड़ा से शिवालय बनाने की इच्छा जगी। इस सोच के साथ उन्होंने अपने खास मंत्रियों को बुलाया और उन्हें शिवालय के लिए एक अच्छी सी जगह ढूंढने को कहा। कुछ ही दिनों में एक अच्छी सी जगह को शिवालय के लिए सभी ने चुन लिया। राजा ने भी उस जगह को पसंद किया और वहां काम शुरू करने की इजाजत दे दी।मंदिर बनाने का पूरा जिम्मा राजा ने एक मंत्री को सौंप दिया। वो अपने साथ कुछ लोगों को लेकर उस जगह की साफ-सफाई करवाने लगा। तभी वहां खुदाई के दौरान शंकर देव की एक सोने की मूर्ति मिली। सोने की मूर्ति देखकर मंत्री के मन में लालच आ गया और उसने लोगों को कहकर उस

मूर्ति को अपने घर में रखवा दिया।साफ-सफाई करने वालों में से कुछ लोग तेनालीराम के खास थे। उन्होंने सोने की मूर्ति और मंत्री के लालच के बारे में तेनाली को बता दिया। इन सारी बातों का पता चलने के बाद भी तेनालीराम ने कुछ नहीं किया। वो सही वक्त का इंतजार करते रहे। कुछ दिनों के बाद मंदिर के लिए सुनिश्चित की गई जगह पर भूमि पूजन करने का मुहूर्त निकाला गया। सब कुछ अच्छे से होने के बाद राजा दरबार में अपने मंत्रियों के साथ मंदिर के लिए मूर्ति बनवाने की बातचीत करने लगे। उन्होंने अपने सारे मंत्रियों से इसके बारे में राय मांगी। सबसे बात करने के बाद भी राजा मूर्ति को लेकर कुछ फैसला नहीं ले पाए।राजा ने अगले दिन फिर अपने सारे मंत्रियों को दरबार में मूर्ति के बारे में चर्चा करने के लिए बुलाया। तभी एक जटाधारी संन्यासी दरबार में आया। संन्यासी को देखकर सबने उन्हें आदरपूर्वक बैठने के लिए कहा। एक आसन पर बैठकर जटाधारी संन्यासी ने राजा से कहा कि मुझे स्वयं महादेव ने यहां भेजा है। .. .. ..जारी।

नजरिया

कोरोना की दहशत और भारतीय रेल

देश में एक बार फिर घोर संक्रमणकारी मर्ज कोरोना के संभावित विस्तार को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। कोरोना के लगातार बढ़ रहे मामलों ने पूरे देश को एक बार फिर चिंता में डाल दिया है। भारतीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार कोरोना के नए मामलों के साथ-साथ उसका नया वैरिएंट जेएन.1 भी पैर पसारने लगा है। भारत में अबतक इस वायरस के कई मामले सामने आ चुके हैं। नए वैरिएंट को लेकर आईसीएमआर जियो सिक्वेंसिंग के माध्यम से जानकारी जुटाने में लगा हुआ है। परन्तु स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह भी कहा है कि इसे लेकर फिलहाल घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि नए वैरिएंट की चपेट में आए अधिकांश लोगों का इलाज अब तक घर पर ही संभव हो सका है। फिर भी देश उन दिनों को भूल नहीं पा रहा जब भारत सहित विश्व के अधिकांश देश 'लॉक डाउन ' से जूझ रहे थे। उस समय विश्व की अनेक सरकारों ने जहां कोरोना के वैश्विक प्रसार को रोकने के लिये पूरे विश्व की विमान सेवाओं को स्थगित कर दिया था वहीं देश के भीतर रेल व बस सहित लगभग सभी सार्वजनिक यहां तक कि निजी वाहनों के आवागमन को भी कोरोनाकाल में प्रतिबंधित कर दिया गया था। माना जाता है किसी भी देश में महामारी के विस्तार में सबसे बड़ी भूमिका रेल प्रणाली की ही होती है। क्योंकि इसमें बड़ी संख्या में यात्री एक दूसरे के निकट आते जाते व बैठते हैं तथा देर तक और दूर तक साथ यात्रा करते हैं। इसलिये किसी भी महामारी के विस्तार में रेल सबसे अहम भूमिका निभाती है। अब एक बार फिर भारत में कोरोना के पैर पसारने की खबर आ रही है। इस बार यह एक नये वैरिएंट के साथ फैल रहा है। देश के लगभग सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में कोरोना के मामले बढ़ते जा रहे हैं।कई एयर पोर्ट पर यात्रियों की प्रारंभिक व जरूरी जांच शुरू हो चुकी है। कुछ राज्यों ने मास्क अनिवार्य कर दिए हैं। सरकार की ओर से भी नागरिकों को कोरोना से बचाव सम्बन्धी दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। परन्तु सबसे बड़ा सवाल यह है कि देश की रेल व्यवस्था जिसे की कोरोना विस्तार का सबसे अहम कारक माना जाता है उसे लेकर सरकार और रेल मंत्रालय की तरफ से क्या तैयारियां हैं ?

निर्मल रानी
साहित्यकार

अब एक बार फिर भारत में कोरोना के पैर पसारने की खबर आ रही है। इस बार यह एक नये वैरिएंट के साथ फैल रहा है। देश के लगभग सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में कोरोना के मामले बढ़ते जा रहे हैं।

इत्तेफाक से पिछले दिनों एक पारिवारिक विवाह समारोह में शिरकत करने के लिये लखनऊ जाने का मौका मिला। कोरोना विस्तार के भय के साये में हो रही लखनऊ की यह रेल यात्रा बेहद चौकस होकर करनी पड़ी। परन्तु अफसोस की बात तो यह है कोरोना की दहशत के साये में भी ट्रेन में दुर्व्यवस्था, गंदिगी,विभागीय अवहेलना का वही आलम देखने को मिला जो आम तौर पर भारतीय रेल में हमेशा ही दिखाई देता है। मेरा आरक्षण 13307 गंगा सतलुज ट्रेन में था। अपराह्न करीब तीन बजे ट्रेन लखनऊ पहुंची। धनबाद से चलकर लखनऊ पहुँचने वाली ट्रेन के वातानुकूलित कक्ष में फर्श पर हर तरफ चादर कम्बल आदि फैले हुये थे।

सवाल यह है कि सरकार जनता के जितने पैसे अपनी पीठ थपथपाने वाले विज्ञापनों पर खर्च कर यह साबित करना चाहती है कि वर्तमान सरकार और उसके कुछ चुनिंदा नेता गोया मानव नहीं बल्कि 'अवतार' हैं उससे कहीं कम खर्च में जनता को कोरोना से बचाव के विषय पर जागरूक किया जा सकता है। रेल संचालन को केवल सफाई,सेनिटाइजिंग व यात्रियों को जागरूक कर और रेल चलित स्टाफ की जिम्मेदारियों का निर्धारण कर कोरोना नियंत्रण हेतु प्रभावी बनाया जा सकता है। कोरोना की दहशत के मध्य भारतीय रेल का स्वछ, कुशल व जिम्मेदारी पूर्ण संचालन बेहद जरूरी है।

जानकारी

अटलांटिस होटल दुबई

अटलांटिस होटल दुबई की विशालकाय लॉबी

अटलांटिस होटल रिसोर्ट का केंद्रबिंदु है इस होटल की लॉबी , और अटलांटिस होटल रिसोर्ट की 18 मीटर ऊँची लॉबी के केंद्रबिंदु में करीब 10 मीटर ऊँची गिलास की बनी हुई ये प्रतिमा जो 3000 छोटे छोटे टुकड़ों को जोड़ कर बनायीं गयी है।

हर टुकड़ा अलग अलग सिएटल में बनाया गया था, जो अलग अलग दुबई आया और लॉबी में लगाने के लिए बेहतरीन कारीगरों के द्वारा एक एक कर के जोड़ा और सजाया गया। इस उत्कृष्ट कृति को अमेरिका के मूर्तिकार डेल चीहुली ने बनाया है।

अटलांटिस होटल के खास दृश्य

अटलांटिस रिसोर्ट में हर कमरे में रहने वाले मेहमान को एक खास दृश्य मिले इसका बहुत ख्याल रखा गया है। सब कमरों को बेहतरीन दृश्य मिलता है लेकिन इनमे से कुछ बहुत ही खास दृश्य वाले कमरे भी हैं।

अटलांटिस रिसोर्ट के सिग्नेचर सुईट में से ह्यद रॉयल ब्रिज सुईटह्न में रहते हुए मेहमान को दुबई का 360 झ्र डिग्री दृश्य मिलता है। सोचिये पूरा दुबई एक कमरे में बैठे बैठे।

Nova 12, Nova 1a2 Pro और Nova 12 Ultra किए लॉन्च

नई दिल्ली: Huawei Nova 12 सीरीज को चीन में लॉन्च कर दिया गया है, जिसमें Huawei Nova 12, Huawei Nova 12 Pro, Huawei Nova 12 Ultra और Huawei Nova 12 Lite (Active Edition) शामिल हैं। सभी चार नए स्मार्टफोन ये सभी Harmony OS 4 पर चलते हैं और इनमें 6.7 इंच का डिस्प्ले है। Huawei Nova 12, Huawei Nova 12 Pro और Nova 12 Ultra 4,600mAh की बैटरी से लैस हैं जो 100W तक वायर्ड फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करती है। सभी चार मॉडलों में 50-मेगापिक्सल की डुअल रियर कैमरा यूनिट्स हैं। Huawei Nova 12 Pro और Huawei Nova 12 Ultra सैटेलाइट कनेक्टिविटी प्रदान करते हैं।

Huawei Nova 12, Nova 12 Pro, Nova 12 Ultra: Price

Huawei Nova 12 IZY 256GB स्टोरेज वाले बेस वेरिएंट की कीमत CN 2,999 (लगभग 34,000 रुपये) से शुरू होती है। 512GB स्टोरेज वेरिएंट की कीमत CNY 3,399 (लगभग 40,000 रुपये) है। Huawei Nova 12 Pro 256GB और 512GB स्टोरेज विकल्प में आता है, जिनकी कीमत क्रमशः उठ 3,999 और CN 4,399 (लगभग 51,500 रुपये) है। Huawei Nova 12 Ultra की कीमत 512GB स्टोरेज वेरिएंट के लिए CN 4,699 (लगभग 54,000 रुपये) और 1TB स्टोरेज वेरिएंट के लिए CN 5,499 (लगभग 64,000 रुपये) है।

स्टैंडर्ड Huawei Nova 12 को कलर नंबर 12, चेरी व्हाइट और ओब्सीडियन ब्लैक शेड्स में पेश किया गया है, जबकि Nova 12 Pro कलर नंबर 12, ओब्सीडियन ब्लैक, चेरी ब्लॉसम पिंक और चेरी ब्लॉसम व्हाइट कलर ऑप्शन में आता है। Nova 12 Ultra कलर नंबर 12, स्मोकी ग्रे, ओब्सीडियन ब्लैक शेड्स में बेचा जाएगा। यदि आप Nova 12 Lite (Active Edition) के बारे में विस्तार से जानना चाहते हैं, तो इस लॉन्च आर्टिकल को पढ़ें।

साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट

" श्री सिम्हा ने सिद्धारमैया पर विभिन्न समुदायों के बीच नफरत फैलाने का निराधार आरोप लगाया। वे हिंदू और मुस्लिम समुदायों के बीच सांप्रदायिक अराजकता भड़काने और लोकसभा चुनाव से पहले सार्वजनिक शांति में बाधा डालने की भी कोशिश कर रहे हैं।"

प्रताप सिम्हा
भाजपा सांसद

"ऐसा महसूस होता है कि पूरी टीम एक परिवार है।यह तेलुगु भाषा में मेरी पहली फिल्म है, इसलिए मैं अपना बेस्ट देना चाहती हूं। मैंने एक ट्यूटर की मदद से तेलुगु सीखना शुरू कर दिया है। मैं उम्मीद कर रही हूं कि मैं अपनी पंक्तियों को भी डब करूंगी, यह एक व्यक्तिगत जीत होगी।"

आकांशा रंजन कपूर
बॉलीवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

राष्ट्र का सुनहरा भविष्य युवाशक्ति

भारतीय संस्कृति संयम प्रधान संस्कृति है। यहां संयमी आत्माओं को आज भी वही आदर सम्मान प्राप्त है जो उन्हें हजारो वर्ष पूर्व था। व्यसन और फैशन ने युवा पीढ़ी को अपने शिकंजे में कस लिया है। उनकी आँखें चश्मे में कैद हो चुकी हैं। पाउडर, क्रीम जैसे सौन्दर्य प्रसाधनों सेवास्तविकता को छिपाया नहीं जा सकता। रात को देर तक टी. वी. के फूहड़ कार्यक्रमों को देखते रहना, सवेरे सूर्योदय के बाद तक बिस्तरों पर पड़े रहना, दिनचर्या का अव्यवस्थित होना और अभक्ष्य पदार्थों का सेवन मानव को असमय ही वृद्धावस्था की ओर ले जाता है। कृत्रिमता का आवरण सचाई को नहीं छिपा सकता।आज के नवयुवकों को चाहिए कि वे कृत्रिमता का आवरण त्यागकर नैसर्गिक सौन्दर्य की प्राप्ति का प्रयास करें। व्यसन और वासना के दल-दल से निकलकर जीवन में वास्तविकता का रंग उत्पन्न करें। शरीर पर जो असमय पतझड़ का दृश्य उत्पन्न हो गया है, वह समाप्त हो जायेगा। एक नई शक्ति एवं ऊर्जा शरीर में पैदा होगी, जो जीवन में महक भर देगी। सौन्दर्य प्रसाधनों से मन की कलियों में महक नहीं फूटेगी। पाउडर, क्रीम लगाने, इत्र-फुलेल छिड़कने और रंगीन चश्मा लगा लेने से जीवन में बसन्त का आगमन नहीं होगा। अन्तर में ऋतुराज वसन्त को लाने के लिए ब्रह्मचर्य का तेज पैदा करना होगा। इन्द्रियों को भोग से हटाकर योग की तरफ उन्मुख करना होगा। ज्ञान के अभाव में प्रकृति प्रदत्त इन्द्रियाँ जीवन की साधक होने के बजाय बाधक हो रही है। दम तोड़ती भोगवादी संस्कृति जीवन में मनोवल का विकास करके इन्द्रियों को सद्वृत्तियों की ओर उन्मुख करें। सदकृतियों के लिये दुष्प्रवृत्तियों का दमन करेंगे तो आत्मा निर्मल बनती जायेगी। शरीर में शक्ति एवं चेहरे पर तेज-उल्लास के भाव पैदा होंगे। फिर आपको कृत्रिम बसन्त बुलाने की कहीं भी आवश्यकता नहीं होगी। पश्चिमी राष्ट्रों की भोगवादी संस्कृति आज दम तोड़ रही है। वे भयभीत और निरुपाय होकर भारतीय संस्कृक्ति की ओर देख रहे हैं।

कांतिलाल मांडोत

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

रास सांसद के प्रयास व रेल राज्य मंत्री के सहयोग से हुआ ट्रेन का परिचालन- भाजपा जिलाध्यक्ष

बगहा से पाटलिपुत्रा तक विस्तारित हुई इंटरसिटी एक्सप्रेस

बगहा: भारत सरकार के रेल मंत्री अश्वनी वैष्णो द्वारा बगहा रेलवे स्टेशन से पाटलिपुत्र स्टेशन तक डायरेक्ट इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन परिचालन की स्वीकृति मिलने के साथ ही बगहा क्षेत्र के आम जनता में एक बार फिर खुशी का लहर दौड़ पड़ी है क्योंकि विगत कॉविड संक्रमण कल वर्ष 2019 से ही अन्य पैसेंजर ट्रेनों के साथ बगहा से मुजफ्फरपुर हाजीपुर होते पटना जाने वाली पैसेंजर ट्रेन का परिचालन पूरी तरह रहने से आम लोगों को डायरेक्टर जिला मुख्यालय समेत पटना जाने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था जिसको देखते हुए वाल्मीकि नगर के राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दुबे के अथक प्रयास से बगहा से पाटलिपुत्र जाने के लिए डायरेक्ट इंटरसिटी ट्रेन की रेल मंत्री अश्वनी वैष्णो द्वारा संचालित होने की स्वीकृति मिली है। जो जल्द ही बगहा से जिला मुख्यालय समेत पटना जाने के लिए सीधी सुविधा मिलेगी। उक्त बातें बुधवार को बगहा विधायक राम सिंह एवं पुलिस जिला बगहा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र नाथ तिवारी ने भाजपा कार्यालय में संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर जानकारी दी और बताया कि बगहा से जिला मुख्यालय मुजफ्फरपुर होते पाटलिपुत्र तक डायरेक्ट ट्रेन का सीधा परिचालन नहीं रहने से आम जनता की परेशानी को देखते हुए विधायक जिला अध्यक्ष समेत भाजपा कार्यकताओं के द्वारा लगातार बगहा से मुजफ्फरपुर हाजीपुर पाटलिपुत्र तक डायरेक्ट ट्रेन परिचालन की माग किया जाता रहा था। जो अब साकार हुआ है। वही विधायक एवं जिला अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से कहा कि इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का सीधा परिचालन शुरू होने से अन्य लोग भी इसका श्रेय लेने का प्रयास कर रहे हैं जो सरासर गलत एवं बुनियाद है। उक्त ट्रेन का परिचालन शुरू करने में राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दुबे तथा केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री श्री दानवे की अहम भूमिका रही है। मौके पर भाजपा के मीडिया प्रभारी हृदयानंद दुबे, रितु जायसवाल, मनोज सिंह, अचिंत कुमार लाला, विजय साहू, नागेंद्र साहनी, धनंजय यादव आदि मौजूद रहे।

शहर >> अपडेट

फेसबुक पर हुआ प्यार फिर की शादी, नौकरी झांसा देकर ऐंठे लाखों रुपये

हाजीपुर: बिहार के हाजीपुर में बीपीएससी की तैयारी कर रही एक छात्रा को पुलिसकर्मी द्वारा प्यार में धोखा दिए जाने का मामला सामने आया है. बताया जा रहा है कि दोनों तीन साल पहले रिलेशनशिप में आए और फिर शादी (टं१३्री) कर ली. उससे लाखों रुपये ऐंठ लिए और फिर उससे संबंध तोड़ लिया. अब छात्रा न्याय के लिए भटक रही है. छात्रा ने हाजीपुर कोर्ट में याचिका दाखिल की है. इस पूरे वटनाक्रन की शुरूआत साल 2020 में हुई जब रुचि के पिता की तबीयत खराब हुई. वह अपने पिता के इलाज करवाने के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर पहुंची थी. रुचि की इस दौरान अस्पताल में विक्की नाम के व्यक्ति से मुलाकात हुई जो सोनपुर का रहने वाला था और बिहार पुलिस में ड्राइवर के रूप में काम कर रहा था.

सिटी

जात-पात की राजनीति छोड़ लोकसभा की विकास मुख्य लक्ष्य - सांसद

राष्ट्रीय खबर

संझौली (रोहतास) : प्रखंड मुख्यालय स्थित शिव सरोवर तलाब पर स्थित रविदास आश्रम पास आयोजित डॉ० भीमराव अंबेडकर की 67 वॉ पुर्ननिर्माण दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। परिनिर्वाण दिवस के मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि काराकाट लोक सभा क्षेत्र के सांसद महाबली सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने अपमान का घूंट पीकर बड़े ही तार्किक ढंग से हमारे देश का संविधान बनाया। बाबा साहेब के संविधान के बदौलत हम आज शिक्षा के क्षेत्र में हो या सरकारी नौकरी या राजनीति में परचम लहरा रहे है। नही तो ये मुट्ठी भर केंद्र की सत्ता में धार्मिक उन्नमाद व देश प्रेमी का ढोंग रचकर सता की कुर्सी पर बैठे लोग उखाड़ कर फेंक देते। तब हम कही के नही रहते। सांसद उपस्थित आमजनों को जात-पात व दलीय राजनीति से ऊपर उठकर अपनी जीवन की रक्षा के लिए संविधान की रक्षा करने के लिए बात कही। इसके पहले सांसद ने रविदास आश्रम में स्थापित सन्त रविदास तथा मंच पर संविधान निमार्ता बाबा साहेब, शांति दूत गौतम बुद्ध व कांशीराम के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को पूरा करने का संकल्प लिया। राजद के प्रदेश महासचिव डॉ. श्रीनिवास सिंह ने कहा कि देश आजाद होने के बाद बाबा साहेब ने देश का संवैधानिक मानचित्र की जो लकीर खींची है उसे केन्द्र की उन्मादित सरकार मिटाने पर तुली हुई है। केन्द्र की इस मनसूबे को हमे पूरा नही होने देना है। संविधान के साथ खिलवाड़ करने वालों को हमेशा के लिए खत्म कर देना है।

केन्द्र निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका हुई जख्मी

राष्ट्रीय खबर

भितहा: बाल विकास परियोजना में कार्यरत महिला पर्यवेक्षिका उर्वशी कुमारी केंन्द्र जांच के दौरान बाइक से गिरकर जख्मी हो गयी। जानकारी के अनुसार बुधवार को महिला पर्यवेक्षिका राज्य स्तरीय जांच टीम के साथ परियोजना के खैरवा पंचायत के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच में निकली हुई थी। इसी क्रम में गुलरिया खैरवा मार्ग पर अचानक ब्रेकर पड़ने के कारण मोटरसाइकिल से पीछे के तरफ गिर गयी। और उनके सर पर चोट लग गया। आनन फानन में उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुचाया गया। जहां डाक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद अनुमंडलीय अस्पताल बगहा के लिए रेफर कर दिया गया।जिसकी जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मनोरंजन कुमार ने बताया कि उनकी स्थिति को देखते हुए अनुमंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया।

पुलिस ने शराब के साथ करोबारी को दबोच

कोचस (रोहतास): स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर के वार्ड-2 से तीन लीटर महुआ शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराब कारोबारी कोचस निवासी जंगी पासवान का 24 वर्षीय पुत्र बिजली पासवान बताया गया है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया कि पुलिस गस्ती को सूचना मिलते ही शराब कारोबारी को उसके घर से शराब बिक्री करते हुए दबोचा गया। पुलिस की टीम ने उक्त घर में छापेमेरी कर 3 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। कारोबारी पहले भी शराब कांड में जेल जा चुका है। जिसके विरुद्ध बिहार मध्य निषेध एवं उत्पाद संशोधन अधिनियम के तहत कांड दर्ज कर पुलिस अग्रतर कार्रवाई कर रही है।

जनकल्याण शिविर में 164 लोगों ने समस्या का निराकरण के लिए दिया आवेदन

बिक्रमगंज (रोहतास) : जिला पदाधिकारी रोहतास नविन कुमार के निर्देश पर काराकाट प्रखंड के गम्हरिया पंचायत के सामुदायिक भवन गम्हरिया में जनकल्याण शिविर आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन काराकाट प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह एंव गम्हरिया पंचायत के मुखिया अमृता कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। गम्हरिया पंचायत के मुखिया अमृता कुमारी के द्वारा काराकाट प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। वही मुखिया प्रतिनिधि रमेश कुमार के द्वारा प्रखंड से आये सभी विभागों के पदाधिकारियों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से जुड़े कुल 164 आवेदन दिये। जिसमें सबसे अधिक 100 आवेदन आवास योजना को लेकर आया। इसके अलावा राशनकार्ड के लिए 32, स्वास्थ विभाग से 01,आईसीडीएस से 02, अंचल से 05, मनरेगा से 05, विद्युत विभाग से 12, श्रम संसाधन विकास से 07आवेदन प्राप्त हुए हैं। शिविर में काराकाट प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह, अंचल से शिव प्रकाश वर्मा कुमार, मनरेगा कार्यक्रम से जेई - राजिव कुमार, स्वास्थ्य विभाग से डॉ०. मन्नीलाल कनिय अभियंता, आशिष कुमार, महिला पर्यवेक्षिका बाली कुमारी, आपुर्ति से जितेन्द्र कुमार, सामाजिक सुरक्षा से शोभराज कुमार, मुखिया अमृता कुमारी, पंचायत सचिव अविनाश कुमार, कार्यपालक मो० अशलय, विकास मित्र गिरधरलाल, जेएस एस अनूज कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी संजय कुमार शर्मा, श्रम परिवर्तन पदाधिकारी देवाशीष सिंह, रमेश कुमार, बिजेंद्र यादव एंव सभी वार्ड सदस्य आशुतोष चौबे, उपमुखिया बालजित सिंह सहित सभी विभाग के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी और कर्मचारी तथा गम्हरिया पंचायत के काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

न्यूज फटाफट

लौरिया सुगर मिल क्षेत्र के किसानों की बैठक कारी सिंह की अध्यक्षता सम्पन्न

लौरिया, प.च. : प्रखण्ड के गन्ना किसानों की बैठक रोहित कुमार सिंह उर्फ.कारी सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को सम्पन्न हुई। उपर्युक्त बैठक में गन्ना की सामान्य व निम्न प्रभेद का गन्ना चीनी मिलों द्वारा नहीं लेने की चिंता किसानों ने व्यक्त किया। जिससे रवि फसल की बुआई सहित अन्य आवश्यक कृषि कार्य बाधित है। क्षेत्र के चीनी मिलों ने केवल उन्नत प्रमेद का गन्ना स्वीकार करने, निम्न प्रभेद का गन्ना नहीं लेने से किसानों को गन्ना की खूंटी काटकर गेहूं की बोआई प्रभावित हैं। क्षेत्र में सामान्य व निम्न प्रभेद के गन्ना अभी खेतों में है, जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है। जब उन्नत, सामान्य व निम्न प्रभेद बनाया गया है, तब चीनी मिल सामान्य व निम्न प्रभेद के गन्ना किस कारण से नहीं ले रहे हैं। रोहित कुमार सिंह उर्फ कारी सिंह ने कहा की गन्ना भेरायटी के नाम पर क्षेत्र के किसानों का शोषण किया जा रहा है। गन्ना ही एकमात्र नगदी फसल है, जिससे किसानों के सारे कार्य होते हैं। खुंटी गन्ना अगर ससमय आपूर्ति नहीं पाया तो गेहूं की बुआई नहीं हो पायेगी। बेटी का विवाह व बच्चों की पढ़ाई के साथ अन्य आवश्यक कार्य भी गन्ना आपूर्ति पर निर्भर है। किसानों को चिंता सबसे अधिक रवि फसल की बुआई की है, जो गन्ना काटने पर ही संभव है। मिल प्रबंधन पर लगातार प्रभेद के नाम से क्षेत्र के किसानों को परेशान कर रहा हैं। किसानों ने जिला पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी से ध्यान आकृष्ट कराते हुए, बताया की रवि की बुआई 10 जनवरी 24 तक ही होनी है और अभी तक मिल प्रबंधन सामान्य व निम्न प्रभेद के गन्ना आपूर्ति नहीं ले रहा है। किसानों ने बताया कि अगर मिल प्रबंधन अविलंब सामान्य व निम्न भेरायटी के गन्ना खरीद नहीं करेगा तो किसान बाध्य होकर आंदोलन करने को विवश होंगे। जिसकी सारी जबाबदेही मिल प्रबंधन की होगी। उपर्युक्त बैठक में पप्पू मिश्र, अमन मिश्र, संजय मिश्र, अमित वर्मा, नागेन्द्र पांडेय, सुभाष तिवारी, डोमा साह, देव महतो, खोभारी, फिरोज आलम, राजू पासवान, मैनेजर मियां, शिवरतन महतो, महंत यादव, राम पासवान, राकेश, पप्पू कुशवाहा, रामजी महतो, राजाराम महतो, गुंजन पंडित, चंद्रभान महतो, किशन महतो, सुखदेव महतो, कैलाश महतो, गुड्डू,रवि, लालबाबु व अन्य शामिल हुए।

सीओ ने अगलगी पीड़ित व्यक्ति को सौंपा अनुग्रह राशि चेक

संझौली (रोहतास) : थाना क्षेत्र के संझौली पंचायत अंतर्गत वार्ड 8 के आगलगी पीड़ित को अंचल कार्यालय बुलाकर आपदा राहत कोष से 9850 रुपये का चेक दिया गया। इस संबंध में सीओ शिबू ने बताया कि संझौली पंचायत अन्तर्ग वार्ड 8 के निकासी राम प्रवेश के घर में दिसम्बर माह में अचानक आग लग गया था। आपदा राहत कोष से राम प्रवेश राम को 9850 की अनुग्रह राशि दी गई। वही अग्नि पीड़ित के परिजनों ने सीओ की भूरी-भूरी प्रशंसा की। मौके पर संबंधित क्षेत्र के वार्ड सदस्य व राजस्व कर्मचारी संतोष कुमार उपस्थित थे।

मस्तान बाबा के 64 वा उर्से मुकद्दस व जलसा ईद मिलादुनबी का भव्य हुआ आयोजन

राष्ट्रीय खबर

भितहा: सोमवार की रात्रि में भितहा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरहिया मदरसा में मस्तान बाबा के मजार शरीफ पर उर्स मुकद्दस एव जलसा ईद मिलादुन्नबी का प्रोग्राम संपन्न हुआ। जिसका संचालन महबूब गौहर इस्लामपुरी मोजफ्फरपुर ने किया। गया जिला से आए शायर नशीम सहर को लोगों ने खूब सराहा। झारखंड से आए मौलाना सहादत साहब ने बच्चों की शिक्षा दिलाने पर ज्यादा जोर दिया। और कहा कि आप लोग अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दीजिए कि वह गलत और सही का खुद मतलब समझे। नेपाल से आए एकबाल चतुर्वेदी ने कहा कि इस्लाम एक ऐसा मजहब है जिसमें छोटा- बड़ा का भेदभाव नहीं रहता, सभी को बराबर का सम्मान देता है। इस्लाम धर्म कहता है कि आप कोई ऐसा बात ना बोले जिससे आम आदमी और आम लोगों को आपकी बातों से कष्ट हो इसका इजाजत इस्लाम नहीं देता है।इसलिए हम लोग जिस मुल्क में रहते हैं यहां सभी लोगों को आपसी भाईचारे और प्रेम बना के रहना चाहिए।लड़ाई झगड़ा तभी खत्म होगा कि हम अपने बच्चों को अच्छी तालीम देंगे। इनके बातों को लोगों ने खूब सराहा और तालियां बजाते रहे। बाबा के मजार पर यूपी और बिहार के हजारों की संख्या में श्रद्धालु आए हुए थे। पिपरहीया मदरसा के वरीय मौलाना अतिउल्लाह ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी आयोजन हुआ। नूर मोहम्मद शाह उर्फ मस्तान बाबा अलेहिद रहमा ग्राम सेवनही गोपालपुर जिला गोपालगंज के रहने वाले थे। उन्होंने लोगों को अच्छी राह पर चलने के लिए प्रेरित किया और लोगों को दिन की राह पर चलने के साथ साथ बच्चो की तालीम के लिए मस्जिद और मदरसा भी कायम कराया। पिपरहिया मदरसा और मस्जिद भी मस्तान बाबा ने ही कायम कराया। मदरसा कमेटी मंजूर हुसैन, आजाद अंसारी, अब्दुल जब्बार ने बताया कि मस्तान बाबा के पास अपनी समस्या को लेकर हर जाति मजहब के लोग आते जाते थे और बाबा उनको कामयाबी का दुआ करते थे और वह लोग ठीक हो जाते थे। बाबा धीरे धीरे काफी चर्चित होते गए। बाबा की मृत्यु 1960 में हो गई। तभी से बाबा का मजार शरीफ यहां कायम हो गया और हर साल बाबा का उर्स लगता है। और इस मौके पर यूपी बिहार के हजारों लोग अपनी मुरादे पुरी करने के लिए बाबा के मजार पर चादर चढ़ाते हैं और अपनी कामयाबी के लिए दुआ मगते हैं। भितहा थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर शाहिद अनवर अंसारी विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस टीम के साथ लगातार मोनिटरिंग करते रहें।

श्रीरामपुर भितिहरवा के गौतम ने पश्चिम चम्पारण ही नहीं बिहार का मान बढ़ाया

अवधेश कुमार शर्मा

बेतिया: पश्चिम चम्पारण जिला के नरकटियागंज अनुमंडल स्थित गौनाहा प्रखण्ड के ऐतिहासिक महत्व के पंचायत भितिहरवा के श्रीरामपुर गांव निवासी गौतम कुमार ने एकबार फिर राष्ट्रीय स्तर पर भारोतोलन में पदक प्राप्त किया है। 67वीं स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की खेल विधा भारोत्तोलन प्रतियोगिता 2023-2024 दिनांक 25 दिसम्बर 2023 से 30 दिसम्बर 2023 तक राजस्थान के बीकानेर शहर में आयोजित है। उपर्युक्त प्रतियोगिता में पश्चिम चम्पारण जिला के श्रीरामपुर गांव के एक गरीब परिवार का गुदड़ी का लाल गौतम कुमार अंडर-19 आयुवर्ग 55 किलोग्राम भार वर्ग में स्नैच पद्धति में 78 किलोग्राम तथा क्लीन एंड जर्क पद्धति में 112 किलोग्राम के साथ कुल 190 किलोग्राम वजन उठाकर राष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक प्राप्त कर बिहार, पश्चिम चम्पारण एवं महात्मा गांधी के प्रसिद्ध भितिहरवा आश्रम का नाम रौशन किया है। इनकी प्रारंभिक शिक्षा राजकीय बुनियादी विद्यालय भितिहरवा से हुई है। उल्लेखनीय है कि गौतम कुमार वर्तमान में मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अंतर्गत एकलव्य राज्य आवासीय भारोत्तोलन खेल प्रशिक्षण केंद्र पटना में प्रशिक्षणरत है। गौतम कुमार ने अनुशासित, नियमित अभ्यास तथा फंडामेंटल स्कील के आधार पर राष्ट्रीय स्तर पर बिहार का ध्वज वाहक बना हुआ है। विगत वर्ष भी गौतम कुमार एसजीएफआई प्रतियोगिता 2022 में 180 किलोग्राम वजन उठाकर कांस्य पदक जीतकर बिहार प्रदेश का नाम पदक की श्रेणी में शुमार कराया। इस प्रतिभावान युवा को विगत वर्ष खेल दिवस के अवसर पर विभाग तथा जिला प्रशासन ने सम्मानित किया। इस वित्तीय वर्ष में गौतम कुमार की उपलब्धि पर जिला प्रशासन सम्मानित करने जा रहा है। गौतम तीन भाई और एक बहन में सबसे छोटा है। इनके पिता शंभू फौदार मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करते हैं। उनकी उपलब्धि पर जिला पदाधिकारी विनय कुमार राय व जिला प्रशासन के सभी वरीय पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी विजय कुमार पण्डित, सचिव जिला भारोत्तोलन संघ सुनील वर्मा, विभिन्न खेल समूह के सचिव-अध्यक्ष व सदस्य, कोच एकलव्य श्याम चौधरी, जिला के सभी शारीरिक शिक्षा शिक्षक ,खेल प्रेमी, कोच, सभी प्रबुद्ध नागरिक, जिला के व्यावसायिक समुदाय ने गौतम कुमार की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दिया है।

विधायक ने विद्यालय का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था की जानकारी ली

राष्ट्रीय खबर

सुगौली, पू.च: नप के मुख्य बाजार अवस्थित पंडित दीनदयाल बालिका उच्च विद्यालय का निरीक्षण स्थानीय विधायक ई.शशि भूषण सिंह ने किया। विधायक ने विद्यालय का जायजा लिया। उन्होंने एचएम से विद्यालय की विधि व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के पश्चात विद्यालय परिसर में एक बैठक की। जिसमे महंथ मनीष दास ने स्कूल में भूमिदाता का प्रतिमा लगाने की मांग की। विधायक ने कहा कि जिसके द्वारा इतनी बड़ी संपति दान में दिया है। उनका प्रतिमा निश्चित रूप से लगना चाहिए।इसके लिए जल्द ही कोई कदम उठाया जाएगा। विद्यालय के विकास के लिए भी कार्य योजना बनाई गई है। उसे जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। विद्यालय का चौमुखी विकास होगा। स्कूल में छत्राओं के अनुपात में शिक्षक की व्यवस्था होगी। इसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारी से बातचीत किया जाएगा। मौके पर महंथ मनीष दास,पार्षद राजकुमार,एचएम समीउल हक,पंसस अखिलेश झा,अफरोज आलम,ध्रुव साह,रामनरेश सिंह,अवनित सिंह,रूपेश झा, मो.साबिर,दीपू मिश्र,राजन यादव,बलिराम सिंह सहित कई मौजूद थे।

राष्ट्रीय खबर हमारी नजर प्रदेश

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

प्रदेश >> अपडेट

दो दिवसीय ट्रेड लाइसेंस शिविर सम्पन्न

पाकुड़ : चैंबर ऑफ कॉमर्स पाकुड़ एवं नगर परिषद के सौजन्य से दो दिवसीय राजस्व संग्रह व ट्रेड लाइसेंस, होल्डिंग टैक्स हेतु विशेष शिविर,अंबेडकर चौक पाकुड़ में आयोजन किया गया। शिविर में चैंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव संजीव कुमार खत्री ने कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल मिश्रा को पुष्प कुछ देकर सम्मानित किया। बुधवार को अंतिम दिन करदाताओं को आवेदन के उपरांत 27 लोगों को ऑन स्पॉट ट्रेड लाइसेंस प्रमाण पत्र दिया गया।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

नवनियुक्त अनुमंडल पदाधिकारी ने उपायुक्त से की शिष्टाचार मुलाकात

चतरा : सिमरिया अनुमंडल के 08 वें अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में बुधवार को सन्नी राज ने निवर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी सुधीर दास से अनुमंडल कार्यालय सिमरिया में उन्होंने पदभार ग्रहण किया। अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया का पदभार ग्रहण करते समय नवनियुक्त अनुमंडल पदाधिकारी ने निवर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा सिमरिया अनुमंडल क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा जिले में किए गए विकास कार्यो को वह आगे ले जाने हेतु प्रयासरत रहेंगे। अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया ने कहा विधि व्यवस्था मेरी पहली प्राथमिकता है। विकास के लिए जो दायित्व मिला है, उस पर शतप्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करूंगा। अपने कार्यकाल में अनुमंडल को विकास के रास्ते पर ले जाने का हर संभव प्रयास रहेगा। वहीं उन्होंने मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, कार्यालय कर्मी से एक एक कर परिचय प्राप्त किया। नवनियुक्त अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया ने उपायुक्त से किया शिष्टाचार मुलाकात किया। इसके पश्चात जिला मुख्यालय पहुंच जिले के उपायुक्त अबु इमरान व उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता को पौधा भेंट कर शिष्टाचार मुलाकात किया।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

पंचायतों में भेजा गया अक्षत कलश: विहिप

पलामू : निलांबर पितांबर पुर प्रखंड में एक बैठक कर के सभी पंचायतों को पूजित अक्षत कलश भेजा गया। अक्षत कलश के वितरण में जिला मंत्री दामोदर मिश्र, सह मंत्री अमित तिवारी, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप कुमार गुप्ता, बलो पासना प्रमुख विकाश कश्यप, मेदनी नगर बजरंग दल सह संयोजक दिलीप गिरी और नवा बाजार प्रखंड अध्यक्ष हिमांशु पाण्डेय जिला प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रहे। पूजित अक्षत कलश वितरण के बाद प्रखंड मुख्यालय में बाजे गाजे के साथ सभी पंचायतों के कलश के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। अभी पूजित अक्षत कलश को विभिन्न मंदिरों में घुमाए जायेगा। तत्पश्चात, अक्षत और निमंत्रण पत्रिका घर-घर वितरण कार्यक्रम सम्मानित कार्यकर्ताओं के देखरेख में एक जनवरी से प्रारंभ की जाएगी। बैठक में विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष राजीव सिंह, मंत्री रौशन मेहता, दिलीप तिवारी, जितेंद्र शुक्ला, छोटे लाल गुप्ता और बड़ी संख्या में राम भक्त महिलाएं और पुरुषों की की सहभागिता रही।

अवैध शराब भट्ठी को किया ध्वस्त

पलामू : जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती जंगली क्षेत्र में अब शराब के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस दौरान चोरी छिपे चलाए जा रहे चार अवैध शराब की भट्टी को आबकारी विभाग की टीम और हरिहरगंज थाना ने ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई उत्पाद अधीक्षक पलामू के निर्देश पर बुधवार को आबकारी विभाग की टीम ने हरिहरगंज थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती बिहार सीमा से सटे शिकारपुर, कोठीला, खड़गपुर और भावर गांव के जंगल में अभियान चलाकर की । उत्पाद अवर निरीक्षक अनुप प्रकाश ने बताया कि जंगली क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित चार महुआ शराब भट्टी को नष्ट किया गया है।

बैठक अपर समाहर्ता ने राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा, दिए कई निर्देश

लंबित दाखिल खारिज मामलों को ससमय निष्पादित करें: मंजू

- भूमि हस्तांतरण के मामलों को तेजी से निष्पादित करे
- दाखिल खारिज के मामलों को वेवजह लटकाया जाना उचित नहीं है

राष्ट्रीय खबर

पाकुड़: अपर समाहर्ता मंजू रानी स्वांसी ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में राजस्व संबंधी कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से दाखिल -खारिज, भूमि हस्तांतरण, ई-रेवन्यु कोर्ट, परिशोधन पोर्टल एवं भू-अर्जन के लंबित मामलों से सम्बंधित किये जा रहे कार्यों के सम्बंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अपर समाहर्ता ने ऑनलाइन दाखिल-खारिज मामलों की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में उन्होंने लंबित दाखिल खारिज मामलों को ससमय निष्पादित करने का निर्देश दिया। वहीं भूमि हस्तांतरण की समीक्षा करते हुए अपर समाहर्ता ने भूमि हस्तांतरण के लिए प्राप्त अधियाचना की अंचलवार अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने जिस अंचल में भूमि हस्तांतरण का कार्य लंबित हैं संबंधित अंचल अधिकारी एवं संबंधित विभाग को आपस में समन्वय स्थापित करके भूमि चिन्हित कर यथाशीघ्र प्रस्ताव भेजने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी मामलों में और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। दाखिल खारिज के मामलों को वेवजह लटकाया जाना उचित नहीं है। इस पर विशेष तौर ध्यान दे अधिकारी। इसमें किसी भी तरह की कौताही बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि भूमि हस्तांतरण के मामलों को तेजी से निष्पादित करे। भूमि हस्तांतरण का काम पूरा होने से विकास के कार्यों में तेजी आयेगा। मौके पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अजय सिंह बड़ाईक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग,पाकुड़ राहुल कुमार, प्रशासक, नगर परिषद राजकमल मिश्रा, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

न्यूज फटाफट

कंबल वितरण करना पुनीत कार्य:बद्रीनारायण सिंह

हुसैनाबाद : जिले में बढ़ रही ठंड को देखते हुए महुअरी पंचायत के पंसस बद्रीनारायण सिंह द्वारा पंचायत के प्रत्येक वार्ड में गरीब व जरूरतमंद असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। उन्होंने इस कड़कड़ाती ठंड में गरीबों, जरूरतमंदों में लगभग 100 की संख्या में कंबल वितरित कर ठंड से राहत दिलाने का कार्य किया है। इस दौरान कंबल लेने के लिए पंचायत के हरेक वार्ड से काफी संख्या में जरूरतमंद, बुजुर्ग व गरीब पहुंचे थे। ठंड में कंबल मिलते ही जरूरतमंदों के चेहरे खिल गए। कंबल वितरण के दौरान पंसस बद्रीनारायण सिंह ने कहा कि मनुष्य के जीवन की सार्थकता तब है, जब वह गरीब और असहायों की सेवा करे। सर्दी के इस मौसम में गरीबों को गर्म कपड़े वितरण करना सच्ची मानव सेवा है। यह कम्बल हर उस गरीब व बुजुर्गों के लिए जीवन दायिनी साबित होगा जिनके पास ठण्ड से बचने का और कोई उपाय नही है। इस गलन भरी ठंड में कंबल वितरण से बड़ा पुनीत कार्य कुछ नहीं हो सकता। समाजसेवी ने बताया कि यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर श्याम बिहारी सिंह, अखिलेश सिंह, लखन महतो, शत्रुघ्न सिंह, राम आशीष सिंह, विनय कुमार सिंह, राम जन्म मिस्त्री, नंदलाल सिंह,महेंद्र सिंह,कृष्णा सिंह, जमुना प्रसाद सिंह, बैकुंठ सिंह,अरुण, अजय, सोन, राजेश सहित अन्य उपस्थित थे।

सभी गांवों को मिलेगा ग्राम गाड़ी योजना का लाभ: विधायक

हुसैनाबाद : विधायक कमलेश कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत सुदूरवर्ती गांव को प्रखंड व जिला मुख्यालय से जोड़ने व सुलभ आगमन हेतु बस चलाने का प्रस्ताव जिला परिवहन पदाधिकारी पलामू को दिया है। दिए गए प्रस्ताव में हुसैनाबाद प्रखंड के पंचायत महुदण्ड व डंडिला, पथरा, दंगवार, देवरी खुर्द, पोलडीह, जमुआ, झरगड़ा, हैदरनगर के सिघना, बारेवा, सड़या, परता, कुकही, लपेया,मोहमदगंज प्रखंड के कादल, पंसा, गाजी बिहारा, भाली,बटौआ, हरिहरगंज प्रखंड के ढकचा, सरसोट, कुलहिया, तुरी लंगुराही, पिपरा प्रखंड के सरैया, पिपरा शामिल है। विधायक ने प्रखंड व जिला मुख्यालय का बस रूट का प्रस्ताव तैयार कर मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत बस चलाने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने कहा है कि प्रखंड को जिला और गांव को प्रखंड से जुड़ जाने से आम ग्रामीणों को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा है कि ग्राम गाड़ी योजना का लाभ सुदूरवर्ती गांव के ग्रामीणों को सुलभ आवा गमन की व्यवस्था करना है। इस योजना के शुरू हो जाने से ग्रामीणों को सस्ती दर पर परिवहन सेवा का लाभ मिल पायेगा।

बैंक फ्रॉड प्रीवेंशन एंड इन्वेस्टिगेशन कार्यशाला का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

दुमका: पुलिस अधीक्षक दुमका कार्यालय के सभागार कक्ष में आइसीआइसीआइ बैंक के द्वारा बैंक फ्रॉड प्रीवेंशन एंड इन्वेस्टिगेशन से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में पुलिस उप-महानिरीक्षक संथाल परगना क्षेत्र, दुमका, सुदर्शन प्रसाद मंडल मुख्य अतिथि, पुलिस अधीक्षक दुमका, पुलिस अधीक्षक जामताड़ा एवं दीपांकर बासु, जोनल हेड आइसीआइसीआइ बैंक झारखण्ड विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। श्री दीपांकर बासु, जोनल हेड आइसीआइसीआइ बैंक झारखण्ड ने मुख्य अतिथि सुदर्शन प्रसाद मंडल को पुष्प गुच्छ देकर किये सम्मानित। कार्यशाला में आइसीआइसीआइ बैंक के द्वारा बताया गया कि क्रेडिट कार्ड फ्रॉड नेट बैंकिंग फ्रॉड यूपीआई फ्रॉड एवं साइबर फ्रॉड में किस तरह से अनुसंधान करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारी को साइबर अनुसंधान से संबंधित नई टेक्नालॉजियों को किस तरह से इस्तेमाल किया जाना है इसके बारे में बताया। पुलिस उप-महानिरीक्षक ने सभी पुलिस पदाधिकारी को आईटी एक्ट से संबंधित विशेष कानूनी जानकारियां दिए।

अदाणी ग्रीन में निवेश करेंगे प्रमोटर्स

राष्ट्रीय खबर

गोड्डा: भारत के सबसे बड़े और दुनिया के अग्रणी रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपर, अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने घोषणा की है कि एजीईएल के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने सेबी आईसीडीआर नियमों के आधार पर गणना की गई प्रति शेयर कीमत 1,480.75/शेयर पर एजीईएल के प्रमोटर्स को 9,350 करोड़ रुपये (1,125 मिलियन अमरीकी डॉलर के बराबर) के वारंट जारी करने की मंजूरी दे दी है। इसको विनियामक और कानूनी प्राधिकृतियों के स्वीकृति के लिए सौंपा गया है, साथ ही कंपनी की एक्सट्रा-ऑर्डिनरी जनरल मीटिंग, जो 18 जनवरी 2024 को निर्धारित है, में भी कंपनी के शेयरहोल्डर्स की मंजूरी ली जाएगी। इस राशि का उपयोग डीलीवरेजिंग और तेजी से पूंजी व्यय के लिए किया जाएगा। एजीईएल अब 2030 तक 45 गीगावॉट के अपने घोषित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरी तरह से तैयार है, जिसमें 20.6 गीगावॉट की क्षमता, भारत के संसाधन-समृद्ध क्षेत्रों में 2,00,000 एकड़ (40 गीगावॉट की अतिरिक्त क्षमता के बराबर) के अधिग्रहण की गई जमीन और 9,350 करोड़ रुपये की अतिरिक्त इक्विटी शामिल है, जो इस घोषित लक्ष्य को पूरी तरह से वित्तपोषित करती है। इस बारे में अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा कि भारत रिन्यूएबल एनर्जी में ग्लोबल लीडर बनने की कगार पर है और अदाणी ग्रीन एनर्जी इस क्रांति के प्रमुख भूमिका निभा रहा है। अदाणी परिवार द्वारा किया गया यह निवेश हमारे देश के स्वच्छ ऊर्जा के सपने को साकार करने और एक न्यायसंगत ऊर्जा परिवर्तन के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जहां हम पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों को चरणबद्ध तरीके से पूरा करते हैं, साथ ही अपनी बढ़ती वृद्धि और विकास योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए ग्रीन व किफायती विकल्पों को शामिल करते हैं।

हथियार के साथ युवक गिरफ्तार भेजा गया जेल

राष्ट्रीय खबर

मेदिनीनगर: पलामू एसपी रिशमा रमेशन के निर्देश पर टीओपी 3 प्रभारी इंद्रदेव पासवान और टाइगर मोबाइल के जवानों ने हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में टिओपी 3 प्रभारी इंद्रदेव पासवान ने बताया कि दिनांक-24 दिसंबर को संध्या गश्ती के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर वरीय पदाधिकारियों के निदेर्शानुसार एक टीम का गठन किया गया।इसके बाद समय करीब 15.00 बजे बड़की बैरिया तलाब के समीप पुलिस गाड़ी को देखकर दो संदिग्ध व्यक्ति भागने लगे जिसे ससत्र बल के सहयोग से दौड़ाकर एक व्यक्ति को पकड़ा गया एवं एक व्यक्ति मौका का फायदा उठाकर भाग निकला। पकड़ाये व्यक्ति से पुछताछ के क्रम में अपना नाम पप्पु कुमार सिंह पिता श्रीराम सिंह पता सिक्की कला, थाना पाटन, जिला पलामू एवं भागने वाले व्यक्ति का नाम गोलू कुमार सिंह बताया गया। पकड़ाये व्यक्ति से पूछताछ एवं तलाशी के दौरान 01 देशी लोडेड पिस्टल बरामद हुआ। बरामद देशी लोडेड पिस्टल को विधिवत जप्त करते हुए पकड़ाये व्यक्ति को गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए शहर धाना, पलामू लाया गया। इस संदर्भ में शहर थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसके बाद गिरफ्तार अपराधी को जेल भेज दिया गया। वही इस घटना के बाद घटना स्थल से फरार आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

सीओ ने लिया बीडीओ का प्रभार

हरिहरगंज : प्रखंड सभागार में बुधवार को हरिहरगंज अंचल पदाधिकारी यामुन रविदास को प्रशिक्षु आइएएस अधिकारी रवि कुमार ने बीडीओ का प्रभार सौंपा। इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी सह प्रभारी बीडीओ रवि कुमार के सम्मान में अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी ने बेहतर समन्वय बनाते हुए जनहित में बेहतर कार्य कर कर अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया। वहीं सीओ सह प्रभारी बीडीओ यामुन रविदास ने भी अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्य संस्कृति में और सुधार लाकर सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया। मौके पर आकांक्षी प्रखंड के कोऑर्डिनेटर प्रणव कुमार शाहिद अन्य उपस्थित थे।

नाली निर्माण में अनियमितता पर ग्रामीणों में आक्रोशित

राष्ट्रीय खबर

पलामू : करोड़ों रुपए की लागत से बन रहे सड़क के साथ नाला निर्माण कार्य में ग्रामीणों घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत मेन रोड मोती राज महिला इंटर कॉलेज मोड़ से लंगुराही प्राथमिक स्कूल चहका तक करोड़ों रुपए की लागत से सड़क के साथ ही नाला निमार्ण का कार्य कराए जा रहे हैं। इस दौरान अंबा गांव के समीप चल रहे नाला निर्माण कार्य में आस पास के ग्रामीणों ने घोर अनियमित्ता बरतते हुए सबसे घटिया ईट, मिट्टीयुक्त बालू के साथ ही नरम छरी (गिट्टी) का इस्तेमाल करने की बात कही है। ग्रामीणों ने कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा किया है। ग्रामीणों का कहना है कि कार्य के संवेदक द्धारा अपने हिसाब से मानक को ताक पर रखकर कार्य किया जा रहा है। बता दें कि बीते साल सांसद बीडी राम ने सड़क के साथ नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास किया था । उस दौरान उन्होंने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश भी दिया था । बावजूद इसके कार्य में गुणवता का कोई ख्याल नहीं रखा जाना घोर अनियियता को उजागर करता है। राखी ग्रामीण ऑन की आपत्ति के बाद कार्य स्थल पर रखे गए कुछ ईट को हटा दिया गया है जबकि कुछ दूरी तक घटिया ईंट का ही प्रयोग किया गया है।

जोहर यात्रा शिलान्यास के दस माह बाद भी नहीं शुरू हो सका डिग्री कॉलेज का काम

आजसू ने झारखंड सरकार का फूंका पुतला

- शांतिपूर्ण विरोध करना हमारा अधिकार है
- हेमंत सरकार इसे हमसे छीन रही है

राष्ट्रीय खबर

लातेहार: लातेहार मे जोहर यात्रा के दौरान फरवरी मे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा डिग्री कॉलेज का शिलान्यास किया गया था परंतु 10 महिने गुजर जाने के बाद भी कॉलेज मे पठन पाठन शुरू नहीं हो सका है। लातेहार आजसू जिला अध्यक्ष अमित पांडेय के नेतृत्व मे इसी को लेकर लागातार आंदोलन किया जा रहा है मगर सरकार इस विषय को गंभीरता से ना लेते हुए उल्टा आजसू के कई नेताओं को गिरफ्तार कर ली। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि आज लातेहार जिले मे मुख्यमंत्री जी का आपके सरकार आपके द्वार कार्यक्रम था। आज अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के पलामू जिला के छात्रों ने आजसू नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध मे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला छः मुहान पर जलाकर इसे सरकार का तानाशाही रवैया बताया। आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सतीश कुमार ने कहा कि हेमंत सोरेन के राज्य में अब हिटलरशाही शुरू हो गई है लाठी गोली से आवाज बन्द करने से हेमंत सरकार का कब्र तैयार हो रहा है।

केन्द्रीय सचिव बिकेश शुक्ला ने कहा कि लातेहार में छात्र नेता समेत आजसू पार्टी जिलाध्यक्ष की गिरफ्तारी लोकतंत्र पर हमला है। आजसू के नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय प्रभारी अभिषेक राज ने कहा की सरकार युवाओं को कभी गिरफ्तार करती है तो कही लाठिया खिलवाती है यह सरकार शुरू से ही युवा छात्र विरोधी है। शांतिपूर्ण विरोध करना हमारा अधिकार है और हेमंत सरकार इसे हमसे छीन रही है जिसका परीणाम उन्हें 2024 में देखने को जरूर मिलेगा। छात्र संघ के पलामू जिला अध्यक्ष राहुल कुमार मिश्रा ने कहा की डिग्री कॉलेज मे पढ़ाई शुरू करने के लिए हम कई महीनों से संघर्षरत है मगर सरकार का इसपर कोई ध्यान नहीं है। आजसू नेताओं की गिरफ्तारी की हम घोर निंदा करते है। जिला सचिव बिपिन शुक्ला ने कहा की ऐसे लोग शासन में आ गए है ये प्रदेष के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है जो छात्रों युवाओं को आतंकी समझकर उनपर लाठिया चलवा रहे है और उन्हें गिरफ्तार करवा ले रहे है। मौके पर मुकेश पासवान, प्रियांशु वर्मा, आकाश, सूरज, नीरज आदि दर्जनों युवाओं ने आक्रोश व्यक्त किया।

सिनियर वालीबॉल चैंपियनशिप सात से

राष्ट्रीय खबर

मेदिनीनगर: सिनियर वालीबॉल चैंपियनशिप झारखंड 2023 सात जनवरी से डालटनगंज में आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है।स्थानीय जिला स्कूल के मैदान में आयोजित टुनार्मेंट की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है।इस संबंध में आयोजन समिति के सचिव दुर्गा प्रसाद जौहरी ने बताया कि चैंपियनशिप के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है जिसमें पलामू उपायुक्त शशी रंजन व पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन को मुख्य संरक्षक बनाया गया है जबकि सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी आयोजन समिति के संयोजक की भूमिका में रहेंगे।वहीं उप विकास आयुक्त रवि रंजन,नगर निगम आयुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन,एसडीपीओ सुरजीत कुमार सिंह,डीईओ अनील कुमार चौधरी,डीएसई मनोज कुमार,डीएसओ प्रिति किस्कू,जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा,सुरेश जैन,ज्ञानचंद पाण्डेय,सतवीर सिंह,जीवन प्रसाद सिंह,शिव प्रकाश प्रसाद,दीपक लाल,मनोज सिंह,दीपक सिंघानिया,सोनु सिंह नामधारी,अविनाश देव,डॉ संजय कुमार,युगल किशोर चंद्रवंशी,अनील कुमार सिंह,मुमताज खान को संरक्षक बनाया गया है।कल्याण प्रसाद वर्मा,ललन सिन्हा,बाल मुकुंद पाण्डेय,सुधीर कुमार दूबे,हरिशंकर सिंह,सतीश कुमार पाण्डेय,सुधीर कुमार सौंडिक,कमल प्रसाद गुप्ता,प्रसन्नजीत दास गुप्ता,नवीन कुमार गुप्ता(लाल बाबु),महेश तिवारी,प्रदीप कुमार अकेला,मनोहर कुमार लाली,प्रभात कुमार गुप्ता,अजीत सिन्हा,अशफाक अहमद,विपिन कुमार सिन्हा,रचिता शरण,रुपा सिंह,लीलावती देवी,मंजू गुप्ता,रंजन अग्रवाल,उदय शुक्ला,मनोज जैन राज कुमार गुप्ता (टिवंकल),रमेश कुमार सोनी,किरण अग्रवाल व इम्तयाज अहमद नज्मी को आयोजन समिति में उपाध्यक्ष बनाया गया है।

शहर ›› अपडेट

जिप अध्यक्ष ने सुनी ग्रामीणों की समस्या

कुडू :जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत ने आज कुडू प्रखंड के बंदुआ गांव पहुंचकर ग्रामीणों के समस्या से रूबरू हुए। इस मौके पर बंदुआ गांव के ग्रामीणों ने जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत का पारंपरिक तरीके से बुके देकर भव्य स्वागत किया।तत्पश्चात पंचायत केउपस्थित जनप्रतिनिधियों का भी ग्रामीणों ने बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

सिटी अपडेट्स ››

तीरंदाजी में मिला स्वर्ण

दुमका: पंजाब के पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला में आयोजित नॉर्थ ईस्ट जोन यूनिवर्सिटी तीरंदाजी प्रतियोगिता में खेल विभाग द्वारा दुमका में संचालित कमारदुधानी बालक आवासीय तीरंदाजी प्रशिक्षण केन्द्र के ट्रेनी अरविंद टुडू ने सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय,दुमका का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक जीता। ज्ञात हो कि भुवनेश्वर में आयोजित जनजातीय खेल महोत्सव एवम 12 से 18 नंबर तक राजस्थान में आयोजित जूनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में 1 स्वर्ण पदक 1 रजत पदक जीत राज्य का मान बढ़ाया था। इस उपलब्धि पर खेल निदेशक डॉ सुशांत गौरव, सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के पदाधिकारी ,कोच मोहन कुमार साहू,देवीधन टुडू समेत राज्य के खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

संक्षिप्त ›› अपडेट्स

विकास कार्यों में परंपरा व सामाजिक उन्नति हो समावेश: डॉ उरांव

लोहरदगा: बुधवार को विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार द्वारा भंडरा प्रखंड के नवडीहा एवं कसपुर ग्राम में विधायक मद से नवनिर्मित पड़हाभवन का उद्घाटन किया गया । इस मौके पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि वर्तमान युग में विकास कार्य में परंपरा एवं सामाजिक उन्नति का समावेश होना आवश्यक है, हम एक तरफ समाज को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करते हैं और परंपरा का संरक्षण भी होता है और विकास कार्य को भी बढ़ावा मिलता है। भंडरा प्रखंड में विधायक निधि से दो पड़हा भवन का निर्माण किया गया यह हमारी पहचान है यह हमारा धार्मिक, सांस्कृतिक, एवं सामाजिक एवं प्रार्थना का केंद्र है यह सभास्थल भी है ,इस ग्राम के ग्रामीणों की मांग थी कि यहां इसका निर्माण किया जाए, और हमने इसे धरातल पर उतरने का काम किया और हमारा उद्देश्य भी है की हम हमारी संस्कृति, सभ्यता, परंपरा की रक्षा करें। हमने ये भी प्रयास किया की जिले में सबसे बड़े पड़हाभवन का निर्माण किया जा रहा है । जिससे सामाजिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। हमें आधुनिक युग में अपनी पुरखों की पहचान को बचाने की आवश्यकता है यह ह इन सभी योजनाओं के द्वारा गांव का विकास एवं ग्रामीणों का मांगो का कार्य किया जा रहा है इस मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखेर भगत,विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल,जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, जिप सदस्य सुखदेव उरांव,उमेश्वरनाथ तिवारी, डोमना उरांव,जुगल भगत,सत्यदेव भगत, सद्रुल अंसारी, सामुल अंसारी,तनवीर गौहर उरांव, अंजू उरांव,अनिता उरांव,अनुप्रिया उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।

आयोजन

रोटरी युवा खेल महोत्सव का सीएच स्कूल ग्राउंड में हुआ आयोजन

खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करें तभी निखरेगी प्रतिभा : नीरा यादव

राष्ट्रीय खबर

कोडरमा: सीएच स्कूल ग्राउंड में रोटरी युवा खेल महोत्सव के अंतर्गत जिला स्तरीय पुरुष एवं महिला कबड्डी प्रतियोगिता एवं दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें रांची चतरा गिरिडीह सिंदरी हजारीबाग प्रतिभा विकास क्लब कोडरमा वाइबीसी अकादमी एसबीएस अकादमी आदि टीमों के सैकड़ो बालक बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा विधायक पूर्व शिक्षा मंत्री झारखंड सरकार नीरा यादव मौजूद थी । विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद पिंकी जैन थी । रोटरी क्लब के पदाधिकारी ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के परियोजना निदेशक रोटेरियन अमित कुमार थे। पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता मे विनर प्रथम स्थान कोडरमा की टीम ने प्राप्त किया दूसरे स्थान पर रनर टीम गिरिडीह की रही। कबड्डी प्रतियोगिता बालिका वर्ग में प्रथम स्थान कोडरमा की टीम ने प्राप्त किया । द्वितीय स्थान हजारीबाग की टीम ने प्राप्त किया। 1600 मीटर बालक वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रितिक कुमार द्वितीय स्थान अमित कुमार तृतीय स्थान सनी कुमार ने प्राप्त किया । 800 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में प्रथम स्थान कोमल कुमारी द्वितीय स्थान प्रीति कुमारी तृतीय स्थान सोनी कुमारी ने प्राप्त किया । सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि विधायक नीरा यादव एवं विशिष्ट अतिथि पार्षद पिंकी जैन ने विजेता ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। सभी रोटरी के पदाधिकारी सदस्यों ने भी खिलाड़ियों को सम्मानित किया । राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई । पूर्व अध्यक्ष सुरेश जैन रोटेरियन संगीता शर्मा ने नारियल फोड़कर कबड्डी प्रतियोगिता आरंभ कराया एवं अपने संबोधन से खिलाड़ियों में जोश भरा । मुख्य अतिथि डॉ नीरा यादव ने कहा कि रोटरी कोडरमा हमेशा जनसेवा समाज सेवा के क्षेत्र में अच्छे कार्य करता है खेल के क्षेत्र में भी बढ़ावा देने का कार्य समय-समय पर रोटरी क्लब के द्वारा जिले में किया जाता है । जिससे खिलाड़ियों की प्रतिभा में निखार आता है। भविष्य में यही खिलाड़ी आगे बढ़कर प्रदेश और नेशनल स्तर पर जिले का नाम रोशन करते हैं। इस आयोजन के लिए मैं रोटरी क्लब कोडरमा को धन्यवाद देती हूं। मुख्य अतिथि डॉक्टर नीरा यादव को रोटरी के सचिव नवीन जैन ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया मुख्य अतिथि को मोमेंटो रोटेरियन महेश दारूका और सचिव ने दिया विशिष्ट अतिथि को मोमेंटो कबड्डी एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष संदीप सिन्हा ने दिया। कबड्डी प्रतियोगिता और एथलेटिक्स दौड़ प्रतियोगिता का संचालन मैच ऑफिशल्स जय पांडे धीरज पांडे अमित राय सोनू गुप्ता सुनील कुमार प्रशांत तिवारी गौतम एवं सुभाष कुमार ने किया। प्रोजेक्ट डायरेक्टर अमित कुमार इस इवेंट के पूरे कार्यक्रम के रुपरेखा की जानकारी दी । मंच संचालन रोटेरियन संतोष सिन्हा सिंह ने किया। इस मौके पर एथलेटिक एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक वर्णवाल कबड्डी संगठन के सेक्रेटरी धर्मेंद्र सिंह जॉइंट सेक्रेटरी विजय कुमार साहू चाइल्ड प्रोगेसिव स्कूल के डायरेक्टर तोफिक हुसैन हेल्थ क्लब के डॉक्टर उपेंद्र भदानी सुधीर कुमार कुलदीप कुमार धनंजय कुमार आदि लोग उपस्थित थे। मौके पर रोटेरियन पूर्व अध्यक्ष महेश दारूका कैलाश चौधरी सुरेश जैन कमल दारूका सुरेश सेठी संजीव अग्रवाल नवीन आर्य अनिल खाटूवाला धर्मेंद्र प्रसाद विपुल बगड़िया मनीष गंगवाल प्रतीक पांडया आशीष खेतान आशीष छाबड़ा ईशान सेठी उपस्थित थे।

न्यूज फटाफट

विधायक ने सदन में उठाया दूधी नदी पर पूल बनाने का मुद्दा

जयनगर: बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने झारखंड विधानसभा शीतकालीन सत्र के पांचवे दिन चंदवारा प्रखंड के कांको पंचायत अंतर्गत ग्राम गवनपुर और गरयांडीह के दूधी नदी पर पुल निर्माण हेतु समस्या को सदन में सरकार के समक्ष रखकर पुल निर्माण का मांग किया। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा उक्त नदी पर कोडरमा जिला अंतर्गत चंदवारा प्रखंड के कांको पंचायत ग्राम गवनपुर और गरयांडीह के दूधी नदी पर पहले पूर्व से जो पुल बना हुआ था। वह लगभग 30-35 वर्ष पुराना पुल था। जो कुछ महीने पहले लगातार अधिक बारिश होने की वजह से टूट गया था। यहां पर जो सैनिक स्कूल है, कोडरमा (बॉझेडीह) पावर प्लांट है, तिलैया डैम है उसका रास्ता अवररुद्ध हो गया है। उन्होंने कहा सभी विधायकों को जो हमे कोटा में पुल मिलता है, मेरा जो पुल टेंडर में होने जा रहा था उसको हमने ब्रेक कराया क्योंकि हमारे लिए यह पुल पहली प्राथमिकता है। विधायक अमित कुमार यादव का सवाल के जवाब में सरकार द्वारा कहा कि उक्त पुल निर्माण को लेकर डीपीआर प्राप्त हो गया है। प्रतिवेदन मिलने के पश्चात प्राथमिकता के आधार पर आगे की कार्रवाई किया जायेगा।

नगर पर्षद कार्यालय के समक्ष टैम्पो चालक संघ ने किया प्रदर्शन

कोडरमा: टेम्पो चालकों एवं नागरिकों को सुविधा देने की मांग पर झारखंड राज्य परिवहन मजदूर यूनियन एवं सीटू से सम्बद्ध टैम्पो चालक संघ, झुमरीतिलैया इकाई ने नगर पर्षद कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। इससे पूर्व सुभाष चौक से झंडा बैनर के साथ ओवरब्रिज, झंडा चौक, स्टेशन रोड व अडी बंगला रोड होते हुए नगर पर्षद कार्यालय तक पैदल जुलूस निकाला गया। जिसका नेतृत्व सीटू नेता और निर्माण कामगार यूनियन के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने किया। जुलूस में मनमानी टैक्स वसूली बंद करो, टैम्पो स्टैंड की व्यवस्था करो, टैम्पो चालकों के साथ दुर्व्यवहार बंद करो आदि नारे लगाए जा रहे थे। प्रदर्शन के बाद टैम्पो चालक संघ के अध्यक्ष मो रफीक की अध्यक्षता में हुई सभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि नगर पर्षद सिर्फ टैक्स वसूलती है, लेकिन सुविधा के नाम पर कोई व्यवस्था नहीं है। झुमरीतिलैया में कहीं भी टैम्पो स्टैंड नहीं है, महिला पैसेंजर्स शौचालय के लिए तरस जाती है, लेकिन टैक्स दोनों तरफ वसूला जा रहा है। अपने अधिकार के लिए इनके पास संघर्ष के सिवाय कोई रास्ता नहीं है। सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति ने कहा कि बिना नागरिक सुविधा के टैम्पो चालकों से राजस्व के नाम पर वसूली करना गैर कानूनी है, जिसके खिलाफ न्यायालय में मुकदमा दायर किया जाएगा। सीटू टैम्पो चालकों के हकों के लिए मजबूती के साथ खड़ा रहेगा। निर्माण यूनियन के नेता प्रेम प्रकाश ने कहा कि टैम्पो चालकों के साथ आए दिन पुलिस, बस एजेंट और दबंग लोगों के द्वारा मारपीट और दुर्व्यवहार किया जाता है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन के बाद पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मांगों को लेकर नगर प्रशासक से वार्ता किया. जिसमें प्रशासन के द्वारा आश्वासन दिया गया कि जल्द ही टैम्पो स्टैंड का स्थल चयन किया जाएगा और मनमाने टैक्स पर रोक के लिए प्रिन्टेड रसीद उपलब्ध कराया जाएगा। प्रदर्शन में मो रफीक, मुना प्रसाद सोनी, चन्दन सिंह, विजय शर्मा, आशिष कुमार दास, शिव कुमार रजक, मो उजैर खान, अशोक गिरी, राजेश कुमार, जागेश्वर साव, प्रदीप कुमार साव, मुकेश प्रसाद, सुरेश गुप्ता, विकास कुमार, धनराज यादव, रामसेवक सोनी सहित दर्जनों ऑटो चालक शामिल थे।

हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत कार्यक्रम का आयोजन

मरकच्चो: प्रखंड के नावाडीह तथा देवीपुर पंचायत सचिवालय प्रांगण में बुधवार को हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव, बीडीओ सह अंचलाधिकारी सना उस्मानी, नावाडीह पंचायत मुखिया बैजन्ती देवी, देवीपुर पंचायत मुखिया बेदू साव, पूर्व जिप सदस्य मरकच्चो सह भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर मौजूद पदाधिकारी व अन्य लोगों ने हमारा संकल्प विकसित भारत को लेकर शपथ लिया। इसके पूर्व जेएसएलपीएस की महिलाएं, समूह की महिलाएं, आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाएं ने अक्षत और फूलों की बारिश कर हमारा संकल्प विकसित भारत रथ का सम्मान किया। विधायक डॉ नीरा यादव एवं पंचायत के मुखिया बैजन्ती देवी ने उपस्थित लोगों को शपथ दिलाया। विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता को कई तरह के कल्याणकारी योजना से जोड़ने का काम किये है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम किसान समृद्धि योजना, उज्ज्वला योजना, केसीसी, आयुष्मान भारत, दीदी बड़ी, जेएसएलपीएस सहित अन्य योजनाओं के कई लाभुकों ने मोदी सरकार की कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन पंचायत सचिव सियाराम सिंह व समाजसेवी बसंत साव ने संयुक्त रूप से किया। स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर दिनेश कुमार,एएनएम नन्दनी कुमारी, सोनी कुमारी पूजा कुमारी सहिया संजू सोनी के द्वारा स्वास्थ जांच शिविर भी लगाया गया था। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय यादव, रोजगार सेवक लखपति दास, पवन सिंह, लखन पासवान, सुखदेव दास,पवन यादव, चंदन कुमार राणा, दिलीप यादव, रवि राम, सुबेश यादव,आंगनबाड़ी सेविका, जेएसएलपीएस की महिलाएं, विद्यालय की छात्राएं समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

नन्हीं वर्णवाल आकर्षण का केंद्र

अहिवरण जयंती को लेकर शहर में निकली शोभा यात्रा

राष्ट्रीय खबर

झुमरीतिलैया: अहिवरण जयंती को लेकर मोदी वर्णवाल समाज ने शहर में बाइक रैली सह शोभायात्रा निकाली। कार्यक्रम की अध्यक्षता अहिवरण वंशज के जिला अध्यक्ष सूर्यदेव मोदी ने की। रैली की शुरूआत चोवा राम मोदी धर्मशाला गांधी स्कूल रोड से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया, जिसमे मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष रामेश्वर मोदी, अहिवरण वंशज के अध्यक्ष सूर्यदेव मोदी, समाज सेवी पंकज वर्णवाल, विष्णु वर्णवाल, डॉ प्रमोद कुमार, डॉ सुनील वर्णवाल, ईश्वरदेव मोदी व सुभाष मोदी शामिल थे। रैली में नन्हीं वर्णवाल ने बुलेट चलाते हुए शहर में भ्रमण किया जो आकर्षण का केंद्र बिंदु बना रहा। शोभायात्रा के प्रोजेक्ट निदेशक विकास वर्णवाल की देखरेख में शालीनता व अनुशासन के साथ गंतव्य स्थान पर संपन्न हुआ। मौके पर निवर्तमान वार्ड पार्षद बालगोविंद मोदी, डॉ बीएन पी वर्णवाल, सचिव पंकज वर्णवाल, बलदेव मोदी, राजेंद्र मोदी, प्रदीप सुमन, अजीत वर्णवाल, अजय बर्णवाल, रोहित कुमार, साहिल मोदी, पल्लव वर्णवाल, विकी बर्णवाल, संजीव कुमार, वरुण मोदी, पंकज बर्णवाल, अवधेश मोदी, रंजीत बर्णवाल, उमेश बर्णवाल, मनोज मोदी, भुनंदन मोदी, मोनू वर्णवाल, नीरज कुमार, विनोद मोदी, विक्रम कुमार, अमित वर्णवाल, विशाल वर्णवाल, सकलदेव कुमार उपस्थित थे।

पार्टी का एक ही उद्देश्य देश का विकाश

कुडू प्रखंड कांग्रेस ने मनाया स्थापना दिवस

राष्ट्रीय खबर

कुडू: बुधवार को कांग्रेस कमिटी कुडु के तत्वावधान में कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस धूमधाम से मानने को लेकर प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर की अध्यक्षता में बैठक की गई इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड प्रभारी सह जिला महासचिव सामूल अंसारी शामिल हुए। इस मौके प्रखंड अध्यक्ष एवं प्रभारी ने कहाभारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 28 दिसम्बर 1885 को बम्बई (मुम्बई) के गोकुल दास तेजपाल संस्कृत महाविद्यालय में हुई थी । कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस का एक ही उद्देश्य था देश का विकास करना । इसी उद्देश्य के साथ कांग्रेस पार्टी का स्थापना की गई थी कांग्रेस पार्टी के विचारधारा को आज शहर से लेकर गांव और गांव से लेकर घर तक जन-जन तक पहुंचाने का काम हम सभी कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं को करने की जरूरत है । आगामी आने वाले स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने को लेकर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के द्वारा सभी पंचायत एवं बहुत स्तर पर पार्टी कार्यकताओं को जुड़ जाने एवं सभी पंचायत में कांग्रेस पार्टी का झंडा तोलन के लिए दिशा निर्देश दिया गया ताकि 28 दिसंबर को कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जा सके। इस मौके पर मुख्य रूप से पंचायत अध्यक्ष मो इकबाल,शमसुल अंसारी,मनोज उरांव, संतोष लोहरा, नईम अंसारी,जीवन खाखा,परवेज आलम एवं अन्य कांग्रेस पार्टी का पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सांसद चंद्र प्रकाश ने किया योजनाओं का शिलान्यास

राष्ट्रीय खबर

पेटरवार : पेटरवार प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में 2 करोड़ से ज्यादा की लागत से निर्मित होने वाली तीन विकास योजनाओं का भूमि पूजन बुधवार को गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और विधायक लंबोदर महतो ने संयुक्त रूप से शिलान्यास किया। जिन विकास योजनाओं का भूमि पूजन किया गया उनमें राज्य संपोषित योजना के तहत 64 लाख 12 हजार रुपए की लागत से निर्मित होने वाली एन एच 23 पेटरवार गागी से खत्री टोला भाया मठ टोला व केवट टोला तक 1.200 किलोमीटर पथ का सुदृढ़ीकरण, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 47 लाख 24 हजार रुपए की लागत से बनने वाली पेटरवार मठ टोला से तेनु चौक दुर्गा मंदिर भाया बाजार टांड़ तक पथ सुदृढ़ीकरण और प्रखंड के अरजुवा पंचायत में डी एम एफ टी योजना मद की राशि 96 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाली अरजुवा पंचायत सचिवालय का निर्माण शामिल है। इस दौरान ग्रामीणों ने पेटरवार एन एच 23 पर सांसद और विधायक को 51 किलो ग्राम के फूल से बनी माला पहनाकर किया जोरदार स्वागत। मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रहलाद महतो, माला कुमारी,अरजुवा पंचायत की मुखिया उर्मिला देवी, पंसस रश्मि सेठी, पूर्व पंसस बैजनाथ महतो, रितेश बासके, मुमताज अंसारी, श्रीधर महतो, प्रो. हेमंत कुमार महतो, रतन महतो, गोपाल महतो, रितेश कुमार सिन्हा, भदरू महतो, अखिलेश्वर महतो, राजू सिन्हा, जीवन जगरनाथ, बलदेव महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

जिला खनन टास्क फोर्स बैठक

राष्ट्रीय खबर

कोडरमा:समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। बैठक में पत्थर एवं बालू खनिज के अवैध खनन, परिवहन, भंडारण की रोकथाम, वन क्षेत्र में अवैध खनन की रोकथाम व भंडारण, अनुज्ञप्ति क्षेत्र पर प्रदूषण नियंत्रण हेतु जांच को विस्तृत चर्चा किया गया। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को पत्थर व बालू खनन का अवैध रूप से खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही वन क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों पर भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, अंचल अधिकारी व थाना प्रभारी आपस में अलग-अलग टीम गठित कर वाहन चेकिंग अभियान चलायेंगे। उन्होंने कहा कि बिना चालान के खनिज परिवहन, अवधि समाप्त परिवहन चालान, गलत चालान, बिना लाईसेंस और ओवरलोड वाहनों की जांच करते हुए नियमित रूप से कार्रवाई करें। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार, सभी अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी उपस्थित थे।

स्थापना दिवस

भाकपा ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

समाज के लक्ष्य तक पहुंचना :प्रकाश

राष्ट्रीय खबर

कोडरमा: भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद कोडरमा ने जयनगर प्रखंड मुख्यालय मैदान में पार्टी का 98वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। स्थापना दिवस के पूर्व शहीदों के शहीद बेदी पर पुष्पांजलि लोगों ने बारी बारी से अर्पित किए स्थापना दिवस को हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम, भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडे, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव, पंचायत समिति सदस्य रमेश यादव, एटक प्रदेश उपाध्यक्ष सोनिया देवी, जिला कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि कम्यूनिस्ट पार्टी क्या हैऔर, कौन कम्युनिस्ट हो सकते हैं। एक सवाल या राय। ज्यादातर सोशल मीडिया पर या व्यक्तिगत बातचीत में कही जाती है कि कामरेड होना या बने रहना सबके बस की बात नहीं है। समाजवाद के निर्माण, मजदूर वर्ग की सत्ता, समाजवादी लोकतंत्र, और, इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए मजदूर वर्ग के प्रति निष्ठा और उनके एतिहासिक लक्ष्य, भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी इस मिशन को समझते हुए और भारत में साम्यवादी समाज के लक्ष्य तक पहुंचने का काम करेगी। स्थापना दिवस में रंजन कुमार रजक, असगर अली, फिरोज अंसारी, युगेश प्रसाद यादव, रामचंद्र यादव, ब्रह्मदेव राणा, सुखदेव पाण्डेय, कामेश्वर पंडित, ब्रह्मदेव दास, सिकंदर कुमार, रामकृष्ण शर्मा, दशरथ पासवान, काली सिंह, कुलेश्वर पंडित, विनोद पासवान, बजरंगी दास, उदय भारती, हरी पासवान, लक्ष्मण सिंह, त्रिवेणी दास, द्वारिका सिंह, डोमि राणा, रामचंद्र शर्मा,राजु दास,हिरामन रजक,उमेश पंडित, चुरामन दास, टुकलाल कुम्हार, रविन्द्र शर्मा, रुकमनी देवी, फरजाना खातून, पुनम देवी, किरण देवी, मंजू देवी, शांति देवी आदि लोग मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन अंचल मंत्री रामेश्वर यादव ने किया।

न्यूज फटाफट

आईएसएल में ओडिशा एफसी ने पंजाब एफसी को 1-0 से हराया

नयी दिल्ली : ओडिशा एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मुकाबले में पंजाब एफसी 1-0 से हराया। मंगलवार रात यहां के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में रॉय कृष्णा ने 21वें मिनट में किये गये गोल की बदौलत ओडिशा एफसी ने पंजाब एफसी को 1-0 से हरा दिया। हालांकि मैच के दौरान दोनों टीमों के पास गोल करने के कई मौके आये लेकिन वे उसे भुना नहीं सकी। मैच बाद तालिका में पंजाब एफसी 12 मैचों में एक जीत और पांच ड्रॉ के साथ आठ अंकों के साथ 11वें स्थान पर है। ओडिशा एफसी का अगला मुकाबला 29 दिसंबर को जमशेदपुर एफसी से है।

विराट कोहली से मिला नन्हा फैन, भारतीय बल्लेबाज ने गिफ्ट की आरसीबी की जर्सी

नई दिल्ली: भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दो मुकाबलों की टेस्ट सीरीज का पहला टेस्ट मैच खेला जा रहा है। वहीं सेंचुरियन में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 245 रन बनाए जिसके बाद अब मेजबान टीम बल्लेबाजी कर रही है। वहीं इस दौरान भारतीय सलामी बल्लेबाज विराट कोहली को उनके नन्हें फैन के साथ देखा गया। कोहली ने अपने फैन को आरसीबी की जर्सी भी गिफ्ट की। दरअसल, विराट कोहली और उनके नन्हें फैन की मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कोहली को अपने फैन को आरसीबी की जर्सी गिफ्ट देते हुए देखा जा सकता है। साथ ही उन्होंने जर्सी पर अपना ऑटोग्राफ भी दिया है और नन्हें फैन के साथ फोटो भी क्लिक की। इससे पहले भी कई बार विराट ने अपने फैन्स के साथ मुलाकात की है। यही कारण है कि उनके फैंस की संख्या दुनिया भर में बहुत बड़ी मात्रा में है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में विराट कोहली की तरफ से अच्छी बल्लेबाजी देखने को मिली। लेकिन इस दौरान विराट अपने अर्धशतक से चूक गए। कोहली ने अफ्रीका के खिलाफ पहली पारी में पांच चौकों की मदद से 38 रनों की पारी खेली। अब कोहली को सभी से आगामी पारी में अच्छी बल्लेबाजी की उम्मीद होगी।

'खेल मंत्रालय ने सही समय पर सही निर्णय किया': बबीता फोगाट

नई दिल्ली: दंगल ग्राम गर्ल के नाम से विख्यात पूर्व अंतरराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी एवं हरियाणा महिला विकास निगम की अध्यक्ष बबीता फोगाट ने कहा है कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की नवनिर्वाचित संस्था को निलंबित करके खेल मंत्रालय ने सही समय पर सही निर्णय लिया।बबीता फोगाट ने चरखी दादरी में पत्रकारों से कहा, खेल मंत्रालय का सही समय पर सही निर्णय आया है और इससे पहलवानों को न्याय मिलेगा। खेल मंत्रालय समय-समय पर पूरे मामले को देख रहा है। खेल मंत्रालय ने फैसला करते समय अपने संविधान के प्रावधानों का पालन नहीं करने पर महासंघ के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह की अगुवाई वाले नव निर्वाचित पैनल को निलंबित कर दिया था और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को कुश्ती के संचालन के लिए एक तदर्थ पैनल का गठन करने के लिए कहा था। बबीता ने हालांकि अपनी चचेरी बहन विनेश फोगाट को लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। विनेश फोगाट ने मंगलवार को ट्वीट करते हुए ध्यानचंद खेल रत्न व अर्जुन अवार्ड वापस करने की घोषणा की थी।

क्रिकेट दक्षिण के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले के दूसरे दिन

राहुल के शतक से भारत का सम्मानजक स्कोर

- 68वें ओवर में बर्गर ने के एल राहुल को 101 रन पर बोल्ड कर दिया
- भारत की पहली पारी को 245 रनों के स्कोर पर समेट दिया

एजेंसियां

सेंचुरियन : विकेटकीपर बल्लेबाज के एल राहुल की 101 रनों की शतकीय पारी की बदौलत भारत दक्षिण के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले के दूसरे दिन 245 रनों का सम्मानजक स्कोर खड़ा कर सका है। भारत ने आज कल के आठ विकेट पर 208 रनों के स्कोर आगे खेलना शुरु किया। कोएत्जी ने सुबह के सत्र में मोहम्मद सिराज पांच रन को वेरेन के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेजकर भारत को नौवां झटका दिया। इसके बाद राहुल ने कोएत्जी की गेंद पर छक्का लगाकर अपना आठवां टेस्ट शतक पूरा किया। 68वें ओवर में बर्गर ने के एल राहुल को 101 रन पर बोल्ड कर भारत की पहली पारी को 245 रनों के स्कोर पर समेट दिया। इससे पहले कल सुपरस्पोर्ट पार्क में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और कगिसो रबाडा कहर ने दिन का खेल समाप्त होने तक भारतीय बल्लेबाजों को चैन नहीं लेने दिया। भारत को पहला झटका पांचवें ओवर में कप्तान रोहित शर्मा पांच रन के रूप में लगा। इसके 10वें ओवर में यशस्वी जायसवाल 17 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। नंद्रे बर्गर की गेंद पर कायेल वेरेयेन ने उनका कैच लपका। बर्गर का पदार्पण टेस्ट में यह पहला विकेट था। शुभमन गिल आउट होने वाले तीसरे बल्लेबाज थे। उन्होंने 12 गेंद पर दो रन बनाए। भारत को लंच के बाद चौथा झटका लगा। कगिसो रबाडा ने 27वें ओवर की आखिरी गेंद पर श्रेयस अय्यर को 31 रन पर बोल्ड कर दिया। उनके बाद रविचंद्रन अश्विन आठ रन पर आउट हुए। उन्हें रबाडा ने एडेन मार्करम के हाथों कैच कराया।

रबाडा ने शार्दुल ठाकुर 24 रन को आउट कर भारत को सातवां झटका दिया है। 55वें ओवर में जसप्रीत बुमराह एक रन को मार्को ने बोल्ड कर भारत आठवां विकेट गिराया। आज सिराज पांच रन पर नौवें विकेट के रूप मे आउट हुये। दक्षिण अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाडा ने पांच विकेट लिये। नांद्रे बर्गर को तीन विकेट मिले तथा मार्को यानसन ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

बंगलादेश ने न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराया

एजेंसियां

नेपियर: गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए बंगलादेश ने न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है। यह पहली बार है जब बंगलादेश ने न्यूजीलैंड को उसके घर में टी-20 मुकाबले में मात दी है। 135 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बंगलादेश की टीम ने सलामी बल्लेबाज लिटन दास के नाबाद 42 रनों की पारी की बदौलत 18.4 ओवरों में पांच विकेट पर 137 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। बंगलादेश की ओर से रॉनी तालुकदार ने 10 रन, कप्तान नजमुल शान्तो 19 रन, सौम्य सरकार 22 रन, मो. तौहीद हृदोय 19 रन और अफिफ हुसैन ध्रुबो एक रन बनाकर आउट हुये। महेदी हसन 19 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड के लिए टिम साउदी, ऐडम मिल्न, जिमी नीशम, बेन सीयर्स और मिचेल सैंटनर को एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां मैक्लीन पार्क स्टेडियम में खेले जा रहे पहले टी-20 मुकाबले बंगलादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बंगलादेश के गेंदबाजों ने टॉस के फैसले को सही साबित करते हुए न्यूजीलैंड के शुरुआती चार बल्लेबाजों को 20रनों के स्कोर पर पवेलियन भेज दिया। न्यूजीलैंड की ओर से जिमी नीशम ने 29 गेंदों में सर्वाधिक 48 रन बनाये। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के भी लगाये। इसके अलावा कप्तान मिचेल सैंटनर 23 रनों की पारी खेली। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड को पहले ही ओवर में महेदी ने टिम साइफर्ट को शून्य पर आउट कर पवेलियन भेज दिया। अगले ही ओवर में इस्लाम ने सरकार के हाथों फिन ऐलन को एक रन पर कैच आउट करा दिया। इसके बाद ग्लेन फिलिप्स भी शून्य पर इस्लाम का शिकार बने। महेदी ने डैरिल मिचेल 14 रन को पांचवें ओवर में बोल्ड कर चौथा झटका दिया। मार्क चैपमैन 19 रन, टिम साउदी आठ रन, ईश सोढ़ी दो रन बनाकर आउट हुये। ऐडम मिल्न 16 रन पर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 134 रन ही बना सकी। बंगलादेश की ओर से ईश सोढ़ी ने तीन बल्लेबाजों को आउट किया। महेदी हसन और मुस्तफिजुर रहमान को दो-दो विकेट मिल। वहीं रिशाद हुसैन और तनजीम हसन साकिब ने एक-एक विकेट लिया।

पाकिस्तानी गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया को 318 रन पर समेटा

एजेंसियां

मेलबर्न : पाकिस्तानी गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टेस्ट मैच के दूसरे दिन बुधवार को ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में 318 रनों पर समेट दिया। ऑस्ट्रेलिया ने आज कल के तीन विकेट पर 187 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के पहले सत्र में 204 के स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया का चौथा विकेट के रूप में शाहीन अफरीदी ने ट्रेविस हेड को 17 रन पर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद मार्नस लाबुशेन भी 63 रन बनाकर आउट हो गये। उन्हें जमाल ने शफीक के हाथों कैच आउट कराया। उस्मान ख्वाजा ने 42, मिचेल मार्श ने 41, डेविड वॉर्नर ने 38 और स्टीव स्मिथ ने 26 रन बनाकर आउट हुए। शेष बल्लेबाज दहाई अंक में भी स्कोर नहीं कर सके। ऑस्ट्रेलिया के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे और पूरी टीम 318 रन पर सिमट गई। इससे पहले कल तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला के दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। वर्षा बाधित मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में तीन विकेट पर 187 रन बनाए थे। पाकिस्तान की ओर से आमेर जमाल ने तीन विकेट मिले, वही मीर हामजा और हसन अली, शाहिन शाह अफरीदी ने 2-2 विकेट लिए 1आगा सलमान ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

खेल जगत अपडेट्स

कुश्ती महासंघ के लिए समिति का गठन

नई दिल्ली: भारतीय ओलंपिक

संघ ने बुधवार, 27 दिसंबर को भारतीय कुश्ती महासंघ के लिए तीन सदस्यों की एक समिति का गठन किया। भूपेन्द्र सिंह बाजवा को अध्यक्ष, एमएम सोमाया को सदस्य और मंजूषा कंवर को एक अन्य सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। डब्ल्यूएफआई की नई संस्था के निलंबन के बाद खेल मंत्रालय के निर्देश पर भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा बनाई गई तदर्थ समिति की। यह समिति डब्ल्यूएफआई के विभिन्न कार्यों और गतिविधियों की देखरेख करेगी। इनमें खिलाड़ियों का चयन, अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए खिलाड़ियों के नाम भेजना, खेल आयोजनों का आयोजन, पर्यवेक्षण और बैंक खातों का प्रबंधन शामिल है।खेल मंत्रालय ने रविवार, 24 दिसंबर को कड़े शब्दों में एक बयान में डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया। मंत्रालय ने तर्क दिया कि संजय सिंह की अध्यक्षता में नवनिर्वाचित बोर्ड अभी भी पूर्व पदाधिकारियों के प्रभाव में था, जिन्हें यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद निलंबित कर दिया गया था। डब्ल्यूएफआई को लेकर अशांति 2023 की शुरूआत से ही जारी है। स्थिति तबइन एथलीटों ने बृज भूषण के प्रशासन के तहत लगातार उत्पीड़न और धमकी की कई चौंकाने वाली घटनाओं को उजागर किया। इन खुलासों के बाद, आईओसी और खेल मंत्रालय ने हस्तक्षेप करते हुए उस समय मौजूद डब्ल्यूएफआई बोर्ड को निलंबित कर दिया। डब्ल्यूएफआई ने कई महीनों तक नए नेता की नियुक्ति का इंतजार किया, जिसके बाद संजय सिंह को नए अध्यक्ष के रूप में चुना गया। हालाँकि, नेतृत्व परिवर्तन से संकटग्रस्त पहलवानों को कोई राहत नहीं मिली। उन्होंने आरोप लगाया कि संजय के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण से करीबी संबंध थे। एथलीटों के मुताबिक, संजय न केवल बृजभूषण के बिजनेस पार्टनर थे बल्कि उनके करीबी विश्वासपात्र भी थे। सामने आई जब कई प्रमुख पहलवानों ने तत्कालीन अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

बच्चन्सः ए सागा ऑफ एक्सीलेंस में मिलेगा बच्चन परिवार का 100 साल पुराना इतिहास

एजेंसियां



मुंबई : बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन से जुड़ी अनसुनी बातें और बच्चन परिवार का 100 साल पुराना इतिहास बच्चन्सः ए सागा ऑफ एक्सीलेंस में लोगों को जानने को मिलेगा। बच्चन्सः ए सागा ऑफ एक्सीलेंस किताब में बच्चन परिवार की 100 साल की कहानी बयां की गई है। लेखक एसएमएम औसाजा की किताब बच्चन्सः ए सागा ऑफ एक्सीलेंस में अमिताभ बच्चन के पिता हरिवंशराय बच्चन के अद्भुत यात्रा से लेकर अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नन्दा के फिल्मी पर्दे की शानदार पारी के किस्से को इस किताब में शामिल किया गया हैं। हाल ही अमिताभ बच्चन ने इस किताब का अनावरण किया और अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि संग्रह और दस्तावेज़ीकरण के लिए एसएमएम औसाजा ने बहुत मेहनत की हैं, जिसके जरिये यह किताब मुमकिन हो पाई है। मैं सिर्फ इतना कहूंगा कि मैं पुस्तक और दिग्गजों के जीवन को संग्रहित करने और दस्तावेजीकरण करने के औसाजा के सभी प्रयासों का समर्थन करता हूं। हमारे देश में, भावी पीढ़ी के लिए सिनेमा के इतिहास का दस्तावेजीकरण करना महत्वपूर्ण है, और मैं इस उद्देश्य के प्रति उनके समर्पण और प्रतिबद्धता से उत्साहित हूं। एसएमएम औसाजा ने कहा, बच्चन परिवार के करियर से जुड़े महान कार्यों को ध्यान में रखते हुए उन पर किताब लिखना एक सम्मान की बात है। उनके जीवन और समय का वर्णन करने की अपनी चुनौतियां थी। बच्चन परिवार ने मेरे इस प्रयास का समर्थन किया और अपना भरोसा जताया। यह उनकी कला के सम्मान में 12 साल का एक विनम्र कार्य है जो वैश्विक स्तर पर भारतीयों की पीढ़ियों को गौरवान्वित और प्रभावित करेगा।

पवन सिंह का गाना कलकतिया राजा 100 मिलियन व्यूज के पार

एजेंसियां

मुंबई : भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह का गाना कलकतिया राजा 100 मिलियन व्यूज के क्लब में शामिल हो गया है। गाना कलकतिया राजा, जिसे पवन सिंह ने अपनी आवाज दी है और वह इसके म्यूजिक वीडियो में भी नजर आए हैं। पवन सिंह इस गाने को मिल रहे लोगों के रिस्पांस से गदगद हैं और उन्होंने सबका आभार जताया है। पवन सिंह ने बताया कि यह गाना बेहद मजेदार है, लेकिन यह नहीं सोचा था कि जनता का इतना प्यार मिलेगा का कि 100 मिलियन के आंकड़े को भी पार कर जाएगा। मैं कोई भी गाना कितना व्यूज जायेगा, यह सोच कर नहीं करता। मेरे लिए मेरी जनता का मनोरंजन जरूरी है और संगीत, जो मेरी आत्मा में बसती है, वह जरूरी है। ऐसे जब दिल से आवाज निकलती है, और जनता के दिलों तक पहुंचती है, तो गिनती की सीमा टूट जाती है। यह साल जा रहा है और इस साल में मैंने लोगों का खूब मनोरंजन किया है। वादा करता हूं कि यह क्रम आगे भी जारी रहेगा और आपका भाई पवन सिंह एक से बढ़कर एक गाने के साथ हाजिर होता रहेगा। कलकतिया राजा अभय सिन्हा के यशी फिल्म्स की प्रस्तुति है। गाने में गीतकार निक्की निहाल हैं और संगीतकार प्रियांशु सिंह हैं।

फिल्म मायावन से तेलगु फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करेगी आकांशा रंजन कपूर

एजेंसियां

मुंबई : बॉलीवुड अभिनेत्री आकांशा रंजन कपूर फिल्म मायावन से तेलगु फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रही है। गिल्टी, रे एंड मोनिका, ओह माय डार्लिंग जैसी प्रोजेक्ट में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए प्रसिद्ध, आकांशा रंजन कपूर, सीवी कुमार द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित फिल्म मायावन से तेलगु फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू कर रही है। इस फिल्म में उन्होंने टॉलीवुड स्टार संदीप किशन के साथ काम किया है। आकांक्षा ने कहा, मैं फिल्म मायावन की तैयारी करने और टीम को समझने के लिए शूटिंग शुरू होने से एक सप्ताह पहले हैदराबाद पहुंची। हर कोई बेहद विनम्र और मधुर रहा। सीवी सर और संदीप बेहद अच्छे रहे। ऐसा महसूस होता है कि पूरी टीम एक परिवार है। यह तेलुगु भाषा में मेरी पहली फिल्म है, इसलिए मैं अपना

भोजपुरी फिल्म तू तू मैं मैं का गाना पतरे कमरिया हो रिलीज

एजेंसियां

मुंबई: भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता रितेश पांडे और अभिनेत्री मधु शर्मा की फिल्म तू तू मैं मैं का गाना पतरे कमरिया हो रिलीज हो गया है। पतली कमरिया हो गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने को रितेश पांडे और अल्का झा ने रोमांटिक अंदाज में गाया है। इसके वीडियो में रितेश पांडे और मधु शर्मा है। इस गीत को सुमित सिंह चंद्रवंशी ने लिखा है, जिसका संगीत छोटे बाबा ने दिया है। तू तू मैं मैं हॉरर कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म में रितेश पांडे, विक्रांत सिंह, यामिनी सिंह, मधु शर्मा मुख्य भूमिका में हैं।

जन्मदिन के अवसर पर

58 वर्ष के हुये सलमान खान

एजेंसियां

मुंबई : बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता सलमान खान आज 58 वर्ष के हो गये। 27 दिसंबर 1965 को मुंबई में जन्में सलमान खान का मूल नाम अब्दुल राशिद सलीम सलमान खान है और उनके पिता सलीम खान फिल्म इंडस्ट्री के जानेमाने पटकथा एवं संवाद लेखक हैं। सलमान ने अपने करियर की शुरुआत वर्ष 1988 में प्रदर्शित फिल्म बीबी हो तो ऐसी से की। इस फिल्म में उन्होंने छोटी सी भूमिका निभायी थी। वर्ष 1989 में सलमान को राजश्री प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म मैंने प्यार काम में काम करने का अवसर मिला। युवा प्रेम कथा पर आधारित इस फिल्म में सलमान और भाग्यश्री की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। सूरज बड़जात्या के निर्देशन में बनी फिल्म मैंने प्यार किया सुपरहिट साबित हुई। इस फिल्म के लिये सलमान को फिल्म फेयर का सर्वश्रेष्ठ मेल डेब्यू अभिनेता का भी पुरस्कार मिला। फिल्म मैंने प्यार किया की सफलता के बाद सलमान खान दर्शकों के बीच अपनी पहचान बनाने में कुछ हद तक सफल हो गये। वर्ष 1991 में प्रदर्शित फिल्म सनम बेवफा सलमान खान के करियर की अहम फिल्मों में शुमार की जाती है। इसी वर्ष सलमान की फिल्म साजन प्रदर्शित हुयी। इस फिल्म में उनकी जोड़ी माधुरी दीक्षित के साथ काफी पसंद की गयी। इस फिल्म में सलमान ने रोमांटिक के साथ ही भावपूर्ण अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वर्ष 1994 में राजकुमार संतोषी निर्देशित फिल्म अंदाज अपना अपना में सलमान खान के अभिनय का नया रंग देखने को मिला। इस फिल्म के पहले उनके बारे में यह बात की जाती थी कि वह केवल रूमानी भूमिका ही निभा सकते हैं लेकिन सलमान ने आमिर खान के साथ मिलकर अपने हास्य अभिनय से दर्शकों को लोटपोट कर दिया। वर्ष 1994 में ही सलमान को एक बार फिर से राजश्री प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म हम आपके है कौन में काम करने का अवसर मिला। पारिवारिक पृष्ठभूमि पर बनी इस फिल्म में उनकी जोड़ी माधुरी दीक्षित के साथ एक बार फिर से काफी पसंद की गयी। फिल्म ने सफलता के नये कीर्तिमान स्थापित किये और ऑल टाइम ग्रेटेस्ट हिट्स में शुमार हो गयी।

प्रदेश ›› अपडेट

दुर्घटना. ट्रक के झटके से एक की मौत

सारण : तेज रफ्तार ट्रक के झटके से गिरकर एक की मौत छपरा 27 दिसम्बर वार्ता बिहार में सारण जिले के मढ़ौरा थाना क्षेत्र में बुधवार को तेज रफ्तार ट्रक के झटके से एक व्यक्ति की गिरकर मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि थाना क्षेत्र के धेनुकी गांव निवासी स्व रामजोत महतो का पुत्र मोहन महतो (45) अपने घर लौट रहा था।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स ››

मध्यप्रदेश शिवराज मुख्यमंत्री निवास शिवराज ने रिक्त किया मुख्यमंत्री निवास

भोपाल: मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज यहां मुख्यमंत्री के आधिकारिक निवासस्थल ''मुख्यमंत्री निवास'' को रिक्त कर दिया। श्री चौहान ने लगभग एक पखवाड़े पहले डॉ मोहन यादव के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक दल के नेता चुने जाने के बाद मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया था। श्री चौहान ने मुख्यमंत्री निवास को रिक्त करने और यहां शिवाजी नगर क्षेत्र में स्थित नए सरकारी आवास में पहुंचने से संबंधित तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा है, ''मेरे प्यारे भाइयों और बहनों नमस्कार, मैं आज मुख्यमंत्री निवास से विदा ले रहा हूं, यह निवास के साथ साथ मेरी कर्मस्थली भी रहा है।

श्री खाटू श्याम के लिये बस रवाना

जालंधर: पंजाब सरकार की ओर से राज्य के लोगों को विभिन्न पवित्र स्थानों की मुफ्त यात्रा करवाने के लिये शुरू की गयी 'मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा' योजना के तहत बुधवार को श्री सालासर धाम और श्री खाटू श्याम के दर्शन के लिये विधानसभा क्षेत्र जालंधर पश्चिम से श्रद्धालुओं की एक बस रवाना हुयी।पंजाब सरकार द्वारा भेजी गयी इस बस से श्रद्धालु श्री सालासर धाम और श्री खाटू श्याम जी के पवित्र स्थानों के दर्शन करेंगे।

संक्षिप्त ›› अपडेट्स

अपराध-हत्यारोपी बदमाश गिरफ्तार

जौनपुर : आभूषण व्यापारी के हत्यारोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार जौनपुर, 27 दिसम्बर (वार्ता) उत्तरप्रदेश में जौनपुर जिले के बक्सा थाना क्षेत्र में फतेहगंज बाजार के पास तीन दिन पूर्व हुए आभूषण व्यापारी उमेश की गोलियां बरसाकर हत्या सहित लूट की घटना करने वाले तीन बदमाशों को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि 23 दिसम्बर को देर शाम बाइक सवार बदमाशों ने बक्शा थाना क्षेत्र के फतेहगंज बाजार के पास आभूषण व्यवसायी उमेश सेठ को लूटने के बाद गोली मारकर हत्या कर दी थी, इस घटना के अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सात टीमों का तत्काल गठन कर लगाया गया था, टीमें लगातार इसपर काम कर रही थी।

फर्जी ट्रैवल एजेंटों पर होगी कड़ी कार्रवाई : उपायुक्त

जालंधर: पंजाब में जालंधर के जिला उपायुक्त विशेष सारंगल ने बुधवार को कहा कि भोले-भाले लोगों को विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी का शिकार होने से बचाने के लिए फर्जी ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। यहां जिला प्रशासनिक परिसर में ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन फर्जी ट्रैवल एजेंटों पर नकेल कसने के लिये प्रतिबद्ध है और किसी को भी लोगों को लूटने की इजाजत नहीं दी जाएगी। जब एसोसियेशन के प्रतिनिधियों ने सोशल साइट पर फर्जी ट्रैवल एजेंटों द्वारा किये जा रहे लुभावने प्रचार-प्रसार का मामला उपायुक्त के ध्यान में लाया गया तो उन्होंने कहा कि इस संबंध में पुलिस और साइबर क्राइम को लिखा जायेगा ताकि ऐसे एजेंटों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जा सके। ट्रैवल एजेंटों के लाइसेंस नवीनीकरण कार्य की समीक्षा करते हुये उपायुक्त ने लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया।

धावा गाजा में हमास-नियंत्रित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार

इजरायली विमानों का सौ से अधिक ठिकानों पर हमला

›› जमीनी सैनिकों ने लड़ाकों को निशाना बनाया था

›› इन दावों को स्वतंत्र रूप से सत्यापित करना संभव नहीं था

राष्ट्रीय खबर

तेल अवीव: आईडीएफ का कहना है कि सरायली जेट विमानों ने गाजा में 100 से अधिक ठिकानों पर हमला किया है। इजराइल रक्षा बलों ने कहा, दर्जनों इजराइली लड़ाकू विमानों ने गाजा में 100 से अधिक ठिकानों पर हमला किया है। आईडीएफ के अनुसार, इनमें फिलिस्तीनी चरमपंथी संगठन हमास द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली सुरंग शाफ्ट और सैन्य प्रतिष्ठान शामिल थे। गाजा में हमास-नियंत्रित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, हमलों में कम से कम 52 लोग मारे गए। आईडीएफ रिपोर्ट में कहा गया है कि जबालिया में एक आतंकवादी सेल, जिसने एक इजरायली टैंक के पास विस्फोटक लगाने का प्रयास किया था, को रातोंरात खत्म कर दिया गया, इसमें कहा गया है कि लड़ाकू जेट द्वारा मारे जाने से पहले जमीनी सैनिकों ने लड़ाकों को निशाना बनाया था। इन दावों को स्वतंत्र रूप से सत्यापित करना संभव नहीं था। सेना ने कहा कि पिछले दिन दक्षिणी शहर खान यूनिस में भी हमास के लड़ाके मारे गए थे। इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सीलबंद तटीय पट्टी की एक सैन्य यात्रा के दौरान कहा कि इजरायल आने वाले दिनों में लड़ाई तेज करेगा के बाद इजरायल की सेना ने हमास के खिलाफ अपने अभियान तेज कर दिए हैं। गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजराइल ने बड़े पैमाने पर हवाई हमले और जमीनी हमले का जवाब दिया, जिसमें अब तक 20,600 से अधिक लोग मारे गए हैं। गाजा पर नवीनतम इजरायली हमलों में 50 से अधिक लोगों के मारे जाने की बात कही जा रही है दर्जनों इजराइली लड़ाकू विमानों ने गाजा में 100 से अधिक ठिकानों पर हमला किया है, जिसमें 50 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबर है। आईडीएफ के अनुसार, इजरायली वायु सेना ने फिलिस्तीनी चरमपंथी संगठन हमास द्वारा इस्तेमाल किए गए सुरंग शाफ्ट और सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला किया। मंगलवार की सुबह, इजरायली सेना ने भी नए सिरे से रॉकेट अलर्ट की सूचना दी, जिसमें गाजा के साथ सीमा पर समुदायों में सायरन बजने लगे।

इस बीच, संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) की एक कर्मचारी ने गाजा के अल-अक्सा अस्पताल में जो देखा उसे पूर्ण नरसंहार बताया है। जेम्मा कॉनेल ने बीबीसी को बताया कि कई लोग बेहद गंभीर घावों के साथ घायल हुए थे, लेकिन [जिनका] इलाज नहीं किया जा सका क्योंकि सर्जरी के लिए उनके सामने बहुत सारे लोग कतार में हैं, और अस्पताल पूरी तरह से भरा हुआ है। कॉनेल ने मंगलवार को कहा, दुख की बात है कि मैंने नौ साल के एक लड़के को सिर में गंभीर चोट के कारण मरते हुए देखा।

राजनाथ सिंह के जम्मू दौरे से कोई उम्मीद नहीं: फारूक अब्दुल्ला

एजेंसियां

श्रीनगर: जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि उन्हें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के जम्मू दौरे से कोई उम्मीद नहीं है। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में मीडियाकर्मियों से पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, मुझे राजनाथ सिंह की जम्मू यात्रा से कोई उम्मीद नहीं है। क्या वह मृतकों को वापस ला सकते हैं? उन्होंने कहा कि श्री सिंह तीन नागरिकों की मौत के बारे में पूछताछ करेंगे कि उनकी हत्या कब और कैसे हुई और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना देने की कोशिश करेंगे? पुंछ में सेना के काफिले पर आतंकवादी हमले के बाद सेना की हिरासत में तीन नागरिकों की कथित तौर पर मौत हो गई, जिसमें चार सैनिक मारे गए। श्री फारूक ने उम्मीद जताई कि भविष्य में ऐसी घटना नहीं होगी। रक्षा मंत्री ने बुधवार को राजौरी का दौरा किया, जहां उन्होंने सैनिकों से बातचीत की। पुंछ और राजौरी जिलों में सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया। यह पूछे जाने पर कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी इंफाल से एक नई यात्रा शुरू कर रहे हैं और क्या उनकी पार्टी इसका हिस्सा होगी, एनसी अध्यक्ष ने कहा, ''भगवान का शुक्रिया, यह अच्छी बात है। वह (राहुल गांधी) पूरी पार्टी को एकजुट करने की कोशिश कर रहे हैं।'' श्री फारूक ने कहा, राहुल गांधी भारत में धर्म के नाम पर फैलाई गई नफरत को मिटाने की कोशिश कर रहे हैं।हम इसका हिस्सा क्यों नहीं बनते? हम पहले भी थे और रहेंगे। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की बात दोहराई कि ह्यपड़ोसी नहीं बदले जा सकते, दोस्त बदले जा सकते हैं।' श्री फारूक ने कहा कि अगर भारत और पाकिस्तान दोनों दोस्त बन जाएं तो दोनों देशों का विकास होगा। उन्होंने कहा, यहां तक ??कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी कहते हैं कि युद्ध कोई विकल्प नहीं है, यह बातचीत का समय है।

कांग्रेस सरकार की प्रमुख पहल 'अभय हस्तम एप्लिकेशन' लॉन्च

एजेंसियां

हैदराबाद: तेलंगाना में नवनिर्वाचित कांग्रेस सरकार ने बुधवार को सचिवालय में 'अभय हस्तम कार्यक्रम' का शुभारंभ करने के साथ अपनी चुनावी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने की दिशा में गंभीरता से काम करने का संकेत दिया। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने संयुक्त रूप से छह गारंटियों वाले आवेदन पत्र का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने विशिष्ट प्रजापालन लोगो का भी अनावरण किया। लोक प्रशासन के बैनर तले छह गारंटियों के लिए एक मानकीकृत प्रोफार्मा विकसित किया गया है। इन गारंटियों के लिए आवेदन स्वीकार करने की शुरुआत गुरुवार से शुरू होने वाली है। इस कार्यक्रम के लिए आवेदन जमा करने की अवधि छह जनवरी को समाप्त होगी। यह पहल अभय हस्तम कार्यक्रम के माध्यम से अपने वादों को पूरा करने और लोक कल्याण को बढ़ावा देने के प्रति सरकार के समर्पण को दर्शाती है। एप्लिकेशन का लॉन्च तेलंगाना के नागरिकों के लाभ के लिए उल्लिखित लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

बिहार के दीघा-सोनपुर में गंगा नदी पर बनेगा छह लेन का पुल

एजेंसियां

नयी दिल्ली: सरकार ने बिहार के दीघा तथा सोनपुर को जोड़ने के लिए गंगा नदी पर छह लेन के पुल के निर्माण को बुधवार को मंजूरी दी जिसके बनने से उत्तर तथा दक्षिण के बीच यातायात की सुविधा को बेहतर बनाया जा सकेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज यहां हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक के बाद सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस पुल पर 3065 करोड़ रुपए की लागत आएगी और पुल का निर्माण 42 माह में पूरा किया जा सकेगा। पुल को इस तरह से एक्स्ट्रा केबल से तैयार किया जाएगा कि इसके नीचे गंगा नदी पर बड़े जहाजों की आवाजाही हो सकेगी। उन्होंने कहा कि इस पुल की लम्बाई 4.5 किलोमीटर होगी और यह छह लेन का होगा।

राहुल पहुंचे झज्जर, अखाड़े में पहलवानों से लड़ाया पंजा

एजेंसियां

झज्जर: राजनीति में सत्ता पक्ष के साथ दो-दो हाथ कर रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को यहां अखाड़े में उतरकर पहलवानों के साथ जोर आजमाइश की। श्री गांधी भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को लेकर चल रहे विवाद के बीच बुधवार तड़के पहलवानों से मिलने यहां पहुंचे। वीरेन्द्र आर्य अखाड़े में पहलवानों को अभ्यास करते देख श्री गांधी से रहा नहीं गया और वह स्वयं रिंग में उतर गये।

उन्होंने पहलवानों से पंजा लड़ाया और दो-दो हाथ किये। उन्होंने इस दौरान विशेष रूप से ओलम्पियन बजरंग पुनिया से बातचीत की। डब्ल्यूएफआई के हाल में हुये चुनावों के बाद उपजे विवाद के बीच श्री गांधी तड़के छारा गांव स्थित 'वीरेंद्र अखाड़ा' पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पहलवानों के साथ मौजूदा कुश्ती संघ विवाद पर भी चर्चा की। उन्होंने बजरंग पुनिया के साथ मेट पर कुश्ती की और उनसे कुश्ती के गुर सीखे। उन्होंने पहलवानों के डेली रूटीन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पहलवान कहां रहते हैं, कैसे प्रैक्टिस करते हैं और क्या खाते-पीते हैं, सब कुछ नजदीकी से देखा-समझा।

तबाही चार महीनों में, रूसी काला सागर बेड़े का 20 फीसद हिस्सा यूक्रेन द्वारा नष्ट कर दिया गया

रूस के काला सागर बेड़े का बीस फीसद नष्ट : ब्रिटिश रक्षा मंत्री

›› रूसी लैंडिंग जहाज, नोवोचेर्कस्क पर मिसाइल हमले के बाद आई हैं

राष्ट्रीय खबर

लंदन: ब्रिटिश रक्षा मंत्री का कहना है कि यूक्रेन ने 4 महीनों में रूसी काला सागर बेड़े का 20% नष्ट कर दिया।

26 दिसंबर को ब्रिटिश रक्षा सचिव ग्रांट शाप्स के अनुसार, पिछले चार महीनों में, रूसी काला सागर बेड़े का 20 फीसद हिस्सा यूक्रेन द्वारा नष्ट कर दिया गया है। शैप्स की टिप्पणियां, जो उनके अनुसार इस तथ्य को उजागर करती हैं कि युद्ध गतिरोध नहीं बना है, रूसी लैंडिंग जहाज, नोवोचेर्कस्क पर मिसाइल हमले के बाद आई हैं। 26 दिसंबर की रात को फि योदोसिया के बंदरगाह में शक्तिशाली विस्फोटों की आवाज सुनी जा सकती थी।

यह शहर अस्थायी रूप से कब्जे वाले क्रीमिया में स्थित है। यूक्रेनी वायु सेना ने 26 दिसंबर की रात को क्रीमिया के फियोदोसिया के कब्जे वाले शहर में रूसी जहाज नोवोचेर्कस्क पर एक सफल हमले और विनाश की सूचना दी। नोवोचेर्कस्क एक बड़ा लैंडिंग जहाज है जिसे आक्रमण लैंडिंग और कार्गो परिवहन के लिए डिजाइन किया गया है। पोलैंड में सोवियत काल के दौरान निर्मित एक जहाज है, इसे नाटो द्वारा रोपुचा श्रेणी के जहाज के रूप में वर्गीकृत किया गया है। नोवोचेर्कस्क को रूसियों द्वारा 30 नवंबर, 1987 को लॉन्च किया गया था। तीन साल बाद, इसे रिजर्व में जोड़ा गया था बेड़े को 2007 में सेवा में वापस लाया गया और रूसी काला सागर बेड़े का हिस्सा बना दिया गया। टैंक सहित विभिन्न प्रकार के बख्तरबंद वाहनों सहित 480 टन माल परिवहन करने में सक्षम, जहाज में लगभग 100 का चालक दल है।

26 दिसंबर से पहले की रात में कब्जे वाले क्रीमिया में शक्तिशाली विस्फोटों की गूंज सुनाई दी। स्थानीय टेलीग्राम चैनलों ने फियोदोसिया बंदरगाह के आसपास के इलाकों में हमलों और आग के वीडियो साझा किए।

न्यूज फटाफट

शिक्षा सहित मानवीय समर्थन के लिए रूस का आभारी फिलिस्तीन

नोफाल यरूशलेम: रूस में फिलिस्तीनी राजदूत अब्देल हाफिज नोफाल ने कहा कि फिलिस्तीन शिक्षा सहित मानवीय समर्थन के लिए रूस का आभारी है और गाजा पट्टी के छात्रों के लिए अतिरिक्त कोटा प्रदान करने के वास्ते रूसी सरकार पर भरोसा करता है। श्री नोफाल ने स्पूतनिक से कहा,''मैं एक बार फिर गाजा पट्टी से अपने नागरिकों और उनके परिवार के सदस्यों को निकालने तथा उन्हें सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए रूस के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहता हूं। मैं रूसी विश्वविद्यालयों को भी धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने फिलिस्तीनी छात्रों की सीधे मदद करने के लिए स्वेच्छा से काम किया है। मुझे यकीन है कि रूस गाजा पट्टी से हमारे छात्रों के लिए तुरंत अतिरिक्त कोटा आवंटित करेगा ताकि वे रूसी विश्वविद्यालयों और संस्थानों में अपनी शिक्षा जारी रख सकें।'' राजदूत ने उन हजारों फिलिस्तीनियों को याद किया जिन्होंने रूसी और सोवियत विश्वविद्यालयों से स्नातक किया। उन्होंने कहा,''उनमें से कुछ ने फ़िलिस्तीनी प्राधिकरण में उच्च पदस्थ पद ग्रहण कर लिया है और फिलिस्तीनी राज्य के लिए बेहतर भविष्य प्राप्त करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।'' फिलिस्तीनी कट्टरपंथी आंदोलन हमास ने गाजा पट्टी से इज़रायल के खिलाफ सात अक्टूबर को बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया। परिणामस्वरूप 1,200 से अधिक लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया गया। इजरायल ने जवाबी हमले शुरू किए, गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया, और हमास लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ फिलिस्तीनी इलाके में जमीनी घुसपैठ शुरू की। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि इज़रायली हमलों के परिणामस्वरूप गाजा में अब तक 20,000 से अधिक लोग मारे गए हैं।

विस्फोट-इराक-विदेशी पर्यटक-मौत पश्चिम इराक में सड़क किनारे विस्फोट

बगदाद: इराकी सुरक्षा बलों को मंगलवार को कुवैती और सऊदी पर्यटकों के दो शव मिले। ये दोनो पर्यटक पश्चिमी इराक के एक रेगिस्तान में सड़क किनारे बम विस्फोट में मारे गए। इराकी सेना ने यह जानकारी दी। इराकी संयुक्त अभियान कमान से संबद्ध एक मीडिया आउटलेट 'सिक्योरिटी मीडिया' सेल द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, पर्यटक वीजा के साथ इराक में प्रवेश करने वाले एक सऊदी नागरिक और एक कुवैती नागरिक अनबर, सलाहुद्दीन और निनेवेह के तीन प्रांतों में फैले विशाल रेगिस्तान में लापता हो गए थे। बयान में कहा गया है कि इराकी सुरक्षा बलों ने लापता पर्यटकों की तलाश में अनबर रेगिस्तान में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया इस दौरान उन्हें उनके जले हुए शव मिले। बयान में कहा गया है कि ऐसा संदेह है कि आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) द्वारा सड़क किनारे छोड़े गए एक पुराने बम की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। इस बीच अनबर प्रांत के एक सुरक्षा सूत्र ने शिन्हुआ को बताया कि कुवैती और सऊदी नागरिक रेगिस्तान में शिकार यात्रा पर थे जो आईएस आतंकवादियों की गतिविधियों के कारण पूरी तरह से सुरक्षित नहीं है। वर्ष 2017 में आईएस की हार के बाद से इराक में सुरक्षा स्थिति में सुधार हुआ है। हालांकि आईएस के बचे खुचे लोग शहरी केंद्रों, रेगिस्तानों और ऊबड़-खाबड़ इलाकों में छिप गए हैं और सुरक्षा बलों और नागरिकों के खिलाफ लगातार गुरिल्ला हमले कर रहे हैं।

हाउती ने किया लाल सागर में मालवाहक जहाज पर ताजा हमले का दावा

सना: यमन के हाउती विद्रोहियों ने मंगलवार को लाल सागर में एक वाणिज्यिक जहाज और लाल सागर के उत्तरी हिस्से में इजरायली शहर इलियट पर ताजा हमलों की जिम्मेदारी ली। हाउती के सैन्य प्रवक्ता ये'ा सरिया ने हाउती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी पर सजीव प्रसारण पर एक बयान में कहा, ''हमारे नौसैनिक बलों ने एमएससी यूनाइटेड नामक एक वाणिज्यिक जहाज के खिलाफ नौसैनिक मिसाइलों के साथ एक सैन्य अभियान चलाया।'' उन्होंने कहा, ''हमला तब हुआ जब जहाज के चालक दल ने तीन बार हमारे नौसैनिक बलों के कॉल का जवाब देने से इनकार कर दिया और हमारे बार-बार चेतावनी संदेशों को नजरअंदाज कर दिया।'' इस बीच ब्रिटिश समुद्री पर्यवेक्षक एजेंसी यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने यमन के हाउती लड़ाकों के नियंत्रण वाले बंदरगाह शहर होदेइदाह से लगभग 50 समुद्री मील पश्चिम में लाल सागर के दक्षिणी छोर पर एक वाणिज्यिक मालवाहक जहाज के पास दिन में दो विस्फोटों की सूचना दी। इस बीच प्रवक्ता ने कहा कि हाउती बलों ने ''कई आत्मघाती ड्रोन'' का उपयोग करते हुए इजरायली शहर इलियट की ओर एक और हमला किया। लेकिन इजरायली सेना ने इनको रोकने का वीडियो फुटेज जारी करते हुये मंगलवार को एक बयान में कहा कि एक इजरायली विमान ने ''एक शत्रुतापूर्ण हवाई लक्ष्य को सफलतापूर्वक रोक दिया जो लाल सागर के क्षेत्र में इजरायली क्षेत्र के करीब पहुंच गया था।'' फिलहाल दोनों हमलों में किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई खबर नहीं है।

लेबनान-इज़रायल सीमा पर संघर्ष में तीन की मौत

बेरूत: हिजबुल्लाह और इजरायली बलों के बीच सीमा पर टकराव में मंगलवार को दो हिजबुल्लाह लड़ाके और लेबनानी नागरिक सुरक्षा के एक सदस्य की मौत हो गई। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने शिन्हुआ को नाम न छापने की शर्त पर बताया कि झड़प के दौरान पांच नागरिक भी घायल हो गए। सूत्रों ने कहा कि इजरायली तोपखाने ने लेबनान के 34 सीमावर्ती गांवों और कस्बों पर लगभग 250 गोले दागे, इसके अलावा लेबनान के दक्षिणी शहर नबातिह को निशाना बनाकर हवाई हमले किए, जो सीमा रेखा से लगभग 25 किमी दूर है। सूत्रों के अनुसार इजरायली बमबारी ने आठ घरों को भी नष्ट कर दिया और 29 घरों और पांच नागरिक कारों को नुकसान पहुंचाया। इस बीच, लेबनानी आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह ने कहा कि उसके लड़ाकों ने इजरायली स्थलों पर बमबारी की, जिसमें मोटेला और मिस्काव एम की बस्तियों की इमारतें और उत्तरी इजरायल के एक शहर किर्यात शमोना में एक इजरायली कमांड मुख्यालय शामिल हैं।

आज का इतिहास

›› 1836 : स्पेन ने मेक्सिको की स्वतंत्रता को मान्यता दी ।
›› 1846 : लोवा संयुक्त राज्यसंघ का 29 वां राज्य बना।
›› 1885 : भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का पहला अधिवेशन बंबई में हुआ, जिसमें 72 प्रतिनिधि शामिल हुए।
›› 1895 : सिनेमा के इतिहास में पहली बार किसी कहानी को फ़िल्म का रूप दिया गया। यह फिल्म फ्रांस के अविष्कारक लूमीर बंधुओं ने बनाई जिन्हें फ़िल्म जगत का जनक कहा जाता है।
›› 1896 : भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में पहली बार वंदेमातरम गाया गया।
›› 1908 : दक्षिणी इटली के मेसिना और रेजो कालाब्रिया में आए भूकंप और सूनामी के बाद एक लाख से ज्यादा लोग मारे गए।
›› 1928 : पहली बोलती फिल्म 'मेलोडी ऑफ लव' कलकत्ता (अब कोलकाता) में प्रदर्शित की गयी। 1932 - बिजनेस जगत के दिग्गज रिलायंस इंडस्ट्रीज के संस्थापक धीरूभाई अंबानी का जन्म हुआ ।
›› 1942 : रॉबर्ट सुलिवन पहले पायलट बने, जिन्होंने अटलांटिक महासागर के ऊपर एक सौ बार उड़ान भरी।
›› 1950 : द पीक डिस्ट्रिक्ट ब्रिटेन का पहला राष्ट्रीय पार्क बना।
›› 1969 : यंग लॉर्ड्स ने ईस्ट हार्लेम में पहली स्पैनिश मेथोडिस्ट चर्च का अधिग्रहण किया।
›› 1983 : भारत के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ मद्रास टेस्ट में अपना 30वां शतक जड़कर महान बल्लेबाज सर डॉन ब्रैडमेन का रिकॉर्ड तोड़ा।
›› 1985 : राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में जीत हासिल हुई।
›› 2003 : अमेरिका में ब्रिटेन के कुछ विमानों में स्काई मार्शल यानि सुरक्षा गार्ड तैनात करने का फैसला लिया।
›› 2009 : हिन्दी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री बीना राय का निधन हुआ था।
›› 2013 : आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में कांग्रेस के समर्थन से सरकार बनायी।
›› 2014 : मलेशिया में बाढ़ से 1,00,000 से अधिक लोगों की मौत हुई।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
प्रथम पृष्ठ 2
रांची गुरुवार 12
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
28:12:2023

वृद्धा की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

रांचीः राजधानी के डोरंडा में एक वृद्धा की हत्या कर दी गयी। यह घटना मंगलवार रात डोरंडा थाना क्षेत्र के बड़ा घाघरा की है, जहां सुकरो उरांइन नाम की वृद्धा की हत्या कर दी गयी। घटना की सूचना मिलने के बाद बुधवार सुबह डोरंडा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेज दिया है। इस मामले में डोरंडा थाना की पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या से हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है।

फैसला चीफ जस्टिस के रिटायरमेंट से पहले आया फैसला

सीएम लीज आवंटन मामले से जुड़ा पीआईएल खारिज

राष्ट्रीय खबर

रांचीः सीएम हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। खनन लीज पट्टा से जुड़े जनहित याचिका को मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा और न्यायाधीश आनंद सेन की खंडपीठ ने खारिज कर दिया है। यह जानकारी हाईकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने दी है।नवंबर माह में ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनकी पत्नी कल्पना सोरेन और साली सरला मुर्मू के नाम लीज आवंटन मामले में दायर सुनील कुमार महतो की जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई थी। मुख्य न्यायाधीश संजय मिश्रा और न्यायाधीश आनंद सेन की खंडपीठ ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।पिछली सुनवाई में सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन और अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पक्ष रखा था। अधिवक्ता पीयूष ने कोर्ट को बताया था कि पूर्व में भी इसी तरह की याचिका शिव शंकर शर्मा नामक शख्स ने दायर की थी, जो सुप्रीम कोर्ट में खारिज हो चुकी है। लिहाजा, सुनील कुमार महतो की याचिका में कुछ भी नया नहीं है। इसलिए इस याचिका को खारिज किया जाना चाहिए।याचिकाकर्ता सुनील कुमार महतो के अधिवक्ता विशाल कुमार ने ईटीवी भारत को बताया कि हाईकोर्ट 2 जनवरी तक बंद है। इस मामले में चीफ जस्टिस की खंडपीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। उन्होंने बताया कि चीफ जस्टिस माह रिटायर होने वाले हैं। संभव है कि इससे पहले उन्होंने अपना फैसला सुनाते हुए नोटिफाई किया हो। उन्होंने कहा कि कोर्ट खुलने के बाद ही पता चल पाएगा कि खंडपीठ के फैसले में क्या है।वहीं, याचिकाकर्ता सुनील कुमार महतो की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार और विशाल कुमार ने दलील पेश की थी। उन्होंने कहा था कि शिव शंकर शर्मा की याचिका में सीएम के नाम पत्थर खनन लीज आवंटन का जिक्र था। उस याचिका के क्रेडेंशियल पर सवाल उठाया गया था। लेकिन इस याचिका में सीएम की पत्नी कल्पना सोरेन की कंपनी सोहराय लाइव स्टॉक को नियम के खिलाफ सरकारी जमीन आवंटित करने का मामला है।

अंडे के ठंडे रहने पर ट्रैफिक पुलिस ने की ठेलेवाले की जमकर पिटाई

राष्ट्रीय खबर

रांचीः अरगोड़ा चौक पर देर शाम अंडे के ठंडे रहने पर ट्रैफिक पुलिस के चालक और ठेले वाले के बीच विवाद हो गया। बता दें कि विवाद इतना बढ़ गया की ठेले वाले ने ट्रैफिक पुलिस के चालक की पिटाई कर दी। मारपीट की खबर मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची ट्रैफिक पुलिस के जवान ने ठेले वालों की भी पिटाई कर दी। इस मामले में पुलिस ने रेहड़ी लगाने वाले 3 लोगों को हिरासत में ले लिया है। वहीं मामले को लेकर अरगोड़ा थाने में ट्रैफिक पुलिस के चालक ने आवेदन दिया है। जानकारी के अनुसार देर शाम अरगोड़ा चौक पर ट्रैफिक पुलिस के चालक आशीष कुमार का एक अंडे वाले से विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि चालक आशीष अंडा खाने ठेले पर पहुंचे लेकिन अंडा ठंडा था जिसे लेकर उनका विवाद ठेले वाले से हो गया। विवाद इतना बढ़ गया की ट्रैफिक पुलिस के चालक की ठेले वाले ने पिटाई कर दी। वहीं घटना स्थल से कुछ दूरी पर ट्रैफिक पुलिस के जवान चेकिंग कर रहे थे। मारपीट की जानकारी मिलने के बाद वो घटना स्थल पर पहुंचे और चालक के साथ मारपीट करने वाले के साथ साथ उसके साथ जो लोग थे उनकी भी पिटाई कर दी। घटनास्थल पर पहुंचे अरगोड़ा पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर अरगोड़ा थाने ले आई। वहीं आशीष कुमार ने अरगोड़ा थाने में मामले को लेकर लिखित शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। वहीं हिरासत में लिए गए राजेश ने बताया की उसका भाई अंडा का ठेला लगाता है और वो थोड़ी ही दूरी पर चाउमिन का ठेला लगाता है। अंडे के ठंडे रहने पर के विवाद के बाद जब मारपीट हो रही थी तो वो मौके पर पहुंचे थे उस वक्त कई ट्रैफिक पुलिसकर्मी भी मौजूद थे। और उनकी भी पिटाई हुई थी। वहीं मारपीट के मामले में राजेश को भी उनके भाइयों के साथ हिरासत के ले लिया गया है हालांकि पूरे मामले में दोनो पक्ष अपनी अपनी बात कर रहे है लेकिन जरूरी है मामले के जांच हो ताकि सच्चाई सामने सके।

रांची में 4 फरवरी को आदिवासी एकता महारैली, बंधु तिर्की ने आरएसएस पर आदिवासी समाज को कमजोर करने का लगाया आरोप

राष्ट्रीय खबर

रांचीःजनजाति सुरक्षा मंच की ओर से 24 दिसंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित डीलिस्टिंग रैली ने राज्य की राजनीति में आदिवासी समुदाय को लेकर नेताओं के बीच खेमेबाजी तेज कर दी है। अब झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि राज्य में आदिवासी समुदाय के बीच एकता को कमजोर करने और गोडसे-गोलवरकर की विचारधारा को यहां थोपने की साजिश रची जा रही है। डीलिस्टिंग के नाम पर आरएसएस आदिवासी समुदाय को कमजोर करने की साजिश रच रही है। इसलिए 04 फरवरी 2024 को रांची के मोरहाबादी मैदान में झारखंड जनाधिकार मंच के बैनर तले होने वाली इस महारैली में गोडसे-गोलवरकर की विचारधारा थोपने की साजिश का पदार्फाश किया जाएगा। बंधु तिर्की ने कहा कि आज जनजाति सुरक्षा मंच पूर्व मंत्री कार्तिक उरांव की बात करता है। लेकिन उन्हें बताना चाहिए कि कार्तिक बाबा आदिवासी समुदाय की शिक्षा के लिए 70 से अधिक स्कूल चलाते थे, जिन्हें यूपीए सरकार तक अनुदान मिलता था, वह अनुदान किसने बंद किया? इसका उत्तर दिया जाना चाहिए। जो लोग जनसांख्यिकीय बदलाव की बात करते हैं, उन्हें बताना चाहिए कि रांची में कई जगहों पर जनसांख्यिकी क्यों बदल गयी है। उसके लिए कौन जिम्मेदार है ?पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि कड़िया मुंडा डीलिस्टिंग रैली में बड़ी-बड़ी बातें कर रहे थे, उन्हें बताना चाहिए कि वे कई बार सांसद, मंत्री, लोकसभा के उपाध्यक्ष रहे होंगे, लेकिन उन्होंने आदिवासियों के कल्याण के लिए क्या किया। बंधु तिर्की ने कहा कि दरअसल बीजेपी आदिवासियों को कमजोर करने के लिए ये सब कर रही है। आदिवासी समन्वय समिति के संयोजक लक्ष्मी नारायण मुंडा ने कहा कि आदिवासी समुदाय पर लगातार हमले हो रहे हैं। आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों के लिए चल रहे संघर्ष से ध्यान भटकाने की साजिश है, जिसके खिलाफ 04 फरवरी को महारैली आयोजित की जायेगी।

सम्मान समारोह का किया आयोजन

रांचीः देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर मां शारदे मंच के तत्वावधान में राष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भी आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ माया प्रसाद (साहित्यकार) उपस्थित थीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी अरुण शर्मा, समाजसेवी मुकेश कुमार, गो-सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद और भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती कुजूर उपस्थित थीं। सम्मान समारोह के दौरान अटल काव्य रत्न सम्मान, अटल समाज सेवा सम्मान, अटल शिक्षा रत्न सम्मान, अटल गो सेवा सम्मान, अटल सेवा सम्मान, अटल क्रीड़ा सम्मान, अटल पर्यावरण संरक्षण सम्मान, अटल कला सम्मान और अटल रक्तवीर सम्मान के अंतर्गत 36 लोगों को सम्मानित किया गया।

जे एन आई ओ टी समूह विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा का दे रहा है अवसर

रांचीः झारखंड में बच्चों के बेहतर भविष्य से संवारने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में समूह ने बेहतर पहल की है इसके तहत विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रमों के साथ शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आगे आए हैं। संस्थान के अध्यक्ष डॉक्टर राजेश गुप्ता ने बताया कि झारखंड के मेधावी विद्यार्थियों के विकास के लिए हमारे समूह कई स्वरूप में काम कर रही है। जहां उन्हें बेहतर गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान किया जा सकेगा। इस समूह से जुड़कर साधारण परिवार के लोग भी छात्रवृत्ति के साथ अपनी पूरी पढ़ाई कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि संस्थान विगत 22 वर्षों में देश के टॉप संस्था के रूप में शुमार हो चुका है। समूह के द्वारा इंजीनियरिंग प्रबंधन बैचलर्स का बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन बैचलर्स ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन मास्टर्स ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस मास्टर एंड टेक्नोलॉजी एएनएम बीएससी नर्सिंग बीएससी कंप्यूटर साइंस बैचलर कॉमर्स फामेर्सी पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट पीजीडीएम जैसे उच्च शिक्षा के कोर्स को समूह के द्वारा संचालन हो रहा है। संस्थान के सीईओ स्वदेश कुमार सिंह शाहिद संस्थान के कई बड़े अधिकारी शामिल रहे।

मुख्य सचिव का आदेश, 30 दिसंबर तक मुख्यालय ना छोड़ें सचिव

रांचीः झारखंड के मुख्य सचिव एल खयांग्ते ने सभी विभागों के सचिवों को 30 दिसंबर तक मुख्यालय नहीं छोड़ने का आदेश दिया है। दरअसल 29 दिसंबर को झारखंड सरकार का स्थापना दिवस है। इसके मद्देनजर मुख्य सचिव ने यह आदेश दिया हैं। वहीं दूसरी तरफ 27 से 29 दिसंबर तक दिल्ली में मुख्य सचिवों का तीसरा राष्ट्रीय सम्मेलन होने वाला है। जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस सम्मेलन में केंद्र सरकार के प्रतिनिधि, मुख्य सचिव और सभी राज्यों के 200 से ज्यादा अधिकारी शामिल होंगे।

सीएम आवास पर घेरा डालो डेरा डालो, मोरहाबादी मैदान में होगा सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा का जुटान, धारा 144 लागू

राष्ट्रीय खबर

रांचीःहेमंत सरकार अपने कार्यकाल के चार वर्ष पूरा होने के मौके पर अपनी उपलब्धियां गिनाने की तैयारी कर रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद 28 दिसंबर को मीडिया के साथ बातचीत करने वाले हैं। वहीं दूसरी ओर झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने 28 दिसंबर को मोहराबादी मैदान से रैली निकालकर मुख्यमंत्री आवास के सामने अनिश्चितकालीन घेरा डालो डेरा डालो की तैयारी की है।

झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के कार्यक्रम की जानकारी मिलने पर रांची जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। 29 दिसंबर को प्रस्तावित राजकीय समारोह में खलल ना पड़े, इसको देखते हुए जिला प्रशासन ने मोरहाबादी मैदान और मुख्यमंत्री आवास के 200 मीटर की परिधि में धारा 144 लगा दिया है।जिला प्रशासन को अंदेशा है कि घेराव-प्रदर्शन, जुलूस, रैली और दूसरे कार्यक्रमों से सरकारी काम-काज में बाधा आ सकती है। इसकी वजह से ट्रैफिक व्यवस्था भी प्रभावित हो सकती है। ऐसी स्थिति ना पैदा हो इसको ध्यान में रखते हुए रांची सदर के अनुमंडल दंडाधिकारी उत्कर्ष कुमार ने निषेधाज्ञा लगा दी है।

बिना सक्षम प्राधिकार के पूवार्नुमति के किसी प्रकार के धरना, प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली या आमसभा का आयोजन नहीं किया जा सकेगा। किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र, जैसे-बंदूक, राईफल, रिवाल्वर, पिस्टल, बम, बारूद लेकर निकलने पर पूरी तरह रोक रहेगी। किसी प्रकार के हरवे- हथियार जैसे-लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गडासा-भाला लेकर निकलने और चलने पर रोक रहेगी। बिना सक्षम प्राधिकार के पूवार्नुमति के किसी तरह के ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करने पर भी प्रतिबंध रहेगा। यह निषेधाज्ञा दिनांक-28.12.2023 के पूर्वाह्न 06.00 बजे से दिनांक 29.12.2023 के रात्रि 11.00 बजे तक के लिए लागू रहेगा।

आयोजन तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटे अधिकारी, सीएम के सचिव ने किया दौरा

हेमंत सरकार के 4 सालः मोरहाबादी मैदान में होगा भव्य कार्यक्रम

राष्ट्रीय खबर

रांचीः अपने कार्यकाल का चौथा साल पूरा होने के उपलक्ष्य में हेमंत सरकार राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में भव्य कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी में है। 27 दिसंबर को मोरहाबादी मैदान में होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने बुधवार को सीएम के सचिव विनय चौबे रांची डीसी राहुल सिन्हा के साथ कार्यक्रम स्थल पहुंचे। इस दौरान विनय चौबे ने कार्यक्रम के दौरान आने वाले आगंतुकों के बैठने और मंच की चल रही तैयारियों का जायजा लेते हुए जिला प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिये।सीएम के सचिव विनय चौबे ने राजधानी में लगाये जा रहे सरकार की उपलब्धियों से संबंधित होर्डिंग्स और लाइट की समुचित व्यवस्था पर चर्चा की। रांची डीसी राहुल सिन्हा ने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि 29 दिसंबर को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया जायेगा। इसमें प्रदेश भर से लाभार्थी यहां पहुंचेंगे। इसे ध्यान में रखते हुए सीएम के सचिव की ओर से कार्यक्रम स्थल पर यातायात व्यवस्था से लेकर विधि-व्यवस्था और प्रशासनिक तैयारियों को लेकर कई निर्देश दिये गये हैं।हेमंत सरकार के 4 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जहां सरकार अपनी उपलब्धियां गिनाएगी और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा। इस मौके पर फुटबॉल मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम और सरकार की उपलब्धियों से जुड़ी प्रदर्शनियां भी देखने को मिलेंगी। मोरहाबादी मैदान से लेकर राजधानी के विभिन्न चौक-चौराहों और सड़कों के किनारे सरकार की उपलब्धियों से संबंधित होर्डिंग लगाये जा रहे हैं। इस अवसर पर झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिये जायेंगे। चूंकि अगला साल इस सरकार के कार्यकाल का पांचवां और आखिरी साल होगा, इसलिए इस बार आयोजन को भव्य बनाने की कोशिश की गई है, जिसके जरिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कोई बड़ी घोषणा कर सकते हैं।